नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

वर्ष 09 अंक 171
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
31 मार्च 2024
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 'रोजगार क्रांति' लाएगी कांग्रेस : मल्लिकार्जुन खरगे | 06 चुनाव में चकल्लस सजाते हैं... | 12 प्रधानमंत्री रविवार को मेरठ में रैली को संबोधित कर चुनावी...



द्रौपदी मुर्मू ने नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया।

राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए मुर्मू से यह सम्मान उनके पुत्र पी वी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया।

चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार लिया। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने इस साल राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री एल के आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पी. वी. नरसिम्हा राव को भारतीय राजनीति के चाणक्य के रूप में जाना जाता है, जिनके प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में दूरगामी आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे थे। वह किसी दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। वह नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के ऐसे पहले कांग्रेस नेता थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के पद पर पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 1990 के दशक की शुरूआत में भारत को आर्थिक भंवर से निकाला।

अविभाजित आंध्र प्रदेश के करीमनगर जिले (अब तेलंगाना में) के वंगारा गांव में एक कृषक परिवार में 28 जून, 1921 को राव का जन्म हुआ था। उन्होंने उस्मानिया, मुंबई और नागपुर विश्वविद्यालयों में शिक्षा हासिल की, जहां से उन्होंने बीएससी और एलएलबी की उपाधि ली।

नेहरू-गांधी परिवार के विश्वस्त राव ने 1980 के दशक में अलग-अलग अवधि के दौरान केंद्र में महत्वपूर्ण गैर-आर्थिक विभाग--विदेश मंत्रालय, रक्षा और गृह मंत्रालय-संभाला था। उनका 23 दिसंबर 2004 को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री पद पर रहे। उनका 1987 में निधन हो गया। चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के वर्तमान हापुड़ जिले के नूरपुर में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में 1902 में हुआ था। 1929 में वह मेरठ चले गए और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गये।

कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि, राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की सेवा की एवं उनकी ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के रूप में हो गई थी, जो प्रशासन में अक्षमता, भाई-भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी चरण सिंह अपनी वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते हैं। चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी की अगुवाई वाली रालोद हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गयी।

कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा कि जो देश 1960 के दशक में अपने लोगों का भरण-पोषण करने के लिए अमेरिकी गेहूं पर निर्भर था वह 1971 में अनाज उत्पादन में आत्म-निर्भर घोषित कर दिया गया। स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में 28 सितंबर 2023 को निधन हो गया।

उन्होंने अमेरिकी कृषि विज्ञानी नॉर्मन बोरलॉग के साथ भारत और उपमहाद्वीप में चावल और गेहूं की उच्च उपज वाली आनुवंशिक किस्मों की खेती शुरू की। स्वामीनाथन को उनके काम के लिए 1987 में पहला विश्व खाद्य पुरस्कार दिया गया।

पादप अनुवाशिंकीविद के तौर पर स्वामीनाथन के अनुसंधान से खाद्य असुरक्षा की समस्या का समाधान हुआ और पैदावार बढ़ने से छोटे किसानों को अपनी आय बढ़ाने का मौका मिला। स्वामीनाथन ने अपना पूरा जीवन कृषि और किसानों की आय में सुधार को समर्पित कर दिया।

किसान-शक्ति को मिला भारत रत्न अलंकरण

भोला शंकर शर्मा, पूर्व सम्पादक 'असली भारत'

नयी दिल्ली। 30 मार्च 2024, राष्ट्रपति भवन का दरबार हाल, भारत की भव्यता और गरिमा का जीवंत प्रतीक, पर ठहरिये, मैं आपके सामने इस दृश्य को सांगोपांग रखूँ, इससे पूर्व यह जरूरी है कि आपको इसकी पृष्ठभूमि में ले चलूँ।

28 जुलाई 1978, राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल, यह वह दिन था जब सदियों से हाशिए पर रही इस देश की किसान शक्ति को आत्मसम्मान की अनुभूति हुई थी। तत्कालीन मेरठ जिले की हापुड़ तहसील के निकट बाबूगढ़ छावनी से 8 किलोमीटर पूरब में बसे गांव नूरपुर के सीमांत पर फूस व मिट्टी से बनी कच्ची मढ़ैया थीं। ऐसी ही एक मढ़ैया में रह रहे कर्मठ किसान चौधरी मीर सिंह की मढ़ैया में 23 दिसम्बर 1902 को एक उजास फैला। उनके यहां शिशु चरण सिंह का जन्म हुआ था।

कांसे की थाली की मधुर ध्वनि और गुड़ की भेली के टुकड़े बांट कर उन कच्ची मढ़ैयों में खुशी मनाई गई थी। उस दिन की यह खुशी नूरपुर की सीमाओं को लांघ कर देशभर के किसानों के दिल में, पूरे देश में छाने वाली थी। कच्ची मिट्टी की सौंधी गंध और गेहूँ-गन्ने की हरितिमा को अपने सीने में संजोये, जब यह बालक बड़ा हुआ, तो देश के अन्नदाता किसान की बदहाली और अपमानजनक स्थिति को देखकर इसके मन में एक आग पैदा हुई, जो आने वाले वक्त में कृषक-शक्ति के लिए किये जाने वाले संघर्ष हेतु ऊर्जा में बदल गई।

(शेष पृष्ठ 2 पर)



पेज 1 का शेष

किसान शक्ति को मिला भारत रत्न अलंकरण

मैं चरण सिंह नाम के इस शक्ति-पुंज की गाथा को आगे बढ़ाऊँ उससे पहले एक ऐसी घटना, जो पढ़ने वाले को चौंका देगी, आपके सम्मुख रखना चाहता हूँ। बात 1914 की है। देश आजाद भी नहीं हुआ था। बालक चरण सिंह उस समय मेरठ में बुढ़ाना गेट से तहसील की ओर जाने वाली सड़क पर बायीं ओर के पहले मकान में चल रहे मॉरल ट्रेनिंग स्कूल में रहते हुए विद्या अर्जन कर रहा था। वहीं पर एक दिन मुरादाबाद कोर्ट ऑफ वार्ड्स के मैनेजर पंडित हरनाम सिंह आये हुए थे।

पं0 हरनाम सिंह ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान के विशेषज्ञ थे।उन्होंने बालक चरण सिंह की प्रतिभा के बारे में सुनकर उसका हाथ देखा और भविष्यवाणी की कि यह बालक एक दिन देश का राजा बनेगा। इस भविष्यवाणी को सुनकर वहां मौजूद सब लोग खुश तो हुए किन्तु एक गुलाम मुल्क ,

जिसके आजाद होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे थे और जहां राजा होने के लिए अंग्रेज होना जरूरी था, वहां यह भविष्यवाणी सच होगी, इसे लेकर सब सशंकित थे। किन्तु वृथा न होहिं देव ऋषि वाणी और यहां भी यही हुआ। जीवन भर अपनी मेधा और ऊर्जा को किसान हितों में लगाता हुआ बालक चरण सिंह एक दिन इस देश का चौधरी बन गया - चौधरी चरण सिंह।

किसान हितों के लिए चौधरी चरण सिंह बड़ी से बड़ी शक्ति से जा टकराये - चाहे वह नेहरू जी हों या इंदिरा गांधी। नेहरू जी की भारी उद्योगोन्मुख नीतियों के बरक्स महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज पर आधारित चौधरी चरण सिंह की अर्थनीति को अर्थशास्त्रियों ने गुलाब बनाम गेहूँ के बीच संघर्ष की संज्ञा दी। जब 1977 में जनता पार्टी के गृहमंत्री के रूप में चौधरी साहब केन्द्र की राजनीति में दिल्ली आये तो देश के बुद्धिजीवियों ने इसे दिल्ली में देहात की बुलंद आवाज कहा।

1978 में जनता पार्टी की अन्तर्कलह के फलस्वरूप 28 जुलाई 1979 को किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जब देश के पहले किसान प्रधानमंत्री बने तब राष्ट्रपति भवन का अशोक हाल था, राष्ट्रपति थे नीलम संजीव रेड्डी। देश का किसान हर्षोन्म×ा हो उठा था और दिल्ली के बोट क्लब पर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों में देहात से आये किसानों ने गुड़ बांटा था। और आज....... आज फिर एक ऐसा अवसर आया, जब इस देश की किसान-शक्ति एक आदिवासी महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित हुई।

30 मार्च 2024, दिन के दस बजे का समय, केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों, सम्मानित अतिथियों की राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में उपस्थिति। चौधरी साहब के पौत्र श्री जयन्त चौधरी, जिन्हें यह अलंकरण प्राप्त करना था, विनम्रता की प्रतिमूर्ति बने विशिष्ट अतिथियों से शिष्टाचार भेंट कर रहे थे।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को थोड़ी ही देर में भारत रत्न अलंकरण प्रदान किया जाना था। प्रधानमंत्री जी और महामहिम राष्ट्रपति की सभी को प्रतीक्षा थी।

इसी अंतराल में मैं एक बार पुनः 1978 के दौर में जा पहुंचा। चौधरी चरण सिंह भारत के गृहमंत्री थे। वह नवम्बर के महीने में नूरपर के दौरे पर गये थे। रास्ता वही कच्चा, पगडंडी वाला।

साथ चल रहे एक दक्षिण भारतीय सांसद ने कहा, चौधरी साहब, आप देश के गृहमंत्री हैं और आपके गांव की सड़क आज भी कच्ची है ? चौधरी साहब ने उत्तर दिया, भाई मैं भारत का गृहमंत्री हूँ, नूरपुर का नहीं। देश के अन्य गांवों तक जब पक्की सड़क बन जायेगी तो नूरपुर की सड़क भी पक्की हो जायेगी।

एक और दृश्यः 12 तुगलक रोड, प्रधानमंत्री आवास। चौधरी साहब के कक्ष में लंदन टेलिग्राफ का रिपोर्टर, जिसे बहुत मुश्किल से असली भारत के प्रधान सम्पादक अजय सिंह जी ने समय दिलवाया था, संवाददाता ने सवाल पूछा, प्रधानमंत्री जी आपकी पसंदीदा सुगन्धी (Perfume) कौन सी है ? चौधरी साहब का उत्तर था, देहात के इलाके में पहली बारिस के बाद कच्ची मिट्टी से निकलने वाली गंध मेरी प्रिय सुगंधी है।

ऐसा किरदार था चौधरी चरण सिंह का। जो शख्स अपने देश के देहात की मिट्टी से ऐसा प्यार करता था, आज जब उसी दिवंगत प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न अलंकरण मिलने जा रहा था, तो मुझे लग रहा था कि दरबार हॉल में कच्ची मिट्टी की भीनी-भीनी गंध तैर रही है और मुझे दूर-दूर तक झूमती-लहराती गेहूँ-सरसों की बालियां नजर आ रही थीं। मुझे लगा बौराई पुरवा के झोंकों से आम-पीपल के पत्ते टकरा कर तड़-तड़ की ध्वनि कर रहे थे। तभी मेरी तंद्रा टूटी। दरबार हाल तालियों की तड़तड़ाहट से गूंज रहा था। महामहिम राष्ट्रपति दरबार हॉल में प्रवेश कर रही थीं- एक किसान प्रधानमंत्री, जो इस देश के गरीबों, किसानों, वंचितों की प्राण-शक्ति था, को सम्मानित किया जा रहा था, देश की माटी को लहलहाती फसलों को, जेठ-बैसाख की दोपहरी में किसान के बहते पसीने को सम्मानित किया जा रहा था। धरा पुत्र चौधरी चरण सिंह का भारत रत्न अलंकरण उनके सांसद पौत्र जयन्त चौधरी प्राप्त कर रहे थे।

महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर विभाग नेआईसीआरपी -2024 तीसरे अंतरराष्ट्रीय दो दिवसीयसम्मेलन की मेजबानी

विषयःआईसीआरपी -2024 नवीनीकरण ऊर्जा का भविष्यचित्रण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएआईटी) एक महत्वपूर्ण अवसर का गवाह बना, जब नवीकरणीय ऊर्जा (आईसीआरपी-2024) पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय सम्मेलन सम्मेलन की मेजबानी की, जो मार्च,28-29, 2024 को रोहिणी स्थित कैंपस में आयोजित हुआ ।दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य भविष्य की नवीनीकरण ऊर्जा के स्त्रोतों का भविष्य चित्रणदुनिया भर से प्रसिद्ध विद्वानों औरविशेषज्ञों को एक साथ लाना और एक साथ मिलकर करनाक्आईसीआरपी-2024 नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर्दृष्टि, अनुभवों और अनुसंधान निष्कर्षों को एकत्रित करने और आदान-प्रदान करने के लिए अकादमिक, उद्योग और अनुसंधान समुदायों के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है। इस वर्ष के सम्मेलन ने एक हाइब्रिड मोड अपनाया, जिसमें दुनिया भर से विविध प्रतिभागियों को शामिल करने के लिए और सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आभासी भागीदारी के साथ भौतिक उपस्थिति का मिश्रण किया गया। सम्मेलन की शुरूआत की प्रोफेसर प्रवीणचंद्रा,प्रोफेसरयूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन, कम्युनिकेशन एंड टेक्नोलॉजी, जीजीएस इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्लीके साथ केप्रोफेसर एस.एस. देसवाल,डीन एकेडमिक्स,प्रोफेसर सचिन गुप्ता,डीन रिसर्च एंड इनोवेशन, और डॉ. मोनिका गुप्ता,एचओडी ईईई, एमएआईटी सहित प्रेरणादायक हस्ति सम्माननीय अतिथियों ने उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई।

आईसीआरपी-2024सम्मेलन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, 285 शोध पत्र समीक्षा के लिए प्रस्तुत किए गए। अनुशासन में अनुसंधान योगदान की गहराई और चौड़ाई का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सौ लेखों को कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद स्प्रिंगर नेचर की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में व्याख्यान नोट्स की पुस्तक श्रृंखला में प्रकाशन के लिए चुना गया था। सम्मेलन के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा में विशिष्ट विषयों को कवर करने वाले दस अलग-अलग ट्रैक पेश किए गए, जिनमें ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियां, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग, परिवहन का विद्युतीकरण और बहुत कुछ शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम विद्वानों को कुछ क्षेत्रों का पता लगाने और अंतर-अनुशासनात्मक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संपूर्ण रूपरेखा प्रदान करते हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक समाधानों की तत्काल आवश्यकता से परिभाषित युग में, आईसीआरपी-2024समाज और वैश्विक समुदाय की बेहतरी के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में वैश्विक समुदाय के समर्पण और सरलता के प्रमाण के रूप में खड़ा है। जैसे ही प्रतिनिधि नई प्रेरणा और सहयोग के अवसरों के साथ रवाना हुए, सम्मेलन के तरंग प्रभाव आने वाले वर्षों के लिए नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान और अनुप्रयोग के प्रक्षेप पथ को आकार देने के लिए तैयार हैं। आईसीआरपी-2024 जैसे सम्मेलनके माध्यम से नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीकी अटूट प्रतिबद्धता नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। सम्मेलन के प्रत्येक संस्करण के साथ, हरित, अधिक लचीले भविष्य की दिशा में गति बढ़ती है, जो दूरदर्शी और विचारशील नेताओं के सामूहिक प्रयासों से प्रेरित होती है, जो स्थायी ऊर्जा समाधानों की खोज में एकजुट होते हैं।

नन्हें भैया - श्री अरविन्द कुमारजी अग्रवाल नहीं रहे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

काशी अग्रवाल समाज की समृद्ध वैश्य परंपरा मे बाबू बृजपालदासजी का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। न केवल अपने समाज केलिए अपितु काशी की श्री समृद्धि एवं सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन में उनका अपूर्व योगदान रहा है।अपनी संभ्रांत छवि के साथ मेयर के रूप में उन्होंने काशी के गौरव को समृद्ध बनाने का कार्य किया है। उनकी उस पावन परंपरा को आगे बढाने और उसे नए युग के अनुरूप दिशा देने में उनके यशस्वी पुत्र श्री अरविन्द कुमारजी ने जो कार्य किया वह उनके सहृदय सात्विक व्यक्तित्व और औदर्य मन मानस के ताने बाने से बुना गया भव्य प्रकल्प है। उन्होंने काशी की लोक संस्कृति और परंपरा के संवाहक की भूमिका मे रहकर लोकहित के अनेकों कार्यों का संपादन किया और अग्रवाल समाज के संरक्षक - अध्यक्ष के रूप में समाज के संवर्धन, उन्नयन और विकास मे अग्रणी भूमिका निभाई ।आजभी अग्रवाल समाज केलिए किए गए उनके अमूल्य अवदान का ग्राफ सर्वोपरि है। वृंदावन के गोस्वामी परिवार के उनके गुरु घराने के व्याज से मेरा सम्बंध अरविंदजी के परिवार से रहा है। यहाँ मै अरविंदजी की उदार सदाशयता की वह चर्चा कर रहा हू जिसकेलिए आज भी मै अपने को उनका ऋणी मानता हूँ । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वर्ष २०१५- १६ की बात है। उस समय के तत्कालीन कुलाधिपति न्यायमूर्ति श्री गिरधर मालवीयजी एक सड़क दुर्घटना मे घायल होकर विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती थे।मैं उनसे मिलने गया तो कुशल क्षेम के उपरांत उन्होंने मुझसे अयाचित ही सशर्त एक प्रस्ताव रखा और आदेश दिया कि मैं इसे पूरा करूँ। उनका विचार था कि विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष के अवसर पर मालवीय भवन में महामना की स्मृति में श्रीमद्भागवत महा पुराण की दिव्य कथा का आयोजन शताब्दी वर्ष के अनुरूप समारोह पूर्वक सम्पन्न हो।

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन पर 31 मार्च से 6 अप्रैल तक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नोएडा अग्रवाल मित्र मंडल एवं श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति के द्वारा 31 मार्च 2024 से 6 अप्रैल 2024 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन पर होना निश्चित हुआ है !

आज अग्रवाल मित्र मंडल एवं श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति की तरफ से महाराजा अग्रसेन भवन पर बैठक बुलाई गई !

इस बैठक में 31 मार्च 2024 दिन रविवार को होने वाली कलश यात्रा के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई अनिल गुप्ता ने बताया की 501 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर बी 10 सेक्टर 34 से प्रातः 9:00 बजे चलकर कथा स्थल महाराज अग्रसेन भवन पर दोपहर 11:00 बजे पहुंचेगी कलश यात्रा के दौरान भिन्न भिन्न स्थानों पर स्वागत और जलपान के व्यवस्था रहेगी आचार्य डॉक्टर रामजीलाल शास्त्री बरसाना वाले के द्वारा यात्रा के पश्चात कथा के महत्व की चर्चा होगी इस बैठक मैं उपस्थित

संजय गोयल, अनिल गुप्ता, विपिन अग्रवाल , मनोज अग्रवाल ,चंद्र किशोर खंडेलवाल, अनिल गोयल ,आरके गौतम, नवीन गुप्ता ,प्रदीप माथुर , अनिल शर्मा ,प्रकाश उपाध्याय , शालू गोयल , श्रीमती शर्मा ,शशि श्रीवास्तव, रानी, अनीता मेहता एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे !

भाजपा झुग्गी वासियों को नमक वाली भूमि पर स्थानांतरित करने की योजना बना रही है : आदित्य ठाकरे

मुंबई (भाषा) शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुंबई से झुग्गियों को जबरन हटाने और उनमें रहने वाले लोगों को नमक से अटी पड़ी (साल्ट पैन लैंड) तटीय भूमि पर स्थानांतरित करने की योजना बनाने का आरोप लगाया।

ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मुंबई (उत्तर) लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणियों पर निशाना साधा।

एक मीडिया हाउस को दिये साक्षात्कार में गोयल ने कहा था कि अगर वह निर्वाचित होते हैं, तो वह एक ऐसी परियोजना पर काम करेंगे, जो इस निर्वाचन क्षेत्र को पूरी तरह से स्वच्छ कर देगी। इस क्षेत्र में मलाड, कांदिवली और बोरीवली जैसे उत्तरी उपनगर शामिल हैं। गोयल ने झुग्गी-झोपड़ियों के पुनर्वास के लिए मुंबई में नमक से आच्छादित भूमि को पुनर्वितरित करने के विचार का स्वागत किया था। ठाकरे ने कहा, यह एक बहुत ही खतरनाक योजना है। जो लोग झुग्गियों में रहते हैं, उनकी आजीविका वहीं के आसपास चलती है। हम उन्हें (भाजपा को) झुग्गियों को ऐसे क्षेत्र में स्थानांतरित करने की उनकी योजना पर आगे नहीं बढ़ने देंगे। महाविकास आघाडी शासन में मंत्री रहे ठाकरे ने आरोप लगाया, 'भाजपा की नीति गरीबी को खत्म करने की नहीं, बल्कि गरीब लोगों को मिटाने की है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की चाल अपने दोस्तों को सारे ह्यनमक क्षेत्रह्ल देने की है और धारावी पुनर्विकास परियोजना का जिक्र किया, जिसके तहत उत्तर-पूर्वी मुंबई में ह्यनमक क्षेत्र की कुछ भूमि पर कुछ निवासियों को बसाने का प्रस्ताव है। ठाकरे ने कहा कि स्थानांतरण पर फैसला मुंबई के लोग करेंगे, केंद्र नहीं। उन्होंने कहा कि जब एमवीए सरकार ने मेट्रो रेल कार शेड परियोजना के लिए संबंधित जमीन (साल्ट पैन लैंड) मांगी थी, तो केंद्र ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि भाजपा का एजेंडा गरीबों को नमक से अटी पड़ी भूमि पर बसाना है।

उन्होंने पूछा कि जब झुग्गीवासियों को उसी स्थान पर पुनर्वास करने की नीति है, तो उन्हें मुंबई में साल्ट पैन लैंड भूमि पर स्थानांतरित करने की क्या आवश्यकता है। गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा की चाल गरीबी नहीं, बल्कि गरीब लोगों को हटाना है।

मथुरा- कांग्रेस पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी होंगे बॉक्सर चौधरी विजेंद्र सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मथुरा इंडिया गठबंधन में मथुरा लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में आई है। यहां से कांग्रेस ने बॉक्सर विजेंद्र सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। विजेंद्र सिंह ने पिछली बार दिल्ली से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया की बॉक्सर चौधरी विजेंद्र सिंह लोकसभा के लिए होंगे प्रत्याशी विजेंद्र सिंह बेनीवाल जाट है।

होली के भजनों पर झूम उठे वार्ष्णेय समाज के लोग

समाज में ऐसे कार्यक्रमों से समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ता हैः कमल किशोर वार्ष्णेय

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

श्री अक्रूर रथ यात्रा महोत्सव ट्रस्ट रजिस्टर मथुरा द्वारा आयोजित एक होली मिलन समारोह का आयोजन अग्र वाटिका मसानी लिंक रोड पर आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अक्रूर गोपीनाथ फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्था के संस्थापक संरक्षक प्रमुख उद्योगपति श्री कमल किशोर वार्ष्णेय एवं संस्था अध्यक्ष रियल एस्टेट कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता एवं संस्था के संरक्षक संस्थापक रियल एस्टेट कारोबारी अमित वार्ष्णेय एवं राजू गुप्ता चावल वाले एवं डॉक्टर पुनीत वार्ष्णेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ विधिवित रूप से किया तत्पश्चात छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा गणेश वंदना एवं अन्य संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वहीं दूसरी ओर भजन मंडली द्वारा बांके बिहारी लाल की छवि एवं राधा कृष्ण की फूलों की होली के साथ लठमार होली का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान वार्ष्णेय समाज की उभरते हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें बिसौली के अनमोल वार्ष्णेय पुत्र नीरज कुमार वार्ष्णेय साईं राम को बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल मिलने पर पुरस्कृत किया गया वहीं दूसरी ओर शिवांगी पुत्री डॉ नवीन वार्ष्णेय आगरा विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल मिलने पर पुरस्कृत किया गया।

संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता एवं महामंत्री ऋषि कुमार गुप्ता द्वारा आए हुए अतिथियों का पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश चन्द्र गुप्ता, श्री पी सी गुप्त वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी डायरेक्टर इन्टरनेशनल काउन्सिल आफ ज्यूरिसट लंदन, सुशील वार्ष्णेय, भगवान दास वार्ष्णेय ,नरेंद्र वार्ष्णेय ,हिमांशु वार्ष्णेय डॉक्टर कपिलेश मोहन वार्ष्णेय, जयनारायण वार्ष्णेय एडवोकेट, किशोर वार्ष्णेय, राजेंद्र प्रसाद बाथ कलेक्शन,विशाल गुप्ता ,नीरज वार्ष्णेय वृंदावन, सीए विवेक वार्ष्णेय ,लोकेश वार्ष्णेय, दशरथ वार्ष्णेय ,लवेश वार्ष्णेय, बृजेश गुप्ता बंटी ,सुजीत वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय , मीना गुप्ता, आदि सैकड़ो की संख्या में वार्ष्णेय समाज के लोग मौजूद थे।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि संविधान की रक्षा करने के लिए है: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि यहां रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की ''लोकतंत्र बचाओ रैली'' का उद्देश्य किसी व्यक्ति की रक्षा करना नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रविवार को आयोजित होने वाली रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को एक ''कड़ा संदेश'' दिया जाएगा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार का ''समय पूरा हो गया है।''

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। रमेश ने कहा, ''यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें करीब 27-28 पार्टियां शामिल हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक इस रैली में हिस्सा लेंगे।'' रमेश की यह टिप्पणी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता इस रैली को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में आयोजित रैली के रूप में पेश कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने 17 मार्च को मुंबई में अपना लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका था और यह रैली उसका दूसरा चुनावी बिगुल होगी। उन्होंने कहा कि इससे गठबंधन के बीच एकजुटता और एकता का संदेश भी जाएगा।

रमेश ने कहा कि रैली में विपक्षी नेता बढ़ती कीमतें, 45 साल में सर्वाधिक बेरोजगारी दर, आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और किसानों के खिलाफ अन्याय के मुद्दे उठाएंगे। उन्होंने कहा कि एक और प्रमुख मुद्दा जो उठाया जाएगा वह है ''केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग'' के माध्यम से विपक्ष को निशाना बनाना।

रमेश ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने के प्रयास में दो मुख्यमंत्रियों और कई मंत्रियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि प्रधानमंत्री विपक्षी दलों को राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहते हैं।''

पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड के माध्यम से ''जबरन वसूली'' और कांग्रेस को 'कर आतंकवाद' (टैक्स टेररिज्म) से निशाना बनाए जाने के मुद्दे भी रैली में उठाए जाएंगे। उन्होंने ब्योरा दिए बिना कहा, 'हमें शुक्रवार को आयकर विभाग के दो और नोटिस मिले।' रमेश ने कहा कि रैली का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य संविधान की रक्षा करना है, जो उनके अनुसार खतरे में है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कह रहे हैं कि वे इसे फिर से लिखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''रैली किसी एक व्यक्ति की रक्षा के लिए नहीं बल्कि संविधान की रक्षा के लिए है।''

रमेश ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के डेरेक ओ'ब्रायन समेत अन्य लोग रैली में हिस्सा लेंगे। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली और कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र पर खतरों के विरोध में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

'आप' नेताओं ने घर घर जाकर लोगों को 31 मार्च की महारैली के लिए आमंत्रित किया

नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने शुक्रवार को 31 मार्च को होने वाली पार्टी की महारैली के लिए घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रित किया और साथ ही जेल में बंद अपने नेता अरविंद केजरीवाल के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से कैंडल मार्च की अगुवाई की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। 'आप' के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ मध्य दिल्ली के रेगरपुरा और करोल बाग इलाके में लोगों से मुलाकात की और उनसे रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान राय ने कहा कि जिस दिन से केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली के लोकप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है, उसी दिन से जनता गुस्से में हैं। उन्होंने कहा, ''आज हम घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं और लोगों से रामलीला मैदान में आने और लोकतंत्र व तानाशाही के खिलाफ शांतिपूर्वक आवाज उठाने का आग्रह कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी प्रमुख नेता रैली में भाग लेंगे। पार्टी नेता विशेष रवि ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। 'आप' विधायक सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि दिल्ली कैंट इलाके में पुलिस ने उन्हें और उनके साथी विधायक वीरेंद्र कादियान को महारैली के लिए लोगों को आमंत्रित करने से रोक दिया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने धारा 144 का हवाला दिया, लेकिन कोई आदेश नहीं दिखाया गया। भारती ने कहा, ''भाजपा क्या चाहती है? पहले आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल में डालो और फिर उनके उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार करने से रोको।''

ईडी ने प्रतिबंधित पीएफआई के तीन सदस्यों को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि तीनों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों पर पीएफआई कैडर को हथियारों का प्रशिक्षण देने और इसके लिए प्रतिबंधित संगठन से धनराशि लेने का आरोप लगाया है। पीएफआई को आतंकवादी गतिविधियों से कथित संबंधों को लेकर सितंबर 2022 में केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। पीएफआई की स्थापना केरल में 2006 में की गयी थी। इसका मुख्यालय दिल्ली में था।

'रोजगार क्रांति' लाएगी कांग्रेस : मल्लिकार्जुन

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम बनाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाकर 'रोजगार क्रांति' की शुरुआत करेगी।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय से उज्ज्वल हो जाएगा। उन्होंने 'युवा न्याय' की गारंटी दोहरायी, जिसे पार्टी ने सत्ता में आने पर लागू करने का वादा किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कांग्रेस पार्टी युवा न्याय गारंटी के माध्यम से 'रोजगार क्रांति' लाएगी। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम करने और हमारे युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।₹

खरगे ने अपनी पार्टी द्वारा 'युवा न्याय' के तहत दी गई गारंटी को सूचीबद्ध किया।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि 'भारती भरोसा' गारंटी के तहत, उनकी पार्टी एक रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार की 30 लाख नयी नौकरियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि 'पहली नौकरी पक्की' के तहत पार्टी सभी शिक्षित युवाओं को प्रति वर्ष 1 लाख रुपये पर एक वर्ष की प्रशिक्षुता का अधिकार (राइट टू एप्रेंटिसशिप) प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि 'पेपर लीक से मुक्ति' गारंटी के तहत पार्टी सभी पेपर लीक को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए एक कानून लाएगी। खरगे ने बताया कि पार्टी ने 'गिग वर्कर्स' के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और सामाजिक सुरक्षा तथा युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपये के 'स्टार्टअप कोष' का भी वादा किया है।

अस्थायी कर्मचारियों या ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को 'गिग वर्कर' कहा जाता है।

कांग्रेस ने अपना लोकसभा चुनाव पांच न्याय - नारी न्याय, युवा न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय और हिस्सेदारी न्याय - के तहत 25 गारंटी पर केंद्रित रखा है। उसने सत्ता में आने पर इन्हें तुरंत लागू करने का वादा किया है।

आप ने आबकारी नीति घोटाले के गवाह और भाजपा के बीच संबंध का आरोप लगाया

नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कथित आबकारी नीति घोटाले के एक गवाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच संबंध होने का आरोप लगाया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इसकी जांच कराने की चुनौती दी।

आप के वरिष्ठ नेताओं- दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को भाजपा की सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को आबकारी नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

आतिशी ने कहा, 'मैं ईडी को चुनौती देती हूं कि अगर यह एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है कि वह इस 'कनेक्शन' (संबंध) को रिकॉर्ड में लाए और इसकी जांच करे।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का शराब व्यापारियों की तथाकथित 'साउथ लॉबी' से संबंध है।

आप के आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

आप नेताओं ने दावा किया कि केजरीवाल को चार बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था जिनमें मगुंटा का बयान भी शामिल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। आतिशी ने आरोप लगाया, ''इससे पहले, आबकारी नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ एक और गवाह सरत रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भाजपा को 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया था, जो साबित करता है कि पार्टी का 'साउथ लॉबी' से संबंध है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी ने गवाहों को तब तक ''प्रताड़ित'' किया जब तक कि उनसे केजरीवाल के खिलाफ बयान नहीं मिल गए। आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से पूछताछ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''वे मुझे, भारद्वाज और अन्य आप नेताओं को बुला सकते हैं और हमें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन हम जेल जाने से नहीं डरते।'' उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी देश में ''लोकतंत्र पर हमला'' है और पूरे ''इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन ने इसका विरोध किया है।

पर्यावरण पर वैश्विक चर्चा स्थानीय स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों से समर्थित नहीं: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर नरेन्द्र मोदी सरकार की 'विफलताओं' को शनिवार को सूचीबद्ध किया और दावा किया कि इसकी 'वैश्विक चर्चा स्थानीय स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों से समर्थित नहीं है'। इसने कहा कि जब 'इंडिया' गठबंधन ''जून में सत्ता संभालेगा'' तो वर्तमान शासन के प्रतिगामी कदमों को वापस लिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल न केवल भारत के लोगों और लोकतंत्र के लिए, बल्कि पर्यावरण और उस पर निर्भर रहने वालों के लिए विनाशकारी रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री, जिन्होंने कहा था कि 'जलवायु नहीं बदल रही है, हम बदल रहे हैं' ने भारत में पर्यावरण के लिए संरक्षण को व्यवस्थित रूप से नष्ट कर दिया है।

आबकारी नीति मामला में दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ईडी के सामने पेश हुए

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता कैलाश गहलोत दिल्ली की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गहलोत (49) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं।

कैलाश गहलोत को सुबह करीब साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। सूत्रों ने कहा कि गहलोत को मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ की जा सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए नई शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ मंत्रियों के समूह का हिस्सा थे।

ईडी ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति के तहत ''साउथ ग्रुप'' ने शराब कारोबार के लाइसेंस के एवज में आप और उसके नेताओं को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। 'साउथ ग्रुप' में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता शामिल थीं। ईडी ने अपने आरोपपत्र में यह भी आरोप लगाया है कि गहलोत के पास एक ही सिम नंबर था लेकिन उनकी आईएमईआई (अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान) तीन बार बदली गई।

एजेंसी ने अपने आरोप पत्र में गहलोत के नाम का उल्लेख किया है और मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आप संचार प्रभारी विजय नायर के संदर्भ में कहा है कि नायर गहलोत को आवंटित सरकारी बंगले में रहते थे। गहलोत दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में रहते हैं।

किसी लोक सेवक द्वारा किसी अन्य को सरकारी आवास का उपयोग करने की अनुमति दिए जाने को आपराधिक विश्वासघात बताते हुए ईडी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इस मामले में कार्रवाई करने को कहा था।

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से जुड़ा है। दिल्ली सरकार की विवादित आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शराब नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके बाद ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को ईडी ने पहले गिरफ्तार किया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं।

मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बृहस्पतिवार को एक अदालत ने ईडी की उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी।

कई पर्यावरणीय समूहों ने की हिमालयों में विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर प्रतिबंध की मांग

नयी दिल्ली, (भाषा) देश में 60 से अधिक पर्यावरण और सामाजिक संगठनों ने हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं और चार-लेन के राजमार्ग से जुड़ी सभी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की और सभी विकास परियोजनाओं के लिए जनमत संग्रह तथा जनता से विचार-विमर्श को अनिवार्य बनाने का अनुरोध किया है।

'पीपुल फॉर हिमालय' अभियान का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे संगठनों ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन के दौरान लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों के लिए पांच सूत्री मांग रखी। उन्होंने मौजूदा परियोजनाओं के असर की व्यापक बहुविषयक समीक्षा के साथ रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं, सुरंग, ट्रांसमिशन लाइन और चार-लेन के राजमार्ग समेत सभी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। इन संगठनों ने मांग की कि जनमत संग्रह और जनता से विचार-विमर्श के जरिए लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय निर्धारण को बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अनिवार्य बनाया जाए। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा, ''उद्योगपति हिमालय की चोटियों का दोहन करते हैं जबकि स्थानीय लोग आपदाओं का दंश झेलते हैं। सरकार ने पुनर्वास प्रयासों के लिए करदाताओं के धन का इस्तेमाल किया है लेकिन जो लाभ उठाते हैं उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता है।'' वांगचुक ने संविधान की छठी अनुसूची में लद्दाख को शामिल किए जाने की मांग को लेकर हाल में 21 दिन का अनशन किया था।

'नॉर्थईस्ट डायलॉग फोरम' के मोहन सैकिया ने ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसके बेसिन पर प्रस्तावित बड़ी पनबिजली विकास परियोजनाओं के गंभीर पारिस्थितिकी असर को लेकर आगाह किया।

पर्वतीय महिला अधिकार मंच, हिमाचल प्रदेश की विमला विश्वप्रेमी ने कहा कि चरवाहे, भूमिहीन दलित और महिलाएं इन नीतिगत आपदाओं और जलवायु संकट में सबसे कम योगदान देते हैं जबकि वे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र समिति बनाई, राजनाथ होंगे अध्यक्ष

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है।

समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ पी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं।

भाजपा ने पिछले माह ही लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में 'रथ' भी रवाना किए थे।

भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की 'योजना' पर भी आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

भारतीय नौसेना ने बंधक बनाए ईरानी पोत और 23 पाकिस्तानियों को छुड़ाया

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय नौसेना ने ''बंधक'' बनाए गए मछली पकड़ने वाले ईरानी पोत और उसके चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों के खिलाफ 12 घंटे से अधिक चले अभियान के बाद छुड़ा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नौसेना के प्रवक्ता की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीमें मछली पकड़ने वाले पोत की गहन जांच कर रही हैं ताकि मछली पकड़ने के काम को फिर से शुरू करने के लिए उसे सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया जा सके। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार देर शाम कहा था कि वह अगवा किए गए मछली पकड़ने वाले पोत को बचाने के लिए एक अभियान में लगी है जिस पर कथित तौर पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकू और उसके चालक दल सवार हो गए हैं। नौसेना ने कहा कि जहाज को बृहस्पतिवार को रोक लिया गया। इसमें कहा गया, ''आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार तड़के एफवी 'अल कंबर' को रोका और बाद में आईएनएस त्रिशूल भी इसमें शामिल हो गया...।''

प्रियंका गांधी ने 'बढ़ते कर्ज' को लेकर सरकार पर साधा निशाना

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की, 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक उधार लेने के उसके प्रस्ताव को लेकर शनिवार को आलोचना की और सवाल किया कि सरकार राहत देने के बजाय ₹लोगों को कर्ज के बोझ तले क्यों दबा रही है₹ जबकि उन पर पहले से ही 'बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का बोझ' बढ़ता जा रहा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने अपने बजट भाषण में, एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्तीय वर्ष में राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए दिनांकित प्रतिभूतियां जारी करके बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव रखा था।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वित्त मंत्रालय का कहना है कि भारत सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेने जा रही है। क्यों?''

हिंदी में किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक, 67 सालों में देश पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ था। पिछले 10 वर्ष में अकेले मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया। इनकी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख रुपये का औसत कर्ज बनता है। यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा?'' उन्होंने लिखा, ''क्या बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा हुईं या नौकरियां गायब हो गईं? क्या किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई? क्या स्कूल और अस्पताल चमक उठे? पब्लिक सेक्टर (सार्वजनिक क्षेत्र) मजबूत हुआ या कमजोर कर दिया गया? क्या बड़ी-बड़ी फ़ैक्ट्रियां और उद्योग लगाये गये? अगर ऐसा नहीं हुआ, अगर अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर्स में बदहाली देखी जा रही है, अगर श्रम शक्ति में गिरावट आई है, अगर छोटे-मध्यम कारोबार तबाह कर दिए गए - तो आखिर यह पैसा गया कहां? किसके ऊपर खर्च हुआ? इसमें से कितना पैसा बट्टेखाते में गया? बड़े-बड़े खरबपतियों की कर्जमाफी में कितना पैसा गया?''

प्रियंका ने पोस्ट में लिखा, ''अब सरकार नया कर्ज लेने की तैयारी कर रही है तो सवाल उठता है कि पिछले 10 साल से आम जनता को राहत मिलने की बजाय जब बेरोजगारी, महंगाई आर्थिक तंगी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है तो भला भाजपा सरकार जनता को कर्ज में क्यों डुबो रही है?''

प्रधानमंत्री ने श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महान श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के वह पुरोधा रहे और अदम्य भावना व स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।'' उन्होंने कहा, ''उनके द्वारा स्थापित इंडिया हाउस ने विदेशों में स्वतंत्रता संग्राम के लिए अलख जगाने का काम किया। जैसा कि हम उनके योगदान को याद करते हैं, आइए हम उन आदर्शों को बनाए रखने का भी संकल्प लें जिनके लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी।' चार अक्टूबर, 1857 को गुजरात के मांडवी में जन्मे वर्मा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लंदन में इंडियन होम रूल सोसायटी, इंडिया हाउस और द इंडियन सोशलॉजिस्ट की स्थापना की थी।

ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में शिकायत दर्ज करायी थी।

आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी को नामजद किया गया है जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं।

ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए एक ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन भेजा था लेकिन वह उसके समक्ष पेश नहीं हुए थे।

ईडी ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक अन्य मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

उसने फरवरी की जांच के सिलसिले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, 'आप' के राज्यसभा सदस्य तथा कोषाध्यक्ष एन डी गुप्ता, पूर्व डीजेबी सदस्य शलभ कुमार, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज मंगल और कुछ अन्य के परिसरों की तलाशी ली थी। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता मानदंड पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेके में अनियमितताओं का आरोप है।

इस मामले में ईडी ने 31 जनवरी को अरोड़ा और अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

जांच एजेंसी ने दावा किया कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने ₹जाली₹ दस्तावेज जमा कर ठेका हासिल किया और अरोड़ा को इस तथ्य की जानकारी थी कि कंपनी तकनीकी पात्रता पूरी नहीं करती है।

दो दिन और मिला मार्च माह का राशन

नेटवर्क की वजह से बड़ी थी दो दिन की तिथि

नेशनल एक्सप्रेस शावेज अली

रामपुर/शाहबाद। शाहबाद। कमतौल एवं कालाबजारी को रोकने के लिए सरकार ने ई पाश मशीनों द्वारा शुरू की गई राशन वितरण की योजना नेटवर्क की वजह से तेज गति से नहीं चल पाई जिस कारण अधिकांश कार्ड धारक राशन लेने से वंचित रह गए। जिसको देखते हुए सरकार ने राशन वितरण का समय दो दिन के लिए और बढ़ा दिया।

अब राशन दो दिन और राशन बंटा ताकि कोई भी कार्ड धारक राशन लेने से वंचित न रह जाए। ई-पाश मशीन से राशन वितरण का कार्य इसी माह से ही प्रारंभ हुआ है।

इस नई तकनीक से कार्ड के यूनिट के अनुसार कार्ड धारकों को पूरा राशन मिलेगा और एसएमएस द्वारा भी राशन वितरण की सूचना प्राप्त होगी परंतु नई तकनीक द्वारा राशन वितरण की योजना में बाधक बने नेटवर्क की वजह से ही दो दिन के लिए तिथि आगे बढ़ाई गई है। जबकि पूर्व में इस माह के राशन वितरण की अंतिम तिथि 29 मार्च है। दो दिन राशन तिथि बढ़ने की वजह से लोगों और राशन डीलरो को मिली राहत।

डिप्टी सीएम आज कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा कार्यकर्ता जुटे

नेशनल एक्सप्रेस उमेश चंद्र टोनी

रामपुर/स्वार। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मसवासी गौशाला के निकट आज बूथ अध्यक्षो, सेक्टर संयोजक मंडल अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं सहित पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा है। शनिवार को नगर पंचायत मसवासी मुरादाबाद बाजपुर मार्ग स्थित गौशाला के बराबर मैदान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लोकसभा

चुनाव के मदेनजर रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में बूथ अध्यक्षों, एवं पनना प्रमुखों, सेक्टर संयोजको, सेक्टर प्रभारी, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारी सहित सभी मोर्चो के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर भाजपा कार्यकताओं, पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शनिवार के दोपहर भाजपा कार्यकताओं की बैठक नगर पंचायत सभागार में आयोजित हुई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष मसवासी दिनेश गोयल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश मौर्या, पूर्ण नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य, दीप गोयल, भाजपा जिला मंत्री महेंद्र सैनी, विधानसभा संयोजक दिलीप अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष टांडा योगेश सैनी, रोहतास सिंह, मंडल अध्यक्ष स्वार देवेंद्र दिवाकर, पवन कुमार, संजीव वर्मा, महेंद्र मौर्य, चमन मौर्य, ने भाजपा कार्यकताओं से सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

अवैध खनन पर छापा, ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी सीज

किसान यूनियन के नेता की शिकायत पर हुई थी कार्यवाई

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

रामपुर/शाहबाद। तहसील क्षेत्र के ग्राम चकरपुर कदीम में चल रहे अवैध खनन पर एसडीएम सुनील कुमार ने मौके पर मारा छापा` इस दौरान मौके से जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर तहसील में खड़ा करा दिया। चकरपुर कदीम गांव के जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने इसकी शिकायत डीएम से की थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सुनील कुमार ने छापा मारा। मौके पर मिट्टी क खनन चल रही थी और मौके पर जेसीबी और टैक्टर - ट्राली बरामद की। एसडीएम की गाड़ी को देखकर खनन करने वाले लोग भाग गए। हालांकि, दो लोगों को मौके से पकड़ लिया गया। एसडीएम ने बताया कि रामपुर निवासी एक व्यक्ति का नाम प्रकाश में आया है। बताया गया कि मिट्टी के खनन की अनुमति किसी और के खेत की थी, लेकिन रात के अंधेरे में दूसरे के खेत से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। एसडीएम ने वाहनों को सीजकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों भेज दी हैं।

रिपोर्ट कार्ड पाकर खिले बच्चों के चेहरे

नेशनल एक्सप्रेस उमेश चंद्र टोनी

रामपुर/स्वार। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को आज रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालयों में अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। शिक्षकों एवं अभिभावकों के हाथों रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

शनिवार को विद्यालयों में जश्न जैसा माहौल रहा। आज सवेरे से ही बच्चों में रिपोर्ट कार्ड को लेकर चेहरों पर खुशी झलक रही थी। आखिर हो भी क्यों नहीं। उन्हें वर्ष भर की मेहनत का फल जो मिलने वाला था। ब्लॉक के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में समारोह आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। दूसरी ओर चमरौआ ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल भोलापुर में परीक्षा फल वितरण किया गया। साथ विद्यालय की शिक्षिका व्विष्णा के सक्सेना के सेवानिवृत्त होने पर पुष्प काली भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका सीमा, अनिल सक्सेना, अंजुम स्नेही, चरण सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की छात्राओं द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया।

नगर में बड़ा बंदरों का आतंक, लोग परेशान

नेशनल एक्सप्रेस शावेज अली

रामपुर/शाहबाद। नगर में बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि घर की छत पर, सड़कों पर हर जगह बंदर झपट्टा मारते हैं और चीज छीन कर ले जाते हैं। विरोध करने पर काट भी लेते हैं। इतना ही नहीं बंदर अब तो इतने खूंखार हो चले हैं कि घर के अंदर घुसकर हमला बोल देते हैं। इन खूंखार बंदरों के कारण कई बड़े हादसे को चुके है। पिछले कुछ दिनों में बन्दर की बजह से कई घायल हो गए हैं और काफी लोगो को नुकसान भी हुआ हैं। लोगों ने बंदरों को पकड़कर अन्य स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है।

सरकारी स्कूल में परीक्षाफल वितरित हुए

अभिभावकों से की अपील 19 अप्रैल को अवश्य करें मतदान

नेशनल एक्सप्रेस

रामपुर। शनिवार को विभागीय निदेर्शानुसार सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में 1 से 8 तक की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं पुरस्कृत भी किया गया।

परीक्षा फल तो विद्यालय के सभी बच्चों को दिया गया, लेकिन पुरस्कार कक्षा में पहले तीन स्थान पर आने वाले छात्र एवं छात्राओं को दिया गया।

इस अवसर पर काफी अभिभावक भी इस परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मिलित हुए।

इस परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह में आए हुए सभी अभिभावको से विद्यालय स्टाफ की तरफ से एक ही स्वर में अपील की गई कि वह आने वाली 19 अप्रैल को अपना वोट अवश्य डालें। इस परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर अभिभावक निदा फातिमा, महिमा सैनी, माया, रहीसी, साबिर, मुर्शद, अजरा, मिकी खान, अफसर अली, अमरवती, नाज परवीन, अमीना, राशिद, शबाब, सत्तार हुसैन, सलीम, इफ्तेखार अली, अरशद अली, राकेश सैनी, सलमा, आबिद अली उपस्थित रहे। एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

छात्राओं ने लोगों को अपने मताधिकार के प्रति किया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल । शनिवार को जनपद संभल में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बृज रतन सुन्दर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज में छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संजना गुप्ता ने छात्राओं के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया और निर्वाचन में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। स्वीप कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की अध्यापिका प्रिया रानी , रविबाला रस्तोगी, नेहा सक्सेना, रूपाली, सुन्दुस नसीम आदि ने भी छात्राओं के माध्यम से मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बूथों की कमियां दो दिन में पूर्ण करें शिक्षक : बीइओ

नेशनल एक्सप्रेस उमेश चंद्र टोनी

रामपुर/स्वार। खंड शिक्षा अधिकारी मजरूल इस्लाम ने कहा कि बूथों के निरीक्षण में मिली कमियों को शिक्षक दो दिन में पूर्ण करें। साथ ही दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य मानक के अनुसार ही कराएं। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी मजरुल इस्लाम ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संकुल शिक्षकों की बैठक की। बैठक में उन्होंने दो टूक कहा कि सभी संकुल शिक्षक अपने-अपने आवंटित विद्यालयों में बूथों की कमियों को दो दिन में पूर्ण कर लिखित रूप में सूचना दे। इसके बाद भी यदि बूथों पर कमियां मिलती हैं तो संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने, रिपोर्ट कार्ड वितरण के फोटो भेजने, स्वीप कार्यक्रम के सफल संचालन करने के साथ ही यू- डाइस कार्य भी एक सप्ताह में पूर्ण करने आदेश दिए। कहा जो निजी विद्यालय सूचना पोर्टल पर नहीं भर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों को नोटिस जारी कर कोड बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नोडलों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में राकेश कुमार, तहसीन आलम खां, रीता विश्नोई, नीतू सिंह, रवि पाल, धर्मवीर सिंह, अशोक आजाद, सुनील कुमार, शक्ति शिवओम, रमेश सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल कुमार, अब्दुल रऊफ एवं फरजंद अली आदि मौजूद रहे।

ह्रदय रोग से ग्रसित बालिका ने जिलाधिकारी का किया आभार प्रकट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल। जनपद सम्भल के बहजोई निवासी हरीचन्द की 22 वर्षीय पुत्री रूबी जन्मजात ह्रदय रोग से ग्रसित थी। समय के साथ बालिका का यह रोग और जटिल होता गया। हरीचन्द के आर्थिक रूप से अशक्त होने के उपचार/सर्जरी कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा था, तथा बालिका का स्वास्थ्य दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा था। तब हरीचन्द के द्वारा जनपद के जिलाधिकारी से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई।जिलाधिकारी मनीष बंसल के द्वारा चाइल्ड केयर फण्ड से धनराशि उपलब्ध करायी गयी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार विश्नोई तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी- सचिव चाइल्ड केयर फण्ड तिनेज कुमार सिंह, डी.ई.आई.सी. प्रबन्धक मनु तेवतिया को अलीगढ़ स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में समन्वय स्थापित कर चाइल्ड केयर फण्ड

के माध्यम से बालिका का उपचार कराये जाने हेतु आदेशित किया।उक्त सभी अधिकारियों के समन्वय एवं प्रयासों के द्वारा दिनॉक 15.03.2024 को बालिका का सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक उपचार कर दिया गया। दिनॉक 18.03.2024 को अस्पताल से छुट्टी होने के पश्चात बालिका स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रही है। आज दिनॉक 30.03.2024 को बालिका रूबी की सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक उपचार के बाद अपने अभिभावक के साथ जिलाधिकारी से मिलकर उक्त के सम्बन्ध में आभार प्रकट किया। बालिका द्वारा बताया गया कि उपरोक्त से ग्रसित होने के कारण उसे सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयां महसूस हो रही थी। आक्सीजन स्तर कम होने के कारण रक्त प्रवाह समुचित नि होने के कारण अतिशीघ्र सांस फूलना, कोई काम ना कर पाना, थकान रहना, पढ़ाई ना कर पाना आदि की समस्या रहती थी।

जिलाधिकारी के द्वारा उपचार कराए जाने के पश्चात अब मैं पहले से स्वस्थ महसूस कर रही हूं, सामान्य जीवन जीने की ओर अग्रसर हूं तथा अब मैं अपनी पढ़ाई भी सुचारू रूप से कर पाऊंगी।जिलाधिकारी द्वारा उक्त बालिका को पोषण से भरपूर सामग्री की बास्केट उपहार स्वरूप प्रदान की गयी।

दारू के नशे में 26 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस/ रामपाल सिंह

बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव कानऊ धामपुर में एक युवक ने करीब 11:00 अपने ही घर में रस्सी के फंदे को गले में फसाकर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली,जिससे गांव में सनसनी फेल गई,आपको बताते चलें कि युवक दारू के नशा का आदि था,वहीं परिजनों के मुताबिक युवक आए दिन नशे में परिजनों को परेशान करता था जो दारू के नशे

मृतक का फाइल फोटो है

में फांसी के फंदे पर लटक गया, जिसके कारण मुकेश पुत्र किशनलाल उम्र लगभग 26 वर्ष ने

> गांव कानऊ धामपुर में करीब 26 वर्षीय युवक ने दारू के नशे का आदि पिता द्वारा बताया गया जिसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,जिसका पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया है।
> **सत्येंद्र पवार बहजोई कोतवाली प्रभारी**

अपने घर में रस्सी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली,जिससे गांव में सनसनी फेल गई,युवक के दो पुत्र है बड़े की उम्र लगभग 7 वर्ष तथा उस छोटे की उम्र 4 वर्ष के करीब है,जिनके ऊपर पिता का साया उठ गया,ग्रामीणों के मुताबिक युवक के कुछ सदस्य खेत में गेहूं काटने गए थे और भाई व पिता मेहनत मजदूरी करने गए थे,जिसने दारू के नशे में आत्महत्या कर ली,वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया।

पॉक्सो एक्ट में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल/ शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में थाना एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा चौधरी सराय चौराहा से भादवि व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कासिम पुत्र मौ० रिजवान निवासी रूकनुद्दीन सराय थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार

कर जेल भेजा गया। अपराधी द्वारा बताया गया कि अभियुक्त कासिम उपरोक्त द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से नाबालिग पीडिता उम्र करीब 17 वर्ष को अनैतिक देह व्यापार मे लगाना तथा 15 हजार रुपए में योन शौषण करने के लिए खरीदना/दुष्कर्म करना तथा पीडिता का गर्भवती होने पर दवाई खिलाकर गर्भपात कराना बताया गया जी बाबा थाना एएचटीयू द्वारा विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 मेघपाल सिंह थाना एएचटीयू जनपद सम्भल, उ0नि0 देवेन्द्र सिंह, का0 नवीन कुमार, का0 चालक मयंक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में साथ रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम, वीवी पैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

मास्टर ट्रेनर्स को सामान्य सैद्धांतिक दिया प्रशिक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल बहजोई कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल पारदर्शितापूर्ण संपन्न कराने हेतु मास्टर ट्रेनर्स का सामान्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर एवं आई.टी.आई के प्रधानाचार्य एस .के . वार्ष्णेय द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को सामान्य सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें निर्वाचन से संबंधित सामग्री को लेने, कौन से प्रपत्र लेने हैं तथा कितने प्रकार के लिफाफे लेने हैं, 17 सी कैसे बनेगा तथा 17 ए मतदाता रजिस्टर कैसे बनेगा एवं सरकारी सेवा कर रहे कार्मिकों को कैसे मतदान करना होगा एवं चैलेंज वोट तथा टेंडर वोट आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा द्वारा सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेहनत से प्रशिक्षण पूर्ण करें ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अच्छे से पीठासीन एवं अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण जानकारी अच्छी तरह प्राप्त कर लें। अगर कोई संदेह है तो उसको स्पष्ट रूप से दूर करें ताकि पीठासीन अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में दिक्कत ना आए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके साथ ही जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने संभल स्थिति ईवीएम,वी.वी. पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं मशीनों के रखरखाव आदि को विस्तार पूर्वक देखा तथा सुरक्षा की दृष्टि से वेयरहाउस की बाउंड्रीवॉल को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि वेयरहाउस में कोई ज्वलनशील पदार्थ न रहे उसको भी प्रत्येक दशा में देख लिया जाए तथा सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय रहें। चकबंदी एसओसी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की निदेर्शानुसार मशीनों का रखरखाव करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा, एस ओ सी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध शस्त्र के साथ पुलिस ने एक किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल/ शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में थाना असमोली पुलिस द्वारा ग्राम खानपुर बंद को जाने वाले रास्ते पर से एक अभियुक्त विपिन पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम असमोली जनपद सम्भल को एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई ।

एक दिवसीय शिविर शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में मनाया

नेशनल एक्सप्रेस अरविंद गुप्ता

चंदौसी। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एसएम कॉलेज चंदौसी छात्र इकाई का चतुर्थ एक दिवसीय शिविर ग्राम गुमथल में शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम को संपन्न करने के उपरांत एक रैली निकालकर ग्राम वासियों को स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर नारों, पोस्टर्स और स्लोगंस के माध्यम से ग्राम वासियों को जागृत करते हुए सकारात्मकता का संदेश समाज में प्रेषित किया. अपने साथ दिवसीय शिविरों के दौरान समाज में प्रेषित किए गए सकारात्मक संदेश के प्रभावों के विषय में भी स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों से चर्चा की. इस अवसर पर ग्राम वासियों ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए सकारात्मक संदेशों का ग्राम वासियों पर प्रभाव पड़ा है और वे पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता विषयों पर वे सक्रियता पूर्वक प्रतिभाग करने के लिए तत्पर है. इस अवसर पर नंदकिशोर ग्राम प्रधान ने स्वयंसेवकों के क्रियाकलापों की प्रशंसा की.शिविर के दूसरे सत्र में डॉ विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में कचरा प्रबंधन पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि आज अपशिष्ट पदार्थ की समस्या पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है. पर्यावरण के संरक्षण के लिए रीयूज, रिड्यूस और रीसाईकल के सिद्धांतों पर उन्होंने विशेष रूप से बल दिया. इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार प्रकट किये. इस अवसर पर अभिनव, अनुराग सोनी, कमल किशोर, हर्ष राघव, दिव्यांशु, शैलेश, रोहित, अमिताभ, सौरभ,सचिन सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

नारी सशक्तिकरण विषय पर विचार -गोष्ठी का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा

चंदौसी। शनिवार को मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, चंदौसी, जिला संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के तत्वाधान में एकदिवसीय शिविर का प्रारंभ किया गया। एकदिवसीय शिविर के चैथे दिन पर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मधु राठौर एवं राजू पाल के निर्देशन में नारी सशक्तीकरण विषय पर विचार -गोष्ठी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ0 एस.बी.एन श्रीवास्तव, डॉ० राजकुमार गोयल एवं कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मधु राठौर एवं डॉ दीपक उपाध्याय ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन करके किया। डॉ० राजकुमार गोयल ने रानी लक्ष्मी बाई, गार्गी, आपला, घोषा के सशक्त व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी की शक्ति को पहचान दी। डॉ दीपक उपाध्याय सर ने बताया पहली महिला आईपीएस किरण बेदी और इंदिरा गांधी के सशक्त व्यक्तित्व के बारे में। डॉ संजय नागर सर ने बताया की महिला कमजोर नहीं होती, वह सशक्त होती है। बस उन्हें अपने आप को पहचानने की जरूरत होती है। डॉ रश्मि यादव ने कई बड़ी हस्तियों के बारे में बताया और कहां उन्होंने अपने प्रतिभा को पहचाना और इस मुकाम तक पहुंची। प्राचार्य डॉ एस.बी.एन श्रीवास्तव ने हर नारी को जीवन के सशक्तीकरण हेतु विविध आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक उपादानों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। मंच का संचालन आयुषी मेहरा और अनामिका सैनी ने किया। कार्यक्रम में इकरा, किरण, रेनू, ज्योति, लवी, एनामिका, काजल, करन, आयुषी मेहरा, सारिया, आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

मांगों को लेकर सीएमओ को दिया ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना

सम्भल। शनिवार को विकास विकलांग सेवा समिति के नेतृत्व में पांच सूत्र मांगों को लेकर एक ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल को सौपा गया जिसमें विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने बताया की दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कत के संबंध में ज्ञापन सीएमओ तरन्नुम रजा को दिया गया दिव्यांगों के सर्टिफिकेट पोर्टल खराबी के चलते समय से वेरीफाई नहीं हो रहे इसी वजह से दिव्यांगों को काफी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है इसी को देखते हुए समिति के पदाधिकारी ने एकत्र होकर मांग उठाई कहां सरकार के द्वारा जो पोर्टल दिव्यांगों के लिए बनाया गया है वह ठीक से काम नहीं कर रहा है दिव्यांगों की परसेंटेज को लेकर काफी दिव्यांगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है 80 परसेंट होने के बाद पोर्टल पर 40 परसेंट अपडेट किया जाता है।

इसी संबंध में यह ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद दिनेश कुमार ओम प्रकाश मोहम्मद नाजिम मनोज श्रीवास्तव मोहम्मद गुफरान आदेश कुमार ओमप्रकाश रिजवान आदि मौजूद रहे।

चरस के साथ एक आया पुलिस के हाथ

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिहं गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भ श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चंदौसी डॉ० प्रदीप कुमार सिंह व थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला थाना बनियाठेर जनपद सम्भल के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु वरि०उ0नि0 अजीत सिंह मय टीम द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त जियाउद्धीन पुत्र बजरूद्धीन उर्फ बदरूद्धीन निवासी मौ० पीला खदाना थाना हयातनगर जिला सम्भल को शिवालय चौराहे से ग्राम पथरा तारापुर जंगल ग्राम बहतरी से 1137 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद मोटर साईकिल पैशन प्रो रजि० नं0 वढ21अख2748 बरामद की गयी। जिसके समबन्ध में थाना बनियाठेर जनपद सम्भल पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवैध शराब के आरोपी को जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/

सम्भल/पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 30.03.2024 को विशेष सत्र परीक्षण सं0 484/2009 व मु0अ0सं0 34/1998 धारा 60/62 आबकारी अधिनियम थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त ऊदल सिंह पुत्र मानसिंह धीमर निवासी भारतल मदापुर थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल को न्यायालय जे.एम. सम्भल द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई अवधि 03 दिवस के कारावास व 1,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

सीपीएस स्कूल में बच्चों को रिजल्ट के साथ पुरस्कार किए वितरित

100 प्रतिशत उपस्थिति पर अंश गुप्ता को ट्राफी से किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस अरविंद गुप्ता गौरव कुमार

चन्दौसी के मौलागढ के निकट सी पी एस (चन्दौसी पब्लिक स्कूल) के छात्र अंश गुप्ता पुत्र विकाश गुप्ता निवासी मौहल्ला साहूकारा निकट कस्बा पुलिस चौकी के है।

अंश गुप्ता को पूरे साल में एक भी छुट्टी नही करने पर यानि सौ प्रतिशत उपस्थित रहने के लिये या स्कूल आने के लिये स्कूल प्रबंधक विक्रम सिंह द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया है व इससे दो बार पहले भी सौ प्रतिशत उपस्थित और अपनी साफ सफाई रखने के लिए भी ट्राफी व गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल मिल चुका है।

बेटे को ट्राफी मिलने पर परिवार के बड़े से छोटो तक खुशी का मौहल है सब परिवार वालों ने अंश गुप्ता को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया और आगे भी इससे और अच्छा करने के लिये आशीर्वाद दिया सुनीता गुप्ता प्रिंसी गुप्ता ममता गुप्ता रजनी गुप्ता शाशी गुप्ता पिंकी गुप्ता झरना गुप्ता अंकाक्षा गुप्ता श्रुति निखिल गुप्ता अनमोल गुप्ता शिभम गुप्ता पाखी राहुल गुप्ता कंचन गुप्ता मालती गुप्ता नीलम गुप्ता नानू गुप्ता आदि उपस्थित रही।

जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के संग पुरस्कार किए वितरण

नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा

चंदौसीझ पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी बच्चे अपनी कक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त करने से रह गए हैं, वे निराश न हो बल्कि अगले सत्र में इससे भी अधिक मेहनत करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा में पूछे गए सवालों का उत्तर लिखने का तरीका भी उन्हें कुछ अलग बनाता है, इसे भी छात्र-छात्राओं को सीखने की जरूरत है ।क्योंकि आगे जब आप हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बैठेंगे तो आपको इसकी बहुत जरूरत पड़ेगी और इससे अंकों पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अगर आपके कम अंक रह गए हैं तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको कितने अंक प्राप्त हुए यह महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि आपने कितना सीखा और कितना ज्ञान प्राप्त किया यह महत्वपूर्ण है। इस दौरान नीरज शर्मा, सतेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, रविंद्र सिंह, शिवगणेश शर्मा, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, नेहा चौधरी, आभा, रेशमा, शिवानी, रानी, आरती, योगेश, शालू, सोनी, गीता आदि स्टाफ मौजूद रहा। संचालन प्रवीन कुमार ने किया।

एसपी ने सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना

सम्भल बहजोई। शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी कर, दिये आवश्यक दिशा निर्देश ।पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आये सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों की समस्याएं सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तत्पश्चात द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) तथा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण (क्षेत्राधिकारीगण) तथा समस्त थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।गोष्ठी के दौरान दो वर्षीय तुलनात्मक स्थिति, हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी संबंधी अभियोगों के संख्यात्मक विवरण व अनावरण, महिला संबंधी अपराधों, वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई, शेष पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, गुंडा अधिनियम, गोवध अधिनियम, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई तथा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निदेर्शों से कराया अवगत ।

संपादकीय

चुनावी आग के बिछौने

कहीं टीस, कहीं उम्मीद के साथ कांग्रेस से छिटके छह विधायकों का सम्मान समारोह भाजपा के बैनर तले, कुछ कह गया, कुछ सुन गया। टीस पहले कांग्रेस में बगावत तक पहुंची और अब भाजपा के भीतर अपनी अंगुलियां मरोड़ रहे नेताओं तक पहुंच गई। भाजपा काफिला बनाने में माहिर है, इसलिए उपचुनावों की पारी में खुद के साथ पूर्व कांग्रेसी विधायकों को तराश रही है। यह दीगर है कि इस कसरत में जिनसे कुर्सियां छीनी गईं वे अब आलमगीर बने नजर आते हैं। भाजपा के चोटीधारी अब मूंछ पर हाथ फेर रहे हैं, तो यह समझना लाजिमी है कि क्यों पार्टी ने चुपके से पूछ लिया, 'तेरा क्या होगा कालिया'। मलाल के दौर से गुजर रहे पूर्व मंत्री रमेश धवाला, किशन कपूर, रामलाल मार्कंडेय व वीरेंद्र कुंवर जैसे नेताओं के गुलदस्ते में कांटे भर कर भाजपा ने कौनसी नसीहत-कौनसी फजीहत की, यह आविष्कार केवल यही पार्टी कर सकती है, वरना कभी कांगड़ा के नेताओं ने धूमल सरकार के रास्ते में कोई कम कांटे नहीं बिछाए थे। ज्वाला चाहे धवाला की रही हो या किशन कपूर की, कांगड़ा अपने भाग्य जगाने के लिए हमेशा आग में कूदा है। इस बार भी अगर सुधीर शर्मा ने अपने विधायक पद की आहुति दी, तो यह चमत्कार नहीं, आग का बिछौना है। इसी तरह की आग के बिछौने पर एक साथ नौ विधायक अगर राजनीति के हवन कुंड में कूदे हैं, तो देखना यह है कि भाजपा इन्हें झुलसने से कैसे बचाती है।

भाजपा के संयम और कृपादृष्टि का अद्भुत संगम तमाम नौ बागी विधायकों के सम्मान समारोह में देखा गया, जहां सूखी नदियां सागर से जा मिलीं, लेकिन बादलों ने आंसू रोक लिए। जो कल तक अपशब्द थे, वे आज पुष्प बन गए। यह कैसी खुदाई, यह कैसा मंजर, कल के नासूर वरदान हो गए। यह चुनाव की नई परेड है, जहां फूल खुद चुन रहा है किसी के लिए हार। हमीरपुर में राजिंद्र राणा, इंद्रदत्त शर्मा और आशीष शर्मा का स्वागत समारोह, अतीत की न जाने कितनी बरसियां मना गया। भाजपा में इनके आगमन की सौगात ने कितने जख्म भुलाए या भीतर ही भीतर कितने भाजपाई सताए, यहां इतिहास सबसे कड़वा घूंट पी रहा होगा, लेकिन कमाल के पलक पांवड़े हैं जिनका इस्तेमाल यह पार्टी कर लेती है। इसी हमीरपुर के सुजानपुर में एक घोषित मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से जिस राजेंद्र राणा ने पद और पदक छीना था, उसके लिए आसन बिछाए भाजपा इंतजार कर रही है। ये सियासत का भरत मिलन है जो सांसद अनुराग ठाकुर के हाथों राजेंद्र राणा को पार्टी का तिलक लगाता है और फिर आशीर्वाद की मुद्रा में धूमल परिवार का आलिंगन करना चाहता है। हम सवा साल के भीतर केवल उपचुनाव नहीं देख रहे, बल्कि हिमाचल की सूरत में अपना विश्वास, अस्तित्व और स्थायित्व में रिसाव भी देख रहे हैं। इस परिदृश्य की अभिशप्त फिजाओं से हम कतई यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हिमाचल का आर्थिक ढांचा मजबूत होगा या मुद्दों की बात पर कोई नेता पैदा होगा। हमारे संघर्ष या तो कर्मचारी राजनीति की गोद में बैठे रहे या हर बार मतदान ने सिर्फ पटकनी का इजहार किया। एक बार फिर हिमाचल में पटकनी बनाम पटकनी का मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, नेताओं के बीच भी है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की मंडी से कंगना रनौत को पटकनी देने के लिए सैनिक लीग तक को आगे आना पड़ा है, तो कांगड़ा में राजीव भारद्वाज की उम्मीदवारी के सामने कई नेताओं की महत्त्वाकांक्षा भारी है। दफन होती परिपाटी के सबूत जिल्लत नहीं भूलते, इसलिए सियासत के कोई उसूल नहीं होते। कुछ दिन पहले तक कांगड़ा के नेताओं की जुगलबंदी में हिमाचल के आसमान को छूने की तमन्ना थी, लेकिन अब किस्से बदल रहे हैं। कमोबेश यही हाल हमीरपुर की जमीन पर राजेंद्र राणा के प्रवेश को लेकर भी है। भले ही सुधीर शर्मा के लिए भाजपा ने सियासत की धर्मशाला सजा दी है, लेकिन कांगड़ा की खड्डों के न इस पार कोई शांति है और न उस पार की बेचैनी घटी है। चुनाव के बिछौने धू-धू सुलग रहे, लेकिन इनसे बचा भी तो नहीं जा सकता है। जाहिर तौर पर चुनावी परिणाम बहुत कुछ बदल देंगे।

चुनाव में चकल्लस सजाते हैं

के. विक्रम राव

पद्मराजन की विशिष्ट पहचान यही है कि वह नरेंद्र मोदी, मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ चुनाव लड़ा था। स्वयं को होम्योपैथ डॉक्टर बताने वाला यह मैकेनिक दावा करता है कि इन सवा दो सौ मतदानों में वह एक करोड रुपए खर्च कर चुका है। पिछली बार (2019) वह वायनाड (केरल) से राहुल गांधी के विरुद्ध उम्मीदवार था। पद्मराजन ने अपनी संपत्ति में दिखाई कि उसके पास चौंतीस ग्राम सोना है, ऊंचास हजार रुपए नगद हैं, एक दुपहिया है। वह 17 विधानसभा और छः राष्ट्रपति निर्वाचन में भी नामांकन दाखिल कर चुका है। अतः लिम्का के विश्व रिकॉर्ड में जगह पा चुका है।

वर्षा का मौसम आए तो दादर न टर्राए ? ठीक ऐसे ही कतिपय प्रत्याशी भी ऐन चुनाव के वक्त ही उपजते हैं। गंभीर और कड़वाहटभरी राजनीति में मधु-हास्य का पुट डालते हैं। ठीक ऐसी ही खबर आई है तमिलनाडु के शहर मेट्टूर से जो कावेरी नदी पर बांध के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियां और खाइयाँ भी अपना महत्व रखती हैं। मेट्टूर में टायर मरम्मत करने वाले मैकेनिक के. पद्मराजन ने 239वीं दफा लोकसभा के लिए नामांकन दायर किया है। वह 238 बार हार चुके हैं, जमानत गवां चुके हैं। यह 65-वर्षीय कारीगर अपने को भारतीय निर्वाचन का बादशाह कहता है। विश्व का महानत्तम चुनाव हारने वाला बताने में गर्व महसूस करता है। हाल ही में तेलंगाना के गजेवल क्षेत्र से पंचायत का भी चुनाव लड़ा था। अब 18वीं लोकसभा का उम्मीदवार है।

पद्मराजन की विशिष्ट पहचान यही है कि वह नरेंद्र मोदी, मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ चुनाव लड़ा था। स्वयं को होम्योपैथ डॉक्टर बताने वाला यह मैकेनिक दावा करता है कि इन सवा दो सौ मतदानों में वह एक करोड रुपए खर्च कर चुका है। पिछली बार (2019) वह वायनाड (केरल) से राहुल गांधी के विरुद्ध उम्मीदवार था। पद्मराजन ने अपनी संपत्ति में दिखाई कि उसके पास चौंतीस ग्राम सोना है, ऊंचास हजार रुपए नगद हैं, एक दुपहिया है। वह 17 विधानसभा और छः राष्ट्रपति निर्वाचन में भी नामांकन दाखिल कर चुका है। अतः लिम्का के विश्व रिकॉर्ड में जगह पा चुका है। उनका कहना है कि वह यह साबित करना चाहते हैं कि कोई भी आम आदमी चुनाव लड़ सकता है। कंधे पर चमकीला शॉल और मोटी मूंछों वाले श्री पद्मराजन ने कहा, ₹सभी उम्मीदवार जीत हासिल करना चाहते हैं। लेकिन मैं नहीं।₹ उनके लिए असली जीत चुनाव

के. पद्मराजन

नागरमल बाजोरिया

में हिस्सा लेने में है, और जब उन्हें उनकी हार का पता चल जाता है, तो वह हारकर भी खुश होते हैं। पद्मराजन बोला 2011 में तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में 6273 मत मिले थे। अपनी संपत्ति के बारे में उनका कहना है कि एक लाख रुपए के मालिक हैं। एक दुपहिया है। दर्जा 8 तक पढ़े हैं। अधुना वे अन्नामलाई विश्वविद्यालय से आधुनिक इतिहास में एम ए कर रहे हैं। ₹मैं जीतने के लिए नहीं वरन भागीदारी हेतु लड़ता हूं।₹ पद्मराजन राष्ट्र के सर्वाधिक असफल उम्मीदवार हैं। उनका पता है : 23 A पद्मनिवास बिल्डिंग, रमण नगर, धरमपुरी जिला सेलम (तमिलनाडु)। पिता का नाम कुंचन्वु नायर हैं।

भारतीय लोकसभा के 18वें आम चुनाव में कई ऐसे प्रत्याशी आए जिन्होंने नीरस वोटिंग में हास्य का पुट डाला। इनमें से कई लोगों का दावा है कि सब जाट अग्रणी किसान नेता चौधरी चरण सिंह के पद्चिन्हों पर चलते हैं। भारत के प्रधानमंत्री पद पर चरण सिंह केवल 23 दिन रहे। कार्यवाहक के रूप में अस्थाई रूप से अगस्त 1979 तक थे। वे लोकसभा में विश्वास मत नहीं पा सके क्योंकि राष्ट्रपति ने उसे भंग कर दिया था। तभी डॉ. धर्मवीर भारती द्वारा संपादित साप्ताहिक ₹धर्मयुग₹ में गोलाकार संसद भवन और चौधरी चरण सिंह की फोटो साथ छापी थी। शीर्षक था : ₹बिन फेरे, हम तेरे।₹ बड़ा सार्थक था। इस चुनावी संग्राम में पद्मराजन की भांति और भी रहे हैं, वह अकेले नहीं है। मसलन इंदौर नगर के 93-वर्षीय नागमाल बजोरिया उर्फ धरती पकड़ हैं। वे अब तक 18 दफा चुनाव हार चुके हैं। वर्तमान विधानसभा चुनाव के समय भाजपा से बगावत करने वाले विधायकों में सबसे बड़ा नाम चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का था। भाजपा ने सीटिंग एमएलए आक्या का टिकट काटकर पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को टिकट दिया था। बाद में आक्या चुनावी मैदान में निर्दलीय उतरे और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक जब्त करा दिया। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आक्या ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मिलकर उन्हें समर्थन दिया। कुछ अचंभा भी चुनावों में होता है। विजयी उम्मीद्वार जमानत खो बैठा। यूपी से ही जमानत जब्त होने का सिलसिला शुरू हुआ था।

पहली बार वर्ष 1952 में आजमगढ़ की सगड़ी पूर्वी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बलदेव निर्दलीय प्रत्याशी शंभू नारायण से चुनाव लड़ा था। इस सीट पर कुल 83,438 वोट पंजीकृत थे, जिनमें से 32,378 लोगों ने वोट डाले, चुनाव में कांग्रेस के बलदेव को शंभूनारायण पर जीत मिली, लेकिन जीतने के बाद भी उनकी जमानत जब्त हो गई थी क्योंकि उन्हें कुल वोटों का 1/6 फीसद वोट भी नहीं मिल पाया था। मतलब बलदेव जीते फिर भी जमानत जब्त करवा बैठे थे। जब इनसे पूछा कि आप क्यों और किसके दम पर चुनाव लड़ रहे हैं? इस पर इनके रोचक जवाब मिले। कोई क्षेत्र के बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए तो कोई देशभक्ति जगाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में चंद मशहूर उम्मीदवारों के नाम सर्वविदित हैं। मसलन 93-वर्षीय नागमाल बजोरिया उर्फ धरती पकड़। वे तीन सीटों पर नामांकन दाखिल कर चुके हैं। सब जगह जमानत खो दी। वे दृढ़ प्रत्याशी हैं इंदौर के। अब तक 18 बार चुनाव लड़ चुके हैं। सभी हारे। मिलता जुलता व्यक्तित्व है कानपुर के घोड़ेवाला का। वे अश्वारोहण पर अभियान करते हैं।

एक थे पुणे के ओमवीर प्रकाश खांडेकर। अब तक ठीक दो दर्जन बार लड़े। जूता उनका चुनाव चिन्ह है। गुना से 1971 में महाराज माधवराज सिंधिया के खिलाफ लड़े थे। बहुधा श्रोता और पाठक आक्रोशित हो जाते हैं कि ऐसे लोग चुनाव के गांभीर्य को नष्ट कर देते हैं। पर यह पूर्ण सत्य नहीं है। बिना हास्य-परिहास के राजनीति बोरिंग हो जाएगी। सर्कस में जोकर तथा साहित्य में विदूषक भी तो होते हैं। फिर हम खबरनवीसों को यूं भी नीरसता और रूखे पन से भिड़ना पड़ता है ताकि पाठक हमारी रपट, हमारा विवरण पढ़े। मात्र यही लक्ष्य है।

31 मार्च :इतिहास की अहम घटनाएं

1870 अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया।

1889 एफिल टॉवर का उद्घाटन पेरिस में किया गया था, जो फ्रांस का एक वैश्विक केंद्र बन गया और दुनिया में सबसे पहचानने योग्य संरचनाओं में से एक है।

1889 पेरिस का मशहूर एफिल टावर आधिकारिक तौर पर खुला।

1901 काला सागर में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया, जो क्षेत्र में अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप है।

1910 छह अंग्रेजी शहरों ने अपने प्रकार के पहले संघ के एकल काउंटी बोरोकॉल्ड स्टोक-ऑन-ट्रेंट बनाने के लिए समामेलित किया।

1917 अमेरिका ने 25 मिलियन डॉलर में डेनिश वेस्ट इंडीज खरीदा और उसका नाम वर्जिन आइलैंड रखा।

1930 सरकारी सेंसरशिप से बचने के लिए, हॉलीवुड फिल्म स्टूडियो ने उद्योग सेंसरशिप दिशानिर्देशों के अपने स्वयं के सेट की स्थापना की, जिसे हेस कोड के रूप में जाना जाता है।

1931 TWA फ़्लाइट 599 चेस काउंटी, कंसास, अमेरिका में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, और मारे गए लोगों में फ़ुटबॉल कोच न्यूट रॉकेन, विमान डिजाइन और विकास में उत्तेजकता शामिल हैं।

1946 द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूनान में पहली बार मतदान हुआ।

1964 ब्राजील के सशस्त्र बलों ने ब्राजील के राष्ट्रपति जोओ गौलार्ट के एक ओवर थ्रो का नेतृत्व किया और एक सैन्य सरकार की स्थापना की जो 21 वर्षों तक चली।

1966 सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना-10 लांच किया।

1983 कोलंबिया के शहर पोपायन में आए विनाशकारी भूंकप में 500 लोगों की मौत हुई।

1986 मेक्सिको विमान 940 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सवार सभी 167 यात्रियों की मौत हो गई।

1995 बॉम्बे ने पंजाब को हराकर पहली पारी में क्रिकेट रणजी ट्रॉफी जीती।

1995 अमेरिकी गायिका-गीतकार, सेलेना, जिसे 'द क्वीन ऑफ़ टोजानो म्यूज़िक' के रूप में जाना जाता है, की हत्या कॉरपस क्रिस्टी, टेक्सास में की गई थी, जो उनके फैन क्लब, योलान्ड साल्डीवर द्वारा की गई थी।

1996 Midsummer Night's ड्रीम 'Lunt-Fontanne न्यूयॉर्क शहर में खुलता है। यह 66 प्रदर्शनों के लिए प्रदर्शन करेगा।

1996 स्पेस शटल STS-76 (अटलांटिस 16) सुरक्षित रूप से भूमि।

1997 एबीसी-टीवी पर पुराने साबुन दिखाने वाली श्रृंखला याद करने का दिन'।

2002 21 वीं एनसीएए महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप सैन एंटोनियो में आयोजित की गई थी।

2010 200 से अधिक फिलिस्तीनियों और उनके सहयोगियों पर आंसू गैस चलाई गई है जब वे सहयोगियों के हालिया हिरासत के कारण ओफ़र जेल के द्वार के बाहर विरोध कर रहे थे।

2011 मिडस्टैंड में अशांति के दौरान, एक्टिविस्ट्स का दावा है कि चीन ने हाल के वर्षों में असंतुष्टों पर सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू की है

2012 U.K. और यूरोपीय संघ की सबसे ऊंची इमारत पर प्रगति तब की जाती है जब शार्द लंदन ब्रिज के स्पायर को जगह दी जाती है।

2013 चीन में दो लोग H7N9 एवियन इन्फ्लूएंजा संक्रमण से मर जाते हैं। xH7N9 एवियन इन्फ्लूएंजा एक उप-प्रकार है जो पहले मनुष्यों में संचरित नहीं हुआ था

2014 अंटार्कटिक में सभी व्हेलिंग गतिविधियों को रोकने के आदेश को यू.एन. इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार स्वीकार करता है। जापानी व्हेल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए आयोजित की जाती है, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए नहीं।

समसामयिक

दल बदलुओं पर राजनीतिक दंगल

दल बदलुओं, और उसमें भी चुनाव की पूर्व संध्या पर आगामी सत्ता की हवा का रुख सूंघकर दल बदलने वालों को जनता हमेशा हास्यास्पद और स्वार्थ में बुरी तरह लिसढे जोकरों की तरह हिकारत की नज़र से देखती है। ऐसा लग रहा है कि इस चुनाव में दल बदल के तमाम रिकॉर्ड ध्वस्त होने वाले हैं। इसके कई प्रमुख कारणों में दो सबसे बडे. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कारण हैं, केन्द्र और कई राज्यों में सत्तासीन भाजपा की दल बदल को प्रोत्साहन देने की खुली नीति और दल बदलुओं को यह अहसास कि सत्ता की तरफ आने से उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों से अभयदान मिल जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह के उस सार्वजनिक फरमान कि सांसदों और विधायकों जन प्रतिनिधियों के मामले हम देखेंगे , कार्यकर्ताओं के दल बदल को स्थानीय इकाई देखे के बाद भाजपा प्रायोजित दल बदल की झड़ी सी लग गई है। मध्य प्रदेश में नरोत्तम मिश्रा को विधायकी की हार से उबरने के लिए दल बदल समिती का मुखिया बनाकर भाजपा हाई कमान ने अपनी क्षमता दिखाने का एक सुनहरा अवसर दिया है। ऐसे उपक्रम अन्य राज्यों में भी हुए होंगे। मीडिया में एक के बाद एक ऐसे दागी दल बदलुओं का खुलासा हो रहा है जिनके भ्रष्टाचार के बारे में भाजपा संसद से सड़क तक चीख चीख कर कहती थी कि उनकी जगह जल्द जेल में होगी लेकिन दल बदलते ही उन्हें बगलगीर कर संवैधानिक पदों पर आसीन कर दिया। समझदार लोगों के लिए साफ इशारा है कि हमारी तरफ आओ और अभयदान पाओ।

राजनीतिक दलों के बड़बोले नेता दल बदलूओं को नई नई उपमाओं से विभूषित कर रहे हैं। कांग्रेस के के. के. मिश्रा ने दल बदल कर भाजपा में प्रवेश करने वाले कांग्रेसियों को कचरा कहा है और भाजपा को डस्टबिन बताया है। इसका पलटवार करते हुए भाजपा के पहले केन्द्र सरकार और अब मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल इन दल बदलुओं को कचरा तो मानते हैं लेकिन इन्हें वे कांग्रेस का गीला और सूखा कचरा कहते हैं और जो नेता अभी भी कांग्रेस में बचे हैं उन्हें मेडिकल वेस्ट बता रहे हैं। इस लिहाज से भाजपा कंपोस्ट खाद बनाने की फैक्ट्री बन गई लगती है। भास्कर अखबार के मध्य प्रदेश के स्टेट एडिटर ने अपने संपादकीय में प्रहलाद पटेल से प्रश्न किया है कि वे यह भी बताएं कि गीला कचरा कौन हैं और सूखा कचरा कौन हैं। मंत्री तो शायद ही उनके प्रश्न का जवाब देंगे लेकिन हमारा मानना है कि जिन लोगों के पास मोटा पैसा और धन संपत्ति है वे गीला कचरा हैं और जिनके पास भावनात्मक मुद्दों को भड़काकर आग लगाने की क्षमता है वे सूखा कचरा हैं। भाजपा ने ऐसी महारत हासिल कर ली है कि वह दोनों तरह के कचरे को उपयोग में ले सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भाजपा निकट भविष्य में मेडिकल कचरे को भी स्वीकार करने की क्षमता विकसित कर लेगी और शिवजी की तरह विषपान करने में सक्षम हो जाएगी। वैसे जब तक प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी भाजपा के सिरमौर हैं तब तक सब मुमकिन है।

भाजपा के ही पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव दल बदलूओं को पकी बेरी के बेर कहते हैं जो पेड़ को जरा सा हिलाने पर टपक रहे हैं। हो सकता है कोई और नेता दल बदलूओं को पकी जामुन या पकी इमली आदि कहेगा। भाजपा और कांग्रेस के नेता अपने अपने हिसाब से भले ही दल बदलुओं को अच्छा बुरा कुछ भी बताएं लेकिन आम जनता और आम समाज के लिए ऐसे नेता जहरीला कचरा ही हैं जिन्होंने राजनीति और लोकतंत्र की पवित्र गंगा यमुना को बेहद प्रदूषित कर दिया है। राजनीति में दिनों दिन बढ़ते इस जहरीले कचरे का इलाज या तो कड़े कानून बनाकर किया जा सकता है जिसकी संभावना हमारे वर्तमान दौर में कम ही है क्योंकि पार्टियां तो सरेआम इस विकृति का फूलमालाओं से स्वागत करते दिखाई दे रही हैं। राजनीति के इस कैंसर का स्थाई इलाज जनता ही कर सकती है क्योंकि ऐसे कचरे से बारंबार सबसे ज्यादा जनता ही ठगी जाती है।

डॉ. आर के पालीवाल

rkpaliwal1986@gmail.com

मोदी चुनाव का नहीं विकास का बिगुल फूंकते हैं!



फिरोज़ बख़्त अहमद

मोदी जैसा दमदार अन्य कोई प्रधानमंत्री दिखाई नहीं देता !फिरोज़ बख़्त अहमद मोदी के प्रतिद्वंदी प्रायः यह कहते सुने जाते हैं कि वे मंदिरों को प्राथमिकता इस लिए देते हैं कि वे चुनाव जीतना चाहते हैं। बहुत छोटी बात बोलते हैं ये लोग और लगता है कि अक्ल के पीछे डंडा ले कर दौड़ रहे हैं क्योंकि मोदी जैसे इन्सान को चुनाव से कोई लेना देना नहीं, न ही राजनीति से मिलने वाले लाभों व शान-ओ-शौकत से कोई सरोकार और न ही अरबों-खरबों की संपत्ति एकत्र करने की इच्छा है, बल्कि ज़मीन से जुड़े इस प्रधानमंत्री के रूप में सेवक को भारत माता को विश्व गुरु बना, ऐसी ऊंचाइयों पर ले जाना है, जहां अमेरिका, ब्रिटेन, चीन आदि के मुक़ाबले में भारत कोसों आगे हो !

रही बात राम मंदिर के नाम में चुनाव जीतने की, तो इस शुभ कार्य को इन विपाक्षी दलों ने क्यों नहीं कराया ? अपने ही देश में हिंदू तबके को अदालत से 500 वर्ष संघर्ष कर अपने सबसे बड़े आराध्य की प्राप्ति मोदी ने चुनाव जीतने हेतु नहीं बल्कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए किया कि जिन लोगों के निकम्मेपन के कारण यह रह गया था, क्योंकि वे तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को काल्पनिक मानते हैं और राम सेतु को भी नहीं मानते ! वैसे भी भारत माता इतना विशाल देश है कि हर समय कहीं न कहीं चुनाव चलते रहते हैं और जो लोग जनता की नजर में मोदी की भांति हर प्रकार से दमदार, दिलदार, जानदार, शानदार, वफादार, सेवादार, कामदार और ईमानदार नहीं होते, जानते हैं कि चुनाव जीतना आसान नहीं, अपनी असफलता का ठीकरा मोदी पर फोड़ देते हैं। बात यह नहीं कि मोदी विजयी हों अन्यथा नहीं, देश की बागडोर जिम्मेदार हाथों में रहनी चाहिए और यह पब्लिक है, सब जानती है !भारत वर्ष को प्रगति व उन्नति के मार्ग पर दौड़ा दिया है, उससे उनके विपक्षी दलों में खलबाली मची हुई है कि यह बंदा किस मिट्टी का बना हुआ है कि न तो रुकता है, न थकता है और न ही झुकता है कि जिस तरक्की से इस व्यक्ति ने अपने दौर में भारत को रु बरु किया है, वह अति विलक्षण है व चमत्कारिक है, जिसे पिछले किसी प्रधानमंत्री के कार्य काल में पूर्ण नहीं किया गया ! मोदी को नापसंद करने वाले, गलियां बकने वाले, कोसने वाले और झोलियां फैला कर बददुआ देने वाले भली भांति जानते हैं कि

मोदी जो कहते हैं, करते हैं। उन्हों ने कभी नहीं कहा, ₹ हम देख रहे हैं, है देखेंगे। वे देखने वालों में नहीं, करने वालों में हैं।यही बात उन्हें अन्य प्रधानमंत्रियों से भिन्न करती हैं। जनता सही जज है, न कि विपक्षी, वामपंथी दल आदि mमोदी ही वह आदमी है जो आने वाले समय मे भारत को एक स्वस्थ, सुंदर (कूड़ा, गंदगी के ढेर विहीन) देश बना सकता है। यही वो व्यक्ति है जो पूरी तरह ईमानदार है और आगे भी ईमानदार रहेगा। यही वो आदमी है जो अपने परिवार के लोगों को हमारे सिर पर नही थोपेगा।बतौर एक वोटर, मुझे मोदी पर 100 प्रतिशत विश्वास है कि यह व्यक्ति देश के लिए कितना भी कठिन निर्णय हो उसे लेने में कभी नहीं हिचकेगा व पूरा करने के लिए कुछ भी कर सकता है।चुनाव जीतेगा तो सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र की सेवा के लिए 10 साल में, यह व्यक्ति एक दिन भी खाली नहीं बैठा, कुछ न कुछ करता ही रहा, चाहे वह वंदे भारत रेल हो या काश्मीर में सबसे ऊंचा पुल बनाना हो, या दुश्मन के घर में जा कर सर्जिकल स्ट्राइक करनी हो, जिस पर विपक्षियों ने सवाल उठाए ! मोदी से पूर्व जीडीपी 1.8 ट्रिलियन थी और आज 3.7 ट्रिलियन है। मोदी से पूर्व प्रति व्यक्ति आय 78 हज़ार थी तो आज यह 1 लाख 15 हज़ार है। मोदी से पूर्व हम 10वें आर्थिक स्थान पर थे और आज 5वें आर्थिक स्थान पर हैं। मोदी से पूर्व हमारे देश ने 200 बिलियन का व्यपार किया था और आज यह संख्या 800 बिलियन के लग हग है। मोदी से पहले हमारे पास 5 मेट्रो शहर थे, आज 21 हैं। मोदी से पूर्व हमारे पास 74 एयर पोर्ट थे और आज 160 हैं।

मोदी से पूर्व केवल 40 प्रतिशत गाँवों में बिजली थी, आज 95 प्रतिशत गाँवों में बिजली है। मोदी से पूर्व केवल 7 एम्स थे, आज 22 हैं। मोदी से पूर्व ई-वे की लंबाई 680 किलो मीटर थी, आज 4067 मीटर है। मोदी से पूर्व रेलवे ट्रैक 25,700 किलो मीटर था, आज, 5,7,700 किलो मीटर है। मोदी से पूर्व सड़क गुणवत्ता में हम 88वें स्थान ओर थे, आज 42 वें स्थान पर है। चूंकि लेखक अपनी इसलामी जड़ों से जुड़ा मुसलमान, एक संस्कारी व राष्ट्रवादी मुस्लिम है, सिवाय भारत माता से जुड़े होने के, किसी अन्य पार्टी या संगठन से नहीं जुड़ा है, अपने मुस्लिम दीन भाईयों से गुजारिश करता है कि भले ही वे मोदी को वोट दें या न दें, मोदी से अंध रंजिश और दुश्मनी का त्याग कर, इस वासुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखने वाले प्रधानमंत्री के बाजुओं को मज़बूत करें, क्योंकि यह वही मोदी है, जिसने कहा है कि वह हर मुस्लिम के एक हाथ में कुरान और दुसरे में कंप्यूटर देखना चाहता है और यह कि वह मुस्लिमों को अपनी संतान की भांति समझता है व उनके साथ बराबरी का सुलूक करना चाहता है। यह वही मोदी है, जिस ने विज्ञान भवन में विश्व की सबसे बड़ी सूफ़ी संगोष्ठी की थी। या वही मोदी है जिसे छः इस्लामी देशों ने अपने सर्वोच्च इनाम दिए थे और यह वही मोदी है, जिसके सम्मान में सऊदी अरब के बादशाह सलमान ने रामायण को अरबी में अनुवाद कर भेंट किया था ! इस मोदी का ही दम था जिसने अबु धाबी में मंदिर की स्थापना करे दोनों देशों में हर प्रकार से प्रगाढ़ रिश्ते बनाए !एक सामान्य भारतवासी और दिल्ली नागरिक होने के नाते, मेरा ये दृढ़ विश्वास है कि आज के समय में यही सबसे उपयुक्त व्यक्ति है जो भारत को विश्वगुरु बना सकता है।यही वह व्यक्ति है जो भारत को आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बना सकता है, यही वो आदमी है जो हमको तीसरी दुनिया, विकासशील देश से एक विकसित देश बना सकता है। भारत माता की जय ! जय हिंद !

इलेक्ट्रोनिक की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

जसराना । शॉर्ट सर्किट के चलते दुर्गा ज्वैलर्स एवं इलेक्ट्रोनिक की दुकान में आग लगने के कारण लाखों रुपये के बिजली के उपकरण एवं फर्नीचर जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया। दो घंटे तक अफरा तफरी का माहौल रहा।

कस्बा पाढ़म निवासी अ?खिल वर्मा पुत्र मुकेश कुमार दुर्गा ज्वैलर्स एवं इलेक्ट्रोनिक की दुकान है। शुक्रवार की रात दुकान स्वामी दुकान बंदकर घर चला गया। शनिवार की अलसुबह किसी समय शॉट सर्किट के चलते निकली चिगारी से दुकान में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने उग्र रूपधारण कर लिया और धू-धूकर जलने लगी। शनिवार की प्रातः जब नगरवासी टहलने के लिए निकले तब दुकान से धुंए के गुव्वार निकलते देखे तो लोगों की भीड़ लग गई। सूचना दुकानदार को दी। दुकानदार एवं परिजन घबरा गए और आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। दुकान में आग लगी देख शटर खोला तो नजारा देख पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। पुलिस भी मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड को सूचना दी। भीड़ ने दुकान में पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग विकराल रूपधारण कर चुकी थी। एक घंटे की कडी मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक इनवर्टर, बैट्रे, पंखे, कूलर, पाइप, केबिल आदि अधिक मात्रा में बिजली के उपकरण जलने व दुकान क्षतिग्रस्त होने के साथ ही लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान कस्बा में दो घंटे से भी ?अ?धिक समय तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस दौरान दुकान स्वामी ने बताया शार्ट सर्किट के चलते उसकी दुकान में आग लगने से आठ लाख रुपए का नुकसान हो गया है।

अगर ठीक होता नल तो नहीं जलती पूरी दुकान

वहीं लोगों का कहना रहा कि जिस दुकान में आग लगी है उसके दो कदम बगल में ही यह हैंडपंप लगा हुआ है लेकिन यह खराब है अगर यह सही होता तो पूरी दुकान नहीं जल पाती क्योंकि इसके अलावा कोई दूसरा हैंडपंप वहां है नहीं ना कोई दूसरी पानी की व्यवस्था है , लोगों ने कस्बा पाढ़म के विकास कार्यों पर सवाल खड़े किये।

भारत संकल्प पत्र सुझाव रथयात्रा पहुंची ग्राम भक्तिगढ़ी

जनहित की योजनाओं को जनता के समक्ष किया प्रस्तुत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

टूंडला।भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आभियान विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव रथयात्रा टूंडला के ग्राम भक्तिगढ़ी पहुची।वहां भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा हैं और जनता द्वारा उनका सुझाव भी पत्र के माध्यम से सीधे पार्टी हाईकमान संज्ञान ले रहा हैं। इसी कार्यक्रम आभियान के चलते भक्तिगढ़ी में नुक्कड सभा भी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा की भाजपा किसानो और गरीबों के लिए हर कदम पर साथ है। और भारत को भय, भ्रष्टाचार से निजात दिलाना ही भाजपा का सकल्प है। जिससे एक नए भारत की आधारशिला रखी जा सके। जो भारत खुद में आत्म निर्भर और शसक्त हो।

एके कॉलेज में मनाया गया होली मिलन समारोह

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर

शिकोहबद - ए. के. कॉलेज शिकोहाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दीदार सिंह यादव व महाविद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक श्री विनीत यादव एवं अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती व यदकुल के आराध्य भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के अगले क्रम में महाविद्यालय में आये सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। स्वागत के क्रम में मंचासीन अतिथि जे. एस. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव, एफ. एस. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्राधिकृत नियंत्रक श्री विनीत यादव, प्राचार्य प्रो. दीदार सिंह यादव, पूर्व प्राचार्य प्रो. मौकेम सिंह यादव,श्री राम कैलाश, एड. प्रदीप यादव, श्री शिवेंद्र यादव और महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त कर्मचारी डॉ. कप्तान सिंह यादव, डॉ. जे.पी. यादव का माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। डॉ. सुकेश यादव ने महाविद्यालय की स्वर्णिम ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डाला साथ ही डॉ. दिलीप यादव ने आगरा मण्डल में शिकोहाबाद को एक महत्वपूर्ण अध्ययन का केंद्र बताते हुए इसे और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। प्राधिकृत नियंत्रक श्री विनीत यादव ने महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय संस्थापकों की मूर्ति स्थापित करने का विचार प्रस्तुत किया जिससे संस्थापकों के अध्ययन के प्रति मजबूत दृढ़ संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। प्राचार्य प्रो. दीदार सिंह ने उच्च शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के सन्दर्भ में विचार प्रस्तुत किये। पूर्व प्राचार्य प्रो. मौकम सिंह यादव ने मंच से सभी को होली की शुभकामनाएं दी। अगले क्रम में आये हुए सभी आगुन्तकों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने फूल व गुलाल से होली खेली। इस अवसर पर प्रो. के. के.यादव, प्रो.स्नेहलता चतुवेर्दी, प्रो. भीमसेन यादव, प्रो.जगदीश यादव, डॉ. जसवंत यादव, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. आशुतोष यादव, डॉ. धीरज यादव, डॉ. देवेश यादव, डॉ. संजीव यादव(कृषि), डॉ. दुर्वेश यादव, डॉ. ब्रजेश यादव, श्री विमल कुमार, कार्यालयाध्यक्ष प्रेटी सिंह, रामनिवास जी, जुगल किशोर, उदय प्रताप आदि मौजूद रहे। मंच संचालन कर रहे प्रो. संजय यादव ने समारोह में आये हुए सभी लोगों का धन्यबाद व आभार व्यक्त किया। अंत में समारोह में आये हुए सभी अतिथियों व महाविद्यालय परिवार के सदस्यों के लिए प्राचार्य की तरफ से भोजन की व्यवस्था की गयी।

मेजर रामवीर सिंह ग्रुप ऑफ एजूकेशन में होली मिलन समारोह का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद। नगर मे परंपरागत तरीके से होली मिलन समारोहों के आयोजन की धूम मची हुई है, जहां लोग ढोल मजीरों के साथ गीत, संगीत की त्रिवेणी में खूब नजर आ रहे हैं और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शनिवार को सैनिक समाज सेवा संगठन द्वारा मेजर रामवीर सिंह ग्रुप ऑफ एजूकेशन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूवेदार फौजी विशेष कुमार यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ई सी एस एच कमान्डर विजेन्द्र सिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया गया।

नगर के आवास विकास कालोनी स्थित मेजर रामवीर सिंह आई टी आई कालेज में होली मिलन समारोह बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान आये हुये अतिथियों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर ढोल मजीरों के साथ होली गाकर समारोह में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर कालेज प्रबन्धक ईजीनियर रामब्रेश यादव ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। समारोह में शामिल गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही समारोह के अंत में सभी लोगों ने भोजन कर होली मिलन समारोह को सफल बनाया। वहीं कार्यक्रम में भारतीय एक्स सर्विसमेंन कल्याणकारी सेवा समिति, भारतीय सैनिक कल्याण एंव सामाजिक समिति एंव भारतीय एक्स सर्विसमेंन लीग फिरोजाबाद के अध्यक्षों व उनकी टीम ने बढ- चढकर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर भारतीय सैनिक समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयसिंह यादव एंव संगठन के राजमोहन , राजेश कुमार यादव, पवन कुमार, रविन्द्र फौजी, प्रयागचन्द्र यादव, दलवीर सिंह, ध्रुवजीत, एसआई मुरारीलाल एव विधालय स्टाफ व छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

अवैध चरस सहित अभियुक्त गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर

फि रोजाबाद। पुलिस ने एक अभियुक्त को 500 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ़्तार किया। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान दीपक कुमार पुत्र किशन सिंह को बघेल कालोनी ग्राउण्ड से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

पुलिस ने हवाई फायर करने वाले पूर्व सभासद को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर

शिकोहाबाद। नगर के प्रोफेसर कॉलोनी में एक पूर्व सभासद द्वारा हवाई फायर करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

सनी यादव पुत्र बृजेश यादव निवासी यादव कालोनी प्रतापपुर चैराहा शिकोहाबाद द्वारा 20 मार्च को साथियों के साथ हवाई फायरिंग की थी, जिसके संबंध में अभियुक्त सनी सहित 6 युवकों के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करने हेतु एसएसपी द्वारा थाना शिकोहाबाद को पुलिस टीम गठित कर अभियुक्त सनी आदि अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया था ।

इधर गठित टीम को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पूर्व सभासद सनी पुत्र व्रजेश निवासी यादव कालोनी को प्रतापपुर फ्लाईओवर सर्विस रोड प्रतापपुर कट की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

सोशल मीडिया पर युवती खुलेआम उड़ा रही कानून की धज्जियां

बोले सभ्रांत नागरिक

युवती की आई डी पर अपलोड हैं तमाम अश्लील वीडियो समाज की लड़कियों पर होता है गलत असर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। आजकल लोगों में सोशल मीडिया पर छाने का ट्रेंड बन चुका है । लोगों में अब महिलाएं भी पीछे नहीं हैं इसी के साथ लड़कों के साथ-साथ लड़कियाँ भी सोशल मीडिया पर पीछे नहीं है या फिर यह कह लें की लड़कों से ज्यादा लड़कियां सोशल मीडिया पर आजकल फेमस होती नजर आ रही है जिसका एक कारण अश्लीलता भरी वीडियो को अपलोड करना तथा वीडियो पर लाइक फॉलो कमेंट के चक्कर में कानून की धज्जियां उड़ाती हुई वीडियो भी माना जा सकता है जिसका एक सबूत जनपद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र की एक युवती द्वारा अपलोड किए गए कुछ वीडियो से देखा गया है । जिसमें युवती खुलेआम सोशल मीडिया पर कानून की धज्जियां उड़ाती नजर आ रही है। अवगत करा दे की फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की रुचि सिंह नाम से इंस्टाग्राम पर आई डी है जिस पर रुचि सिंह नामक युवती द्वारा कई अश्लील वीडियो अपलोड किए गए हैं तथा लाइक फॉलो के चक्कर में युवती ने हदें पार करते हुए कानून की धज्जियां सरेआम उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है । एक वीडियो में युवती द्वारा रोड पर सरेआम शराब पीकर गिरने से संबंधित तथा एक वीडियो में बिना नंबर की बाइक पर चार सवारी की वीडियो तथा एक वीडियो में हदें पर करते हुए बिना नंबर की बाइक पर उल्टा बैठकर स्टंट करते हुए पीछे चल रहे बाइक सवार युवक को खुलेआम फिलाइंग किस देते हुए अपलोड किया गया है जो साफ तौर पर समाज को दूषित करने तथा कानून की धज्जियां बेखौफ होकर उड़ाने की मानसिकता दर्शाते हैं। इस मामले में जब लोगों से बात हुई तो लोगों का साथ स्पष्ट रूप से कहना रहा की आजकल ज्यादातर लोग अपनी बच्चियों को पढ़ाई करने के लिए मोबाइल दिलाते हैं और इस तरह की वीडियो जो लड़कियों द्वारा अपलोड की जाती है उसे अन्य लड़कियों पर तथा समाज पर बुरा असर पड़ता है तथा लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा की ऐसी लड़कियों की वजह से लोग अपने घर में लड़कियों को फोन देने से सकुचाते हैं, ऐसी लड़कियों के खिलाफ पुलिस को कार्यवाही दंडात्मक रूप से भी करनी चाहिए ।

न्यूज ब्रीफ

पॉक्सो एक्ट में वांछित दो अभियुक्त गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/टूण्डला। जनपद के थाना टूण्डला पुलिस ने दो वांछित वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया। वांछित व वारंटी के पकड़ के दौरान क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में टूण्डला पुलिस ने दो वांछित व वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों में प्रदीप उर्फ पिन्टू पुत्र कुंवरपाल निवासी बसई थाना टूण्डला और अमन पुत्र प्रदीप उर्फ पिन्टू निवासी बसई थाना टूण्डला सम्बन्धित पोक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट में वांछित थे। दोनों को न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जा रहा है।

जिला न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। शनिवार को जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक एवं जेलर जिला कारागार उपस्थित रहे।

अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। थाना क्षेत्र में दक्षिण पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया। अवैध शस्त्रों की रोकथाम एवं बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दक्षिण पुलिस ने नीरज शर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शर्मा को एक नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

चोरी के टेबलेट सहित अभियुक्त गिरफ़्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। युवक के कब्जे से एक चोरी का टेबलेट बरामद हुआ। उत्तर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अलताफ पुत्र आसिफ निवासी जाटवपुरी थाना रामगढ को गंगा नगर में बिजली घर के पास से एक चोरी के सैमसंग के टैबलेट सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पॉक्सो के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। पॉक्सो एक्ट के आरोपी अमर सिंह पुत्र रमेश चन्द्र निवासी कुशियारी थाना जसराना को ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना जसराना पर पंजीकृत अभियोग में न्यायालय के द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 02 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/टूंडला। शनिवार को गांव बसई में एक युवक का घर की चौखट पर रस्सी के सहारे शव लटका हुआ मिला। मृतक घर में अकेला रहता था। पत्नी दो बेटों के साथ कलकत्ता अपने मायके में एक साल से रह रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी टूंडला अनिवेश कुमार ने बताया कि मृतक संजय सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम बसई मजदूरी करता था। और अधिक मात्रा में शराब पीता था। पत्नी के गम में इसने आत्महत्या कर ली है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव नगला मानसिंह में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की आग से जलकर मौत हो गई, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। संगीता देवी पत्नी जोगेंद्र सिंह निवासी नगला मानसिंह की शनिवार सुबह आग से जलकर दर्दनाक मौत हो गई। संगीता के भाई सुल्तान सिंह निवासी शहजादपुर दिदौली थाना नसीरपुर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मैंने अपनी बहन संगीता की शादी 22 फरवरी 2023 को हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। तभी से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और हमारी बहन को परेशान करते रहते थे। मेरी बहन को ससुराल वाले ने आग लगाकर मार डाला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

प्रेमी की चिता बनाकर किया गया अंतिम संस्कार व प्रेमिका को दफनाया गया

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज । थाना क्षेत्र के गांव जायमई में शुक्रवार सुबह प्रेमी प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूद कर मौत को गले लगा लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जैसे ही दोनों शक गांव में पहुंचे तो लड़की के परजनों ने लड़की के शव को दफना दिया वही लड़का के परिजनों ने चिता बनाकर अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार सुबह से लेकर शाम तक गांव में मातम पसरा रहा । लोग जगह-जगह इक्का-दुक्का खड़े होकर बातें करते नजर आए।

एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/बहजोई सम्भल/शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिहं गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीश्चन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी व थानाध्यक्ष सतेंद्र पवार थाना बहजोई जनपद सम्भल के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु 138 एन0आइ० एक्ट में वारण्टी अभियुक्त गिरराज सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम जैतपुर थाना बहजोई जनपद सम्भल को उ0नि0 अशोक शर्मा द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

22 पत्रावलियों का निस्तारण कर 7 बिछड़े परिवारों को मिलाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल। शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सुबह 10:30 बजे पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की देखरेख में चलाई जा रही है जो पुलिस लाइन मण्डी समिति बहजोई में संपन्न हुई जहां पति पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया जहां कुल 79 पत्रावली सुनकर 22पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमे 7 परिवारों को मिलाया गया तथा 5 पत्रावाली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवम 10 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय सीमा आर्य श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा एवं कांस्टेबल उषा ,रश्मि ,नूतन ,शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

दो पक्षों में हुआ झगड़ा पुलिस ने किया चालान

नेशनल एक्सप्रेस/ चंदौसी बड़ा महादेव निवासी विशाल गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र गुप्ता अपने गोदाम सीकरी गेट पुलिस चौकी के पास में गोदाम में अन्दर बैठा हुआ था, तीन व्यक्तियों के खिलाफ चंदौसी कोतवाली में तहरीर दी गई जिसमे बताया कि कोई बल्ली, साजिद तथा एक अन्य व्यक्ति के साथ आए और मै अपने गोदाम पर बैठा हुआ था तभी तीनों लोग मुझसे लिपट गए और मेरा हाथ चोटिल हो गया जिसकी तहरीर चंदौसी कोतवाली में दी उसके बाद मेरा मेडिकल कराया गया पीड़ित के द्वारा बताया गया की मेरे ऊपर हमला चाकू से किया गया है और मेरी जेब से कुछ नगद राशि भी छीन ली गई इसलिए मैंने चंदौसी कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है क्योंकि में एक व्यापारी हूं मेरा गोदाम सीकरी गेट पर स्थित है आए दिन ही ये लोग ऐसे ही झगड़ा करते रहते है पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए पीड़ित ने कहा की दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए । उधर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों में आपसी झगड़ा हुआ था हमने कार्यवाही करते हुए दोनो पक्षों पर शांति भंग की कार्यवाही की है रही बात चाकू से हमला करने की तो ऐसा कुछ नही हुआ है सिर्फ झगड़ा हुआ था बाकी जांच की जा रही है।

ब्रीफ समाचार

मेहनत इतनी शांति से करें कि सफलता शोर मचा दे: चौधरी ब्रह्म सिंह

गांव मूंडा खेड़ा के सी0डब्ल्यू0डी0 इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव की रही धूम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

खुर्जा। छात्र-डात्राएं मेहनत इतनी शांति से करें सफलता शोर मचा दे। यह विचार क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी ब्रह्म सिंह ने गत दिवस गांव मूंडाखेड़ा स्थित सी0ड-ब्ल्यू0डी0 इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में एकत्रित छात्र-छात्राओं के संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी ब्रह्म सिंह ने कहा कि मेहनत, मेहनत होती है। इसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मेहनत करने की आदत बना लेनी चाहिए। जिनको मेहनत की आदत पड़ जाती है। उनकों ही सफलता की आदत पड़ जाती है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समझाया कि आदत का तात्पर्य कंससिसट-ेंसी (निरंतरता) होती है। कार्यक्रम के अतिथि और भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य चौधरी ध्यान सिंह ने विद्यार्थियों के संबोधन में कहा कि उन्हें लगन को अपना मित्र बना लेना चाहिए। लगन, लगन ही होती है। लगन का स्थान ना तो योग्यता ही ले सकती है और ना ही प्रतिभा। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बड़े सपने देखा करें। सपने भी वह जो रात को सोने ना दें। इससे पहले छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मन भावन प्रस्तु-ति दी। वार्षिकोत्सव की मची धूम में छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देख आगंतुक अभिभावक मंत्र मुग्ध हो गए।

वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने तीस पदक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को, उनतीस पदक द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को और बत्तीस पदक तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्याा-र्थियों को दिए। वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी ब्रह्म सिंह, अतिथि और वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ध्यान सिंह, विद्यालय के प्रबंधक अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार, समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहा।

सांसद वही जो समस्याओं से निजात दिलाए

लोग चाहते हैं कि उनका सांसद क्षेत्र में चैतरफा विकास और बेमिसाल कार्य कराए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सर्वेन्द्र पंडित

मनोज कुमार वैद्य

धर्मेन्द्र महावर

विजय सोलंकी

खुर्जा। आम चुनाव आते हैं और चले जाते हैं। लेकिन लोगों को समस्याओं से निजात नहीं मिलती। समस्याएं जस की तस है। शिक्षा, खेती, दवाई और पढ़ाई दिनों दिन महंगी होती चली जा रही है। लोग चाहते हैं कि उनका सांसद ऐसा हो जो समस्याओं का समाधान कराए, सर्वांगीण विकास कराए और महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ संसद में आवाज उठाए।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ और आईटी विभाग के मंडल संयोजक सर्वेन्द्र पंडित ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र का चैतरफा विकास कराए। लोगों के दुख-सुख में उनके साथ रहे। समाधान बनकर लोगों की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाए और केून्द्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाए।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मनोज कुमार वैद्य का कहना है कि क्षेत्र का सांसद लोगों का हितैषी और उनक-ी आवाज का प्रतिनिधित्व करने वाला होना चाहिए।

क्षेत्रीय सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से संसद में डठाए। उन्होंने कहा कि हमारा सांसद खनकदार आवाज का स्वामी हाना चाहिए। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र महावर ने कहा कि क्षेत्र का सांसद ईमानदार और विकास के नए मानदंड स्थापित करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर में जलभराव की विकाराल समस्या है। जरा सी बारिश में नगर ताल तलैया बन जाता है। सांसद को नगर की इस विकराल समस्या से निजात दिलाने के लिए फिक्रमंद होना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता, आर्य समाज के प्रधान और महाराणा प्रताप विकास संस्थान के अध्यक्ष विजय सोलंकी का कहना है कि हमारा सांसद गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा जैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद ने बीते दस वर्षों में क्षेत्र में सैकड़ों विकास कार्य कराए हैं। लोगों को वह आसानी से मिल जाते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान को तत्पर रहते हैं। विकास कार्य उनकी प्रतिबद्धता है।

बसपा प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन ने किया जनसंपर्क बसपा की गिनाई नीतियां

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी डॉ. चौधरी मुजाहिद हुसैन ने विधानसभा क्षेत्र नौगावां सादात के दर्जनों गांवों का जनसंपक- र्कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की। और इस दौरान उन्होंने लोगों को पार्टी की नितियों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा की बसपा मे ही हर वर्ग का सम्मान सुनिश्चित है। सत्तारूढ़ पार्टी अमीरों की पार्टी हैं। इसमें छोटे वर्ग के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। और समाजवादी वादी पार्टी की ओर इशारा करते हुए कहा की सपा को केवल मुस्लिम समाज के लोगों के वोट चाहिए।और मुसलमानों के हक के लिए बोलने को तैयार नहीं है। इस मौके पर फुरकान अहमद पूर्व प्रत्याशी विधानसभा नौगाँवा, टीकाराम सैनी मण्डल प्रभारी,अभय गौतम विधानसभा अध्यक्ष, ज़िला अध्यक्ष सोमपाल सिंह एड०, विक्रम सिंह ,रिसाल सिंह, ओमपाल सिंह ।

समाजवादी आंदोलन पार्टी के प्रत्याशी होंगे इरशाद अली

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

अमरोहा। समाजवादी आंदोलन पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी इरशाद अली खान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी समाजवादी आंदोलन पार्टी एवं अपने समर्थको के साथ जिला कलेक्ट अमरोहा पहुंचकर नॉमिनेशन के लिए पर्चा लिया ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि हमने भारतीय गठबंधन के तहत समाजवादी आंदोलन पार्टी का इर-शाद अली खान को प्रत्याशी अमरोहा लोकसभा बनाया और हमारे सह-योगी पार्टी मजलूम समाजपार्टी, भारतीय नीतिवादी पार्टी जो हमारे सहयोग में है और हम इरशाद अली को भारी मतों से जीतने का काम करें अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी इरशाद अली खान जी ने कहा कि मैं समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्र-ीय अध्यक्ष एवं सहयोगी पार्टियों का शुक्रगुजार रहूंगा।

और अमरोहा लोकसभा पर जीत दर्ज कराऊंगा लोकसभा के सर्व समाज की अम के काम आऊंगा और सुख-दुख में रहूंगा उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदर-ीसी, अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी इरशाद अली खान, मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष पंकज अंबेडकर, अमरोहा जिला अध्यक्ष जितेंद्र भारती, मुजम्मिल हयात सैफी पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी, जमालुद्दीन सैफी जिला प्रचार मंत्री, डॉक्टर इदरीस अहमद इदरीसी जिला महासचिव अमरोहा, शरीफ अहमद मंसूरी विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा, समीर अहमद मंसूरी युवा नेता, सलीम अहमद सैफी युवा जिला अध्यक्ष अमरोहा, मास्टर कमरुद्दीन मंसूरी राष्ट्रीय सच्चि-व, सतपाल सिंह चौहान वरिष्ठ नेता, राशिद अली आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम की कार्यवाही, 70 लीटर कच्ची शराब बरामद

नेशनल एक्सप्रेस विशाल शर्मा

हसनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अमरोहा एवं पुलिस अधीक्षक अमरोहा के निर्देश पर जिला

आबकारी अधिकारी अमरोहा की देखरेख में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में कोतवाली हसनपुर अंतर्गत ग्राम रखैडा, लुहारी खादर तथा करनखाल में कोतवाली हसनपुर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दविश की गयी। कर-नखाल में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया। लगभग 400 किलो बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। लुहारी खादर में एक महिला को लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिर-फ्तार किया गया एवं आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में भय व्याप्त हो गया है। इस संबंध में पूछने पर जिला आबकारी अधिकारी अमरोहा जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस प्रकार की संयुक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। संयुक्त टीम में आबकारी निरीक्षक हरीशचंद्र, रामकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, चेतना पंवार तथा कोतवाली हसनपुर के उप निरीक्षक सतीश कुमार मय हमर-ाह शामिल थे।

अरुणाचलः मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

ईटानगर (भाषा)अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांक-न वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया।

परीक्षाफल वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्र हुए पुरस्कृत

रिपोर्ट कार्ड पाकर खिले बच्चों के चेहरे, सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले हुए सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस विशाल शर्मा

हसनपुर। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर विकासखंड क्षेत्र गंगेश्वरी में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमरोहा यशपाल सिंह के द्वारा बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया। इस बीच कार्यक्रम में अभिवावको एवम् गणमान्य नागरिकगणों विद्यालय परिवार की उपस्थिति में कक्षा अन-ुसार प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 17 बच्चों में विद्यालय टॉपर आदित्य व राधिका को प्रमाण पत्र व सील्ड गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को और भी मेहनत के साथ निरंतर पढ़ाई व अभ्यास कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा का महत्व और हमारे जीवन में इसके योगदान के बारे में कहा कि शिक्षा वह यंत्र है जो हमारे जीवन की सभी चुनौतियों और और डर को मिटाने में मदद करती है।

जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ने कहा शिक्षा रूपी वह यंत्र है जो खुश और शांतिप्रिया बनाने के लिए बेहतर सामाजिक मनुष्य बनाती है। अभिव-ावको का ध्यान आकर्षण करने हेतु कहा कि अभिभावक के हिम्मत और हौसले के लिए भी शिक्षा बहुत जरूरत होती है।विद्यालय में शिक्षक एक विचार देता है सफलता का सूत्र देता है ,उस विचार को सींचने और उसे हरा भरा रखना मां बाप का कर्तव्य होता है, हो सकता है कोई विद्यार्थी पढ़ाई में औसत अंको से पास हो परंतु अगर उन्हें संस्कार और आदर्शों का सहारा मिल जाए तो यह ही बच्चे कामयाबी का नया इतिहास लिख सकते हैं।

ऐसे विद्यार्थियों को भविष्य में अच्छे रोजगार आसानी से मिलते हैं और सामाजिक रुप में में भी वे हमेशा आगे रहते है। मुझे आशा है और विश्वास करता हूं कि आप बहुमुखी प्रतिभा के दम पर भविष्य में खुद को बेहतर साबित करेंगे तथा समाज को उज्जवल बनाएंगे। विद्यालय में कक्षा बार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा एक प्रथम अन्वी द्वितीय आकांक्षी तृतीय लक्ष्य, कक्षा 2 प्रथम अनमोल द्वितीय प्रिंस तृतीय देवकांत, कक्षा 3 प्रथम प्रशांत द्वितीय सोनाक्षी कक्षा 4 आ-दित्य,प्रशांत, कक्षा 5 दक्ष प्रथम दीपेश व द्वितीय मनीष तृतीय नितिक-ा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजेंद्र सिंह ऋषभ चौधरी गौरव नागर संदीप कुमार ,राजीव सिंह, नन्हे सिंह, प्रेम सिंह , देशराज सिंह ,प्रेमवती ,मीना, होस्यारी ,नीरज देवी शिक्षक एवं सम्मानित नागरिक गण उपस्थित रहे।

ब्रीफ समाचार

लातेहारःलोकसभा चुनाव से पहले पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,5 लाख के इनामी नक्सली कमांडर नेशनल भोक्ता को दबोचा

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)।लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुटी पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी मिली है।लातेहार पुलिस ने 5 लाख के इनामी नक्सली कमांडर नेशनल भोक्ता को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गुप्त सूचना पर माओवादी नक्सली कमांडर नेशनल भोक्ता उर्फ नागेश्वर भोक्ता को गारू थाना क्षेत्र के मिचाईया जंगल से दबोचा।

वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था,लेकिन समय रहते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।वह लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र का रहनेवाला है।इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार का दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के लिए मिर्चाइया जंगल में जमा हुआ है।जिसके बाद बरवाडी डीएसपी वेंकटेंश कुमार के नेतृत्व में टीम गठन किया गया और छापेमारी की गई।इसी दौरान नक्सलियों को सूचना मिली और जंगल का लाभ उठाकर भागने लगे।

भागने के क्रम में ही नेशनल भोक्ता अपने दस्ते से भटक गया जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।एसपी ने बताया कि विभिन्न थाना में उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।वहीं नक्सली संगठन को बड़ा झटका मिला है।छापेमारी टीम में डीएसपी वेंकटेश कुमार के अलावा गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार,पुलिस अवर निरीक्षक देवेंद्र कुमार,रंजन कुमार पासवान,अजीत कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने 5500 पेज का चार्ज शीट किया दाखिल

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

रांची(झारखंड)।पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट दाखिल कर दिया है।करीब 5500 पेज की चार्ज शीट दाखिल किया गया है।पूर्व सीएम हेमंत की गिरफ्तारी 31 जनवरी को हुई थी।ऐसे में मनी लांड्रिंग के नियम अनुसार 60 दिनों के अंदर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है।नियम का अनुपालन करते हुए ईडी ने 60 दिन के मियाद पूरी होने पर शनिवार शाम 4:15 बजे एक ट्रंक में साक्ष्य और सबूतों समेत चार्जशीट दाखिल किया।

इस दौरान ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।बता दे कि पीएमएलए की विशेष अदालत में हेमंत सोरेन के खिलाफ 5500 पेज का चार्ज शीट दाखिल किया गया है।इस चार्ज शीट में बताया गया है कि कैसे जमीन घोटाले के जरिए मनी लाउंड्रींग का खेल खेला गया है।इस पूरे मामले को लेकर 5500 पेज में जिक्र किया गया है।इससे अब इनकार नहीं कर सकते है कि हेमंत सोरेन की मुश्किल और बढ़ सकती है।जमानत लेने में भी उन्हे थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी।क्योंकि ईडी की ओर से दर्ज चार्ज शीट में अब तक हुई जांच के बारे में पूरी जानकारी विस्तार से बताया गया है।

बता दे कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ़्तारी 31जनवरी को छ घंटे की पूछताछ के बाद हुई थी।ईडी बड़गाई अंचल से जुड़ी 8.50 एकड़ जमीन के मामले में हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी।लंबी जांच इस जमीन से जुड़े मामले में चली थी।दो बार पूछताछ और आखिर में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।

फिलहाल हेमंत सोरेन न्यायिक हिरासत में होटवार जेल में बंद है।

अपने पुरे परिवार का हत्यारा इद्दु मियां ने किया सुसाइड

नेशनल एक्सप्रेस/राकेश कुमार

पटना(बिहार)।पत्नी व तीन बच्चो को धारदार हथियार से काटकर हत्या करने वाला इद्दू मियां ने सुसाइड कर लिया है।बताया जाता हैं कि इद्दु ने सुगौली में ट्रेन से कटकर सुसाइड किया है।

उल्लेखनीय हैं कि मृतक ने गुरुवार की देर रात में अपने घर में पत्नी अफरीना खातून सहित तीन बच्चियों की उसने निर्मम हत्या की थी।

हत्या के बाद वह घर से फरार हो गया था।इद्दू को पकड़ने के लिए मोतिहारी के एसपी ने 15 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी।सुगौली में शुक्रवार की रात इद्दू ने आत्महत्या कर ली।

लोकसभा चुनावः2024,नामांकन पत्रों की जांच का पहला चरण पूरा,7 अभ्यर्थियों का पर्चा स्वीकृत,5 किए गए निरस्त

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

जमुई कार्यालय। 40 जमुई लोकसभा क्षेत्र(सु.)के चुनाव के लिए दाखिल कुल 12 नामांकन पत्रों की जांच का कार्य पूरा हो गया।भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के मुताबिक सात नामजदगी के पर्चे स्वीकृत किए गए,वहीं विभिन्न वजहों से पांच नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया।संविक्षा कार्य को लेकर समाहरणालय में खास गहमा-गहमी देखी गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 40 जमुई लोकसभा क्षेत्र(सु.)के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है।भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के मुताबिक इस क्षेत्र के लिए मतदान प्रथम चरण में 19 अप्रैल को कराया जाना है।इसके लिए शनिवार को दाखिल किए गए नामजदगी के पर्चों की जांच की गई।आरजेडी उम्मीदवार अर्चना कुमारी,एसयूसीआई प्रत्याशी संतोष कुमार दास,बसपा उम्मीदवार सकलदेव दास,लोकतांत्रिक सामाजिक न्याय पार्टी के उम्मीदवार डॉ.जगदीश प्रसाद,लोजपा रामबिलास के उम्मीदवार अरुण कुमार भारती,राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी श्रवण कुमार और निर्दलीय सुभाष पासवान का पर्चा वैध पाए जाने के बाद इसे स्वीकृत कर दिया गया।

वहीं विभिन्न वजहों के चलते भारतीय लोक चेतना पार्टी के उम्मीदवार गुड़िया देवी,समझदार पार्टी के उम्मीदवार गौतम पासवान,भारतीय एकता पार्टी के उम्मीदवार अनिल चौधरी,निर्दलीय चंद्रशेखर कुमार और उपेंद्र रविदास के नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अभ्यर्थी 02 अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे।इसी दिन अपराह्न 03 :00 बजे से अभ्यर्थियों के बीच प्रतीक का वितरण किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव 2024: झारखंड कांग्रेस की तीन 'दुर्गा' जिनकी नाराजगी में डूब सकती है 2024 की नैया

विधान सभा चुनाव में भी भारी पड़ सकती है यह भूल

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

रांची(झारखंड)।जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का रंग आसमान पर चढ़ता दिखने लगा है,झारखंड कांग्रेस के अंदर असंतोष के स्वर तेज होने लगे हैं और नाराजगी की मुख्य वजह टिकट वितरण में स्थानीय विधायकों और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप है।सामाजिक समीकरणों की उपेक्षा कर उधार के चेहरों के सहारे जंग लड़ने की सियासी रणनीति है और यह नाराजगी किसी एक विधान सभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है।हजारीबाग से धनबाद और गोड्डा तक इसका विस्तार होता दिख रहा है और आने वालों दिनों में यह कौन सी शक्ल अख्तियार करेगा,इसका आकलन फिलहाल बेहद मुश्किल नजर आता है।

गोड्डा से दीपिका सिंह की चाहत

एक तरफ अपने आप को हेमंत का हनुमान बताने वाले जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी गोड्डा संसदीय सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी के पक्ष में बैटिंग करते दिख रहे हैं। इरफान का दावा है कि गोड्डा से तीन बार के सांसद रहे निशिकांत को यदि कोई सियासी अखाड़े में शिकस्त दे सकता है,तो वह सिर्फ फुरकान अंसारी का चेहरा है, दूसरी ओर वर्ष 2002 में कमल की सवारी कर संसद पहुंचने वाले प्रदीप यादव की दावेदारी भी तेज है।ध्यान रहे कि 2002 के बाद प्रदीप यादव ने 2009 और 2014 में भी झाविमो मोर्चा के बैनर तले किस्मत आजमाने की कोशिश की थी,लेकिन निशिकांत के हाथों सियासी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

बावजूद इसके एक बार फिर से वह मैदान में उतरने का ताल ठोकते दिख रहे हैं। जबकि फुरकान अंसारी 2002 के बाद 2014 में भी मैदान में थें और उन्हे करीबन 50 हजार मतों से मात खानी पड़ी थी,हालांकि इसका एक कारण प्रदीप यादव के हाथों करीबन 2 लाख वोट कटना भी था।यदि तब प्रदीप यादव मैदान में नहीं होते तो निशिकांत दुबे को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता था।

अब इस बदले सियासी हालत में महागामा विधायक दीपिका पांडे भी ताल ठोंकने की तैयारी में है।हालांकि दीपिका का कहना है कि पार्टी का आलाकमान जो भी निर्णय होगा,वह स्वीकार होगा।इस हालत में फैसला आलाकमान को लेना है, लेकिन दीपिका की हसरतें जरुर मैदान में कूदने की है। और सवाल यह भी है कि यदि बार बार बूझे तीरों को ही आगे कर मैदान फतह करने की कोशिश की जायेगी,तो युवाओं का नया नेतृत्व कैसे खड़ा होगा।

धनबाद में पूर्णिमा नीरज सिंह की चाहत

ठीक यही कहानी धनबाद संसदीय सीट पर भी देखी जा रही है।धनबाद में भाजपा पहले ही बाधमारा विधायक ढुल्लू महतो को मैदान में उतार कर पिछड़ा कार्ड का मास्टर स्ट्रोक खेल चुकी है।हालांकि भाजपा के इस पिछड़ा कार्ड के बाद धनबाद के सियासी गलियारों में विरोध के स्वर भी देखने को मिल रहे हैं। खास कर अगड़ी जातियों में नाराजगी की कुछ ज्यादा ही पसरती दिख रही है और अब इसी नाराजगी का सियासी फसल काटने की जुगत में पूर्व सीएम रधुवर दास को उनके ही अखाड़े में चुनावी शिकस्त देने वाले सरयू की इंट्री की चर्चा भी तेज है।लेकिन ढुल्लू महतो के सामने इंडिया गठबंधन का चेहरा कौन होगा,इसको लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

कई नाम एक साथ सामने आ रहे हैं,बेरमो विधायक अनुप सिंह अपनी पत्नी अराधना सिंह की बैटिंग तेज करते नजर आ रहे हैं।उधर उनके भी भाई गौरव सिंह के द्वारा ताल ठोके जाने की खबर है।लेकिन इस बीच झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का दिल्ली पहुंचने की खबर है।ध्यान रहे कि पूर्णिमा नीरज सिंह को लेकर सियासी गलियारों में कई दावे किये जाते रहे हैं।लेकिन ढुल्लू महतो के नाम का एलान होने के बाद उन सारे कयासों पर विराम लग गया है,और बदले हालत में पूर्णिमा नीरज सिंह का दिल्ली जाना,बदलते घटनाक्रम का गंभीर संकेत है।स्थानीय विधायक होने के कारण अनुप सिंह की तुलना में पूर्णिमा नीरज सिंह की दावेदारी भी मजबूत है।अब इसका फैसला भी पार्टी आलाकमान को करना है।फैसला इस बात का करना है कि अगड़ी जातियों में पसरती इस नाराजगी को कैश करने के लिए सियासी पांसा फेंका जाय या भाजपा का पिछड़ा कार्ड को ध्वस्त करने के लिए किसी पिछड़े चेहरे को सामने लाया जाय,स्वाभाविक रुप से कांग्रेस के अंदर इस पर मंथन जारी होगा।हालांकि दोनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान है,लेकिन कौन सा दांव बेहतर होगा,इसका आकलन करना महत्वपूर्ण होगा और इन सारे फैसलों के बीच पूर्णिमा नीरज सिंह की चाहत और मंशा को भी समझना होगा,वैसे भी धनबाद कांग्रेस की सबसे कमजोर कड़ी है,यदि एक मात्र विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के अंदर भी नाराजगी पनपती है,तो इसका नुकसान सिर्फ लोकसभा चुनाव में ही नहीं विधान सभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।

हजारीबाग से अम्बा प्रसाद का पत्ता साफ

एक तीसरा नाम अम्बा प्रसाद का है।अम्बा के बारे में पहले हजारीबाग के मैदान से उतारने जाने की चर्चा थी।लेकिन अचानक से भाजपा से जेपी पटेल को लाकर पत्ता साफ कर दिया गया।अब जेपी पटेल मनीष जायसवाल की राह रोकेंगे या अम्बा और उनके पिता योगेन्द्र साव कोई और सियासी गुल खिलायेंगे,कांग्रेस के रणनीतिकारों को यह सवाल उलझाने लगा है।सियासी जानकारों का दावा है कि जेपी पटेल के पास भले ही एक मजबूत सामाजिक समीकरण है।लेकिन उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हजारीबाग के इस दंगल में अम्बा और योगेन्द्र साव की रणनीति क्या होती है?

यदि नाराजगी और गुटबाजी इसी प्रकार बनी रही तो मनीष जायसवाल की राह आसान हो सकती है और इसके पीछे यह तर्क दिया जा रहा कि युवाओं के बीच अम्बा का जो क्रेज है,जेपी पटेल में उसकी झलक दिखलायी नहीं पड़ती।अब कांग्रेस के रणनीतिकरों को अम्बा के साथ यह खेल क्यों किया,इसका जवाब तो कांग्रेस के पास ही होगा,लेकिन यदि अम्बा में नाराजगी है,तो इसका नुकसान भी इस बार हजारीबाग लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा,वैसे भी बड़कागांव जहां से अम्बा प्रसाद जीत कर आती है,दावा किया जाता है कि उस सीट पर फतह के लिए योगेन्द्र साव का चेहरा ही काफी है।अब यदि हम इन तीनों कड़ियो को जोड़कर देखने समझने की कोशिश करें तो झारखंड कांग्रेस के इन तीन महिला विधायकों के बीच पार्टी आलाकमान के प्रति नाराजगी की कई वजहें है,और यदि समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया तो लोकसभा चुनाव के साथ ही विधान सभा चुनाव में ही इसका दुष्परिणाम देखने को मिल सकता है।

मुंगेर का हथियार खपता था धनबाद में,मां और बेटा हुए गिरफ्तार

कुल 14 के खिलाफ सीसीए की अनुशंसा

स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस

रांची(झारखंड)।धनबाद जिला और पुलिस प्रशासन भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कृत संकल्पित है।इसके लिए धनबाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट,वाहन चोरी सहित अन्य मामले में शामिल 2400 अपराधियों की सूची बनाई गई है।पुलिस एक-एक के घर जाकर वेरिफिकेशन कर रही है।इतना ही नहीं,मुंगेर से अवैध हथियार लाकर लोगों को बेचने वाले मां,बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।एसएसपी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।बताया कि अवैध हथियार की हो रही खरीद बिक्री एवं गैर कानूनी उपयोग पर पूर्ण रोक लगाने के लिए एसडीपीओ निरसा के नेतृत्व में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई है।टीम

द्वारा 50 वर्षीय एक महिला और उसके पुत्र को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया है।वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनको गुप्त सूचना मिली थी कि निरसा आरती होटल,कंचनडीह के सामने भुईयाधौड़ा की एक 50 वर्षीय महिला और उसका पुत्र मुंगेर से अवैध देशी कट्टा,पिस्टल लाकर निरसा थाना क्षेत्र एवं इसके आस-पास के थाना क्षेत्रों के लोगो को बेचते हैं।सूचना के आधार पर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने छापामारी करते हुए महिला उषा देवी एवं उसके पुत्र कृष्णा यादव को 7.65 एमएम के 2 कंट्री मेड पिस्टल,7.65 एमएम के 2 खाली मैगजीन और 7.65 एमएम के 14 जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों पकड़ा।वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 12 चेक पोस्ट के साथ-साथ इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं इंट्रा डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट भी बनाए है।साथ ही 21फ्लाइंग स्क्वायड टीम की तैनाती की गई है।अन्य राज्य या अन्य जिले से धनबाद में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच कर अवैध हथियार,नकद राशि,शराब व अन्य प्रतिबंधित वस्तु लेकर घूम रहे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अब तक आर्म्स एक्ट,एससी/एसटी,दंगा,वाहन चोरी करने वाले 2400 अपराधियों की सूची बनाई गई है।पुलिस द्वारा एक-एक व्यक्ति के घर जाकर वेरिफिकेशन किया जा रहा है।साथ ही बताया कि पुलिस ने 14अपराधियों के विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट लगाने की अनुशंसा की है।

ठाकुर गांव से चार धाम की यात्रा को निकली दो बसें दुर्घटनाग्रस्त

2 की मौत,आधा दर्जन तीर्थयात्री घायल

राकेश कुमार/नेशनल एक्सप्रेस

रांची(झारखंड)।बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव से चार धाम की यात्रा के लिये निकली दो बसें दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी है।वहीं आधा दर्जन तीर्थयात्री घायल हो गये हैं।मृतकों में ठाकुरगांव का अशोक भगत उर्फ खेदन भगत(65)तथा बसंत यात्री बस का ड्राइवर रांची निवासी बालेश्वर साहू(62)शामिल हैं।घटना की सूचना पाकर खेदन भगत के परिजन ठाकुरगांव से डेहरी के लिये रवाना हो गये हैं।घटना को लेकर बताया जा रहा कि सुबह समय मे बिहार के डेहरी में तीर्थयात्रियों की बस में खराबी आ गयी।जिसे ठीक कराने के दौरान सड़क किनारे खड़ी बस को कोयला लदे ट्रक ने टक्कर मार दी।

बराबर तीर्थयात्रा को ले जाता था खेदन ठाकुरगांव निवासी अशोक भगत उर्फ खेदन भगत

बहुत ही धार्मिक व मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था।वह पिछले बीस वर्षों से लगातार तीर्थयात्रियों को भाड़े के बस में विभिन्न तीर्थधामों की यात्रा में ले जाने का काम करता था।इस बार दो यात्री बसों में अयोध्या समेत चार धाम की यात्रा के लिए ठाकुरगांव से यात्रियों की बस शुक्रवार को रवाना हुआ था।

कोडरमा संसदीय सीट से बागोदर विधायक विनोद सिंह होंगे महागठबंधन का चेहरा, माले ने की उम्मीदवारी की घोषणा

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

रांची(झारखंड)।कांग्रेस के बाद माले ने भी झारखंड में अपने हिस्से की सीट पर प्रत्याशी का एलान कर दिया है।कोडरमा संसदीय सीट से विनोद सिंह के नाम की घोषणा करते हुए माले ने जीत की हुंकार लगायी है और इसके साथ ही भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हुए जयप्रकाश वर्मा का पत्ता साफ होता नजर आने लगा है।ध्यान रहे कि कोडरमा से भाजपा ने वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक बार फिर से मैदान में उतारा है।यहां बता दें कि कोडरमा को भाजपा का गढ़ माना जाता है।पहली बार वर्ष 1989 में पूर्व सांसद आरएलपी वर्मा ने इस सीट से भाजपा का परचम फहराया था,हालांकि वर्ष 1991में जनता दल के मुमताज अंसारी ने एक बार फिर से बाजी पलट दी थी,लेकिन 1996 में आरएलपी वर्मा ने एक बार फिर से भाजपा का झंडा बुंलद कर दिया और इसके साथ ही 1998 में भी इस जीत को बरकरार रखा।लेकिन 1999 में तिलकधारी सिंह ने एक बार फिर से कांग्रेस की इंट्री करवा दी।वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर बाबूलाल की इंट्री होती है और वह एक बार फिर से भाजपा का झंडा फहराने में कामयाब रहते हैं।लेकिन 2006 के चुनाव में भाजपा को झटका लगा,यह सीट तो बाबूलाल के नाम ही रही,लेकिन तब तक वह भाजपा छोड़ चुके थें और बाबूलाल ने यही करिश्मा 2009 के लोकसभा चुनाव में दिखलाया।जब वह अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक)के बनैर तले इस सीट को अपने नाम किया।लेकिन 2014 में भाजपा के रवीन्द्र कुमार राय ने बाबूलाल को सियासी पटकनी दे दी और यह सीट एक बार फिर से भाजपा के पास चली गयी।इधर 2014 में जब पूरे देश में मोदी की आंधी बह रही थी,तब भाजपा ने

राजद का लालटेन छोड़कर कमल पर सवाल हुई अन्नपूर्णा देवी को पार्टी छोड़ने का इनाम दिया और कोडरमा सीट से उम्मीदवार बना दिया और अन्नपूर्णा ने करीबन चार लाख मतों बाबूलाल को पटकनी दे देकर एक इतिहास लिखा था।अब वही अन्नपूर्णा इस बार सियासी अखाड़े में है और उनके सामने है झारखंड की सियासत का एक बड़ा चेहरा और माले नेता महेन्द्र सिंह के बेटे विनोद सिंह हैं।अपने पिता महेन्द्र सिंह की हत्या के बाद विनोद सिंह,वर्ष 2005,2009 और 2019 में इस सीट से माले का झंडा बुलंद कर चुके हैं।साफ है कि विनोद सिंह कोडरमा की सियासत में एक बड़ा चेहरा है।इस हालत में देखना होगा कि इस जंग में बाजी किसके हाथ लगती है।यदि हम बात वर्तमान सामाजिक समीकरण की करें तो कोडरमा संसदीय सीट में कुल छह विधान सभा आता है,इसमें अभी कोडरमा से भाजपा की नीरा यादव,बरकट्टा से निर्दलीय अमित कुमार यादव,धनवार से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,बगोदर से खुद विनोद सिंह,जमुआ सुरक्षित से भाजपा के केदार हाजरा और गांडेय से कांग्रेस सरफराज आलम थें,जो अब राज्य सभा जा चुके हैं,और गांडेय विधान सभा के लिए उपचुनाव की घोषणा भी हो चुकी है।इस प्रकार छह में तीन पर भाजपा का कमल और निर्दलीय विधायक अमित यादव का समर्थन है तो दूसरी ओर सीपाईएमएल और झामुमो का एक एक विधायक है।जबकि यदि सामाजिक समीकरण की बात करें तो इस संसदीय सीट पर यादव-2.60 लाख,मुस्लिम-2 लाख,बाभन-2 लाख,कोयरी कुर्मी-2.20 लाख,आदिवासी-1.50 लाख,दलित-2 लाख, वैश्य-1.50 हैं।यानि इंडिया गठबंधन की जीत का दामोदार मुस्लिम,कोयरी और कुड़मी के साथ ही आदिवासी मतदाताओं पर टिकी है और इसके साथ ही विनोद सिंह का बेदाग और लोकप्रिय चेहरा है,तो दूसरी ओर भाजपा की नजर यादव मतों के साथ ही दूसरी पिछड़ी जातियों में सेंधमारी पर होगी,इस हालत में देखना होगा कि यादव मतदाताओं में इंडिया गठबंधन किस हद तक सेंधमारी में सफल होता है और जयप्रकाश वर्मा जो टिकट की चाहत में भाजपा छोड़ झामुमो के साथ गये थें,उनकी भूमिका क्या होती है?

कांग्रेस ने सत्तारूढ़ दल में शामिल होने वाले नेताओं को 'क्लीन चिट' देने पर भाजपा पर तंज कसा

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शनिवार को अपने संवाददाता सम्मेलन के मंच पर वाशिंग मशीन दिखाते हुए राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ 2017 के भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किए जाने को लेकर भाजपा पर तंज कसा और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी की ''पूरी तरह से स्वचालित वाशिंग मशीन'' इस सिद्धांत पर काम करती है कि ''भाजपा में शामिल होने पर मामला बंद'' कर दिया जाएगा।

विपक्षी नेता अकसर आरोप लगाते रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने वाले या इसके साथ गठबंधन करने वाले नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले बंद कर दिए जाते हैं।

पार्टी ने चेतावनी दी कि वह एजेंसियों के ऐसे ''प्रत्येक अधिकारी को देखेगी'' जो स्वेच्छा से लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने वाला पक्ष बन रहे हैं।

शनिवार को एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा का संवाददता सम्मेलन पूरी तरह से प्रतीकात्मक था, जिसमें मेज पर ''भाजपा वॉशिंग मशीन'' रखी हुई थी और ''भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, घोटाला'' लिखी ''गंदी टी-शर्ट'' का भी प्रदर्शन किया गया, जो मशीन के अंदर जाती और फिर ''बीजेपी मोदी वाश'' लिखी एक साफ-सुथरी टी शर्ट बाहर आती दिखती।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि ''भाजपा मशीन की कीमत 8,500 करोड़ रुपये से अधिक है'' जो सत्ताधारी पार्टी को चुनावी बांड के माध्यम से मिला पैसा है और यह ''मोदी वाशिंग पाउडर'' के साथ भ्रष्टाचार के सभी प्रकार के दागों को साफ करने में प्रभावी है।

संवाददता सम्मेलन में प्रधानमंत्री की तस्वीर और टैगलाइन ''सारे दाग चुटकियों में धुले'' के साथ ''मोदी वाशिंग पाउडर'' पर एक पुस्तिका भी वितरित की गई।

खेड़ा ने कहा कि पटेल द्वारा राकांपा को तोड़कर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन में शामिल होने के

महीनों बाद, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के 2017 के एक प्रकरण में मामला बंद करने की रिपोर्ट दायर की, जिसका उल्लेख भाजपा ने 2014 में जारी अपने ''आरोपपत्र'' में किया था।

भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में संप्रग सरकार के खिलाफ ''आरोपपत्र'' में इसे ''एयर इंडिया घोटाला'' बताया था।

खेड़ा ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि ''पूरा घोटाला लगभग 25,000 करोड़ रुपये से 30,000 करोड़ रुपये का है''।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने आरोप लगाया था कि 2006 में पटेल ने निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के वास्ते एअर इंडिया को कई विमान पांच साल के लिए पट्टे पर देने के लिए, संप्रग सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इतना ही नहीं, 2019 में, भाजपा ने पटेल के खिलाफ ''कुछ गंभीर आरोप'' लगाए और दावा किया कि ''वह 1993 के मुंबई बम विस्फोटों के आरोपी इकबाल मिर्ची के साथ एक संपत्ति सौदे में शामिल थे''।

खेड़ा ने कहा, ''भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस से पटेल और वैश्विक आतंकवादी घोषित भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी मिर्ची के बीच भूमि सौदे के आरोप पर सफाई देने को कहा। हम पूछते हैं कि उस हास्यास्पद आरोप का क्या हुआ।'' अब?''

उन्होंने दावा किया कि कम से कम 21 प्रमुख नेता ऐसे हैं जिनके खिलाफ भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें ''पाक साफ'' घोषित कर दिया गया है।

खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, नारायण राणे, अजित पवार, छगन भुजबल और अशोक चव्हाण के नामों का हवाला देते हुए कहा कि ये उन लोगों में से हैं जिनके खिलाफ भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, लेकिन जब वे भाजपा में शामिल हो गए तो उसने इसके बारे में बात करना बंद कर दिया।

खेड़ा ने कहा, ''क्या प्रफुल्ल पटेल और कांग्रेस-संप्रग का हिस्सा रहे कई अन्य लोगों के बारे में बीजेपी की 2014 की भाजपा सच है? या यह केवल कीचड़ उछालने के लिए थी? या विरोधियों को भाजपा का समर्थन करने के लिए मजबूर करने के वास्ते थी। कौन सा परिदृश्य मोदी-शाह के लिए सच है?''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' के बारे में बात की थी और अपनी ही सरकार के पापों के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की थी। क्या प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह अब खुले तौर पर कह सकते हैं कि वे प्रतिबद्ध संस्थाएं चाहते हैं।''

खेड़ा ने प्रधानमंत्री के 2014 के चुनावी बयान के लिए उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ''''ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा, अगर बीजेपी में आओ, तो मामला रफा-दफा कर दूंगा।''

खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि ये सभी ''तथाकथित घोटाले'' फर्जी थे जिनके बारे में भाजपा ने बात की थी।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में गंगा नदी में तीन युवक डूबे, दो के शव बरामद

प्रतापगढ़ (उप्र) (भाषा) प्रतापगढ़ जिले में गंगा नदी के करेंटी घाट पर नहाते समय तीन युवक डूब गये जिनमें दो के शव बरामद कर लिए गये हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर थाना मानिकपुर क्षेत्र में शुक्रवार शाम की है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने शनिवार को बताया कि जिला कौशांबी के थाना कोखराज क्षेत्र के बसावन पुर गांव निवासी शुभम पाल (21), ब्रम्हरौली निवासी आदित्य जायसवाल (20), पलटीपुर निवासी अभिषेक पटेल (20) अपने साथी अभिषेक कुमार (22) और शशांक (23) के साथ करेंटी घाट पर गंगा स्नान के लिए आए थे।

उन्होंने बताया कि नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण आदित्य, शुभम और अभिषेक पटेल डूबने लगे तो दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन जब तक लोग पहुंचे तीनों डूब चुके थे। राय ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से देर रात आदित्य का शव बरामद किया, जबकि शुभम पाल का शव आज बरामद किया गया। अभिषेक पटेल की तलाश जारी है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने बरामद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की आठ सीट के लिए चुनाव मैदान में 80 उम्मीदवार

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शनिवार को चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इस प्रकार आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नाम वापसी की अंतिम तिथि के पश्चात कुल 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मार्च को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, जिसमें कुल 155 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच में 71 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए। प्रथम चरण के लिए कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए। सहारनपुर से दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, इसमें भूपेन्द्र सिंह एवं संजय शामिल हैं।

कड़ी सुरक्षा में अंसारी का शव यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक

गाजीपुर/लखनऊ, (भाषा) माफिया से नेता बने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को गाजीपुर जिले में उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से सुबह के समय जनाजा निकाला गया जिसमें उनके सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी और भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य तथा समर्थक शामिल रहे। उनके बड़े भाई एवं पूर्व विधायक सिगबतुल्लाह अंसारी समेत परिवार और रिश्तेदार भी जनाजे में शामिल हुए। इस दौरान भीड़ ने नारे भी लगाये। अफजाल अंसारी ने कब्रिस्तान पहुंचने के बाद लोगों को समझाते हुए भीड़ एकत्र न करने व शांति बनाये रखने की अपील की। बाद में सिगबतुल्लाह भी वहां पहुंचे। इस बीच, अंसारी का शव दफनाने के पहले सांसद अफजाल अंसारी और जिलाधिकारी के बीच नोकझोंक हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार सुबह कालीबाग के कब्रिस्तान में अंसारी के शव को ले जाने से पहले जब वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होने लगे तो जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू होने का हवाला देते हुए कहा कि सिर्फ परिवार के लोग ही जाकर मिट्टी दें। इस पर अफजाल अंसारी ने प्रतिवाद करते हुए कहा कि मिट्टी देने जैसा धार्मिक प्रयोजन पर कोई कानून नहीं लागू होता। सभी को मिट्टी देने का अधिकार है। इस कार्य के लिए अनुमति की जरूरत नहीं होती।

जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 144 लगी है। अधिक लोगों की अनुमति भी नहीं ली गई है। जनाजे की नमाजों के बाद कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी का शव दफनाया गया। मुख्तार के पैतृक आवास के निकट मैदान में और इसके बाद प्रिंस मैदान में जनाजे की नमाज पढ़ी गई। अंसारी के पैतृक आवास से कब्रिस्तान की दूरी आधा किलोमीटर से भी कम है। हालांकि जनाजे को यहां तक लाने में काफी समय लगा।

वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, '' मैं यहां मोहम्मदाबाद में मौजूद हूं और पुलिस उप महानिरीक्षक यहां पर्यवेक्षण कर रहे हैं।'' वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. ओ.पी. सिंह ने बताया, '' मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने से पहले उनके आवास से जनाजा उठा और शुरुआत में घर के पास में नमाज-ए-जनाजा अदा की गयी। इसके बाद प्रिंस मैदान में भी नमाज पढ़ी गयी।''

भीड़ द्वारा नारेबाजी और कब्रिस्तान में लोगों को जाने से रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों ने 40-50 लोगों की सूची दी थी, जिन्हें कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाए जाने के समय रहने दिया गया। बाकी लोगों को नमाज के बाद रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरी तरह शांति व्यवस्था बनी हुई है।

इससे पहले सिंह ने पत्रकारों को बताया कि परिजनों से वार्ता कर रीति रिवाज पूरे करने के बाद जनाजा निकला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जो भी कहा अंसारी परिवार के सदस्यों ने आम जनता से अपील की।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां यहां लगातार स्थिति पर नजर रख रही हैं और अंसारी के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर कालीबाग कब्रिस्तान तक सुरक्षा घेरा बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि भीड़ बढ़ने पर सुरक्षा बलों के और जवान भी तैनात किये गये।

पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और पुलिस ने जांच के बाद ही कब्रिस्तान में लोगों को जाने दिया।

इससे पहले, मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक एवं अंसारी के भतीजे मोहम्मद सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी ने जानकारी दी थी कि उनके चाचा मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार सुबह 10 बजे यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाया जायेगा। हालांकि साढ़े 10 बजे तक प्रक्रिया पूरी नहीं पायी।

एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि मुख्तार के शव को उनके माता-पिता की कब्र के पास दफनाया गया है।

मुख्तार अंसारी को बृहस्पतिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद बांदा जिला जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने अंसारी को जेल में धीमा जहर देने का आरोप लगाया था। हालांकि, अस्पताल के सूत्रों के अनुसार अंसारी के पोस्टमार्टम से इस बात की पुष्टि हुई है कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई।

बांदा मेडिकल कालेज में शुक्रवार को अंसारी के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद शाम पौने पांच बजे 26 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ उसका शव करीब साढ़े आठ घंटे में लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद देर रात एक बजकर 10 मिनट पर उसके पैतृक आवास पर लाया गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंसारी के आवास पर रात से ही लोग जुटने शुरू हो गए थे।

मुख्तार के बड़े बेटे एवं विधायक अब्बास अंसारी के जनाजे में शामिल नहीं हो सके। अब्बास अंसारी आपराधिक मामलों में कासगंज की जेल में निरुद्ध है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की तीन सीट के लिए चार ने किया नामांकन

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए शनिवार को चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने यह जानकारी दी।

द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि मेरठ में दो, गाजियाबाद में एक तथा मथुरा में एक प्रत्याशी ने शनिवार को नामांकन दाखिल किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रदेश की अमरोहा, मेरठ,बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ तथा मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होना है।

प्रधानमंत्री ने श्यामजी कृष्ण वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महान श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के वह पुरोधा रहे और अदम्य भावना व स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।'' उन्होंने कहा, ''उनके द्वारा स्थापित इंडिया हाउस ने विदेशों में स्वतंत्रता संग्राम के लिए अलख जगाने का काम किया। जैसा कि हम उनके योगदान को याद करते हैं, आइए हम उन आदर्शों को बनाए रखने का भी संकल्प लें जिनके लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी।'' चार अक्टूबर, 1857 को गुजरात के मांडवी में जन्मे वर्मा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ लंदन में इंडियन होम रूल सोसायटी, इंडिया हाउस और द इंडियन सोशलॉजिस्ट की स्थापना की थी। उनका निधन 1930 को जिनेवा के एक अस्पताल में हो गया था। उनका पार्थिव शरीर अन्तरराष्ट्रीय कानूनों के कारण भारत नहीं लाया जा सका और वहीं उनकी अन्त्येष्टि कर दी गयी। उनकी अस्थियों को जिनेवा की सेंट जॉर्ज सिमेट्री में सुरक्षित रख दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के बरेली में तीन सिपाहियों ने कैंटीन संचालक को पीटा, सभी को निलंबित किया

बरेली (उप्र) (भाषा) बरेली जिला मुख्यालय के सुभाष नगर चुंगी पर तीन सिपाहियों ने कथित तौर पर रुपये नहीं देने पर एक कैंटीन संचालक की पिटाई कर दी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सुभाष नगर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सतीश कुमार राय ने बताया कि तीन सिपाही रामू सिंह, महेंद्र सिंह और तनु के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सुभाष नगर के गणेशनगर निवासी अमित सक्सेना ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 मार्च की रात नौ बजे जब वह सुभाष नगर चुंगी पर देशी शराब की दुकान में कैंटीन पर मौजूद थे तभी सिपाही रामू सिंह, महेंद्र सिंह और तनू अपने एक अज्ञात साथी के साथ आकर रुपये मांगने लगे। शिकायत में कहा कि रुपये देने से मना करने पर वे झगड़ा करने लगे और वहां से चले गए। पांच मिनट बाद लौटे और चाकू, बेल्ट और डंडे से हमला कर दिया।

मप्र: सपा ने खजुराहो से मनोज यादव को उम्मीदवार बनाया

भोपाल, (भाषा)समाजवादी पार्टी (सपा) ने शनिवार को मध्य प्रदेश के खजुराहो लोकसभा सीट से मनोज यादव को अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। इस सीट पर उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद एवं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से होगा।

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल सपा को मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे के तहत एकमात्र सीट खजुराहो मिली है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता यश भारतीय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मनोज यादव खजुराहो सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। वह उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद के रहने वाले हैं लेकिन मध्य प्रदेश में बस गए हैं।'' यादव ने 2014 में विदिशा लोकसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें केवल 3,293 मत मिले थे। भारतीय ने कहा, ''शुरुआत में उन्हें 2023 के चुनावों में बिजावर विधानसभा सीट से टिकट दिया गया था, लेकिन उनकी उम्मीदवारी वापस ले ली गई क्योंकि पार्टी ने पूर्व

विधायक रेखा यादव को मैदान में उतारने का फैसला किया।''

भाजपा ने अपने प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य शर्मा को लगातार दूसरी बार खजुराहो से मैदान में उतारा है। भाजपा 2004 से ही खजुराहो सीट पर जीत दर्ज कर रही है। पार्टी की तेज-तर्रार नेता उमा भारती ने 1989 और 1998 के बीच चार बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यव्रत चतुर्वेदी 1999 में खजुराहो से चुने गए, जबकि 2004 में भाजपा के राम कृष्ण कुसुमरिया ने जीत हासिल की। तब से यह भाजपा का गढ़ बना हुआ है।

अरुणाचल: मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

ईटानगर, (भाषा)अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया।

सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

भारत-चीन सीमा के पास मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में खांडू का यह चौथा कार्यकाल होगा।

खांडू पिता और पूर्व मुख्यमंत्री दोरजी खांडू की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के बाद 2010 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में इस सीट से निर्विरोध चुने गए थे। मुख्यमंत्री ने 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में भी भारी अंतर से जीत दर्ज की।

उप मुख्यमंत्री दूसरी बार चौखम निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए

हैं। एक अनुभवी राजनीतिज्ञ मीन ने 1995 से लेकांग निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

निर्विरोध चुने गए अन्य उम्मीदवारों में ताली सीट से जिक्के ताको, तलिहा से न्यातो डुकोम, रोइंग से मुत्चू मिथि, हयुलियांग से दासंगलू पुल, बोमडिला से डोंगरू सिओंगजू और सागली से पहली बार चुने गए रातू तेची और जीरो से हेज अप्पा हापोली शामिल हैं।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की उम्मीदवार ताई ताड़प का नामांकन अवैध पाए जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार तेची कासो ने ईटानगर निर्वाचन क्षेत्र से निर्विरोध जीत हासिल की। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा के अन्य बची सीट और दो लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

उत्तर प्रदेश के देवरिया में सिलेंडर फटने से महिला समेत परिवार के चार लोगों की मौत

देवरिया (उप्र) (भाषा) देवरिया जिले में शनिवार सुबह एलपीजी सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव की है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि गांव के निवासी शिवशंकर गुप्ता सुबह कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे। करीब चार बजे जब उनकी पत्नी आरती चाय बना रही थीं, तभी सिलेंडर फट गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आरती देवी (42), उनकी बेटी आंचल (14), सृष्टि (11) और बेटा कुंदन (12) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

विजयन ने केंद्र सरकार पर देश की धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को खतरे में डालने का आरोप लगाया

तिरुवनंतपुरम, (भाषा) केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह भारत के धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरे में डालने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर भी हमला बोला, जिसने 2019 के चुनाव में राज्य की 20 लोकसभा सीट में से 19 सीट पर जीत दर्ज की थी। विजयन ने आरोप लगाया कि यूडीएफ के सांसद संसद में केरल की आवाज उठाने में असमर्थ तथा मूकदर्शक बने रहे।

उन्होंने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता को खतरे में डालने के भाजपा नीत केंद्र सरकार के बार-बार के कदमों के परिणामस्वरूप लोगों का एक बड़ा वर्ग इस बात को लेकर चिंतित है कि क्या वे आगे इस देश में रह सकते हैं। विजयन ने कहा, ''देश

में करोड़ों लोग डर के साये में जी रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का विश्व समुदाय के समक्ष भारत के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश होने की छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। विजयन ने कहा, ''संयुक्त राष्ट्र और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाओं के साथ ही अमेरिका और जर्मनी जैसे देश भारत में हाल में हुए कुछ घटनाक्रम की आलोचना कर रहे हैं और यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या यहां लोकतांत्रिक तरीकों का पालन किया जा रहा है।''

कई देशों और वैश्विक संगठनों ने आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ ही विवादित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के क्रियान्वयन को लेकर हाल में भारत की आलोचना की है। विजयन ने केंद्र की आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसके कारण भारत समृद्धि के मामले में दुनिया में 55वें स्थान से 107वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि ''भारत दुनिया की नजर में एक गरीब देश है''। उन्होंने कहा, ''इसका कारण सरकारी नीतियां हैं जो लोगों के लाभ के लिए नहीं, बल्कि अमीरों को और अधिक अमीर बनाने के लिए हैं।

जहां विश्व में, भारत में सबसे ज्यादा गरीब हैं, वहीं देश में केरल में सबसे कम गरीब हैं। ऐसा इसलिए है कि राज्य सरकार लोगों के लिए काम कर रही है।''

प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान दिवस के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में इस मरुधर प्रदेश की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजस्थान दिवस पर राज्य के अपने सभी परिवारजनों को मेरी कोटि-कोटि शुभकामनाएं। अद्भुत ऊर्जा और उत्साह से भरे यहां के लोग राज्य के गौरव की एक नई गाथा लिखने में जुटे हैं। मुझे विश्वास है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में राजस्थान की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च, 1949 को जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर की तत्कालीन रियासतों के विलय के बाद ''वृहत्तर राजस्थान संघ'' बना था। यही राजस्थान की स्थापना का दिन माना जाता है।

सहारनपुर में किशोर की चाकू गोदकर हत्या पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी

सहारनपुर (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में एक किशोर की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी। पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि थाना देहात कोतवाली के बेहट रोड स्थित दानिश कालोनी में शुक्रवार शाम अदनान (17) का चार-पांच युवकों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

उन्होंने बताया कि इस बीच आसपास के लोग वहां एकत्र हो गये और मामले को वहीं रफा-दफा कर दिया गया।

मांगलिक ने बताया कि अदनान समेत सभी युवक वहां से चले गये और इसके बाद शुक्रवार रात इफ्तार के बाद घर के बाहर खडे.उन्ही युवकों से एक बार फिर से अदनान की

कहासुनी हो गयी और बात ज्यादा बढ़ जाने पर इन युवकों ने अदनान पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया।

पुलिस अधिकारी के अनुसार परिजन उसे घायल अवस्था मे रात्रि में ही चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मांगलिक ने बताया कि किशोर की मां सायरा की तहरीर पर मोहल्ले के ही चांद, अमीर, इरशाद, अनस और जमील के खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या के प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

साहित्य एक्सप्रेस

अत्यंत हर्ष का विषय है कि 'साहित्य एक्सप्रेस' पृष्ठ का संपादन विभिन्न विधाओं में सौ पुस्तकों का सृजन करने वाले जाने माने साहित्यकार गिरीश पंकज कर रहे हैं। लेखक बंधु सीधे उनको भी अपनी रचनाएँ मेल कर सकते हैं।
girishpankaj1@gmail.com

कहानी

पतझड़ में बसंत

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'

नजरिया बदलते ही अनचाही स्थितियाँ भी स्वाभाविक और जीवन के लिए अर्थपूर्ण बन जाती हैं-यह मैंने आज जाना...! मैं एकदम खिलंदड़े अंदाज में घर से निकल पड़ा था...

अप्रैल का पहला हफ्ता...खुला आसमान और हल्की-हल्की हवा...सड़क के दोनों तरफ झूमते गेहूँ के खेत...मैं तड़के ही सिर्फ चाय पीकर घर से एक्टिवा लेकर निकल पड़ा था। इधर चार-पाँच दिन से रबी की फसल पकाने वाली पछुवां हवा बह रही थी। यह अपने साथ सुबह-शाम की हल्की ठंड भी ले आती है इसलिए चलते समय एक स्वेटर पहन लिया था। अभी मैं सात-आठ किलोमीटर का रास्ता तय कर चुका हूँ, हवा की गति कुछ तेज हो गई है। इसी के साथ गेहूं की बालियों का खनक भरा संगीत फिजा गूंजने लगा है और खेतों में खड़ी फसल किसानों की अगवानी में खुशी से झूमती जा रही हैं।

सामने प्राइमरी स्कूल, पारसपट्टी की इमारत दिखाई पड़ी। मेरे मन में एक हूक सी उठी-अभी चार रोज पहले यानि इकतीस मार्च तक मैं भी एक अपर प्राइमरी स्कूल का हेडमास्टर था! बीस साल पहले पारसपट्टी न्याय पंचायत का समन्वयक था, तब इसी स्कूल के एक कमरे में अपना दफ्तर लगाता था। समय बीत जाता है, यादें बाकी रह जाती हैं...सड़क पर आने-जाने वालों में अकेला मैं ही था, जिसने स्वेटर पहन रखा था। इसबीच कई लोग मेरी तरफ देख चुके थे, हर बार मुझे स्वेटर को लेकर अटपटा लगता था।

अभी साढ़े सात बज चुके थे। धूप खूब खिल उठी थी। मैंने स्कूल के सामने एक्टिवा रोक दी और स्वेटर उतार के डिक्की में रख दिया। तभी एक प्राइवेट बस रुकी, युवा अध्यापिका सुन्दर सी बच्ची के साथ नीचे आईं और स्कूल गेट की तरफ बढ़ गईं...अप्रैल के महीने से यहाँ स्कूल सात बजे के हो जाते हैं, इस लिहाज से अध्यापिका जी आधे घंटे देर से पहुंची हैं। चेकिंग के चपेट में पड़ जातीं तो मामला रफा-दफा करने में चालीस हजार लग जाते...मेरा पहला वेतन तीन सौ रुपया था, अब शुरुआत चालीस हजार से होने लगी है। बेतहाशा पैसा बढ़ा है, उसी रेशिओ में करप्शन भी...महिलाएं नौकरीपेशा होती हैं, तब भी उनको घरेलू काम निपटने ही पड़ते हैं। इसलिए अप्रैल में नए सिरे से एडजस्ट करने में चार-छह दिन लगने लाज़मी हैं...मन ही मन अध्यापिका को क्लीन चिट देते हुए मैं पाण्डेबाबा बाजार आ गया था।

पहले इधर आने पर सीधे मोतीलाल वर्मा के यहाँ जा बैठता था। यह रिटायर्ड टीचर और यारबाज़ आदमी थे। मिलने-जुलने वालों को देखते ही खुशी से झूम उठाते थे। मगर पिछली सर्दियों में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। मैं उनके मकान के सामने वाली चाय की दुकान में बैठ गया। दुकानदार मुझे पहचाता था, लिहाजा दुआ-सलाम और हालचाल लेने की औपचारिकता के बाद चाय बनाने लगा। मैंने मोबाइल निकाल, शिवनारायण का नम्बर डायल किया। दो बार तो पूरी रिंग गई, फोन ही नहीं उठा। तीसरी बार फोन उठा-"हैलो...!"

"आप कहाँ हैं? आज आप ने पाण्डेबाब में मिलने को कहा था।"-मैंने पूछा।

"भाई साहब, माफ करना। आज मुझे अचानक से बेटी के यहाँ जाना पड़ रहा है...मैं एकदम तैयार था, लेकिन कल रात बिटिया के ससुर जी नहीं रहे..."-गोस्वामी ने बताया।

दो-एक औपचारिक बातों के बाद मैंने फोन काट दिया। मुझे रामनाथ का खयाल आया। यह भी हमारे साथ का अध्यापक था। साथ-साथ ट्रेनिंग हुई थी। उसकी उम्र ज्यादा थी, लिहाजा पहले सेवामुक्त हो गया था। घूमने-टहलने का शौकीन था और कई बार कह चुका था कि रिटायरमेंट के बाद पुराने दोस्तों से मिलने जुलने का सिलसिला जमाया जाएगा। इस साल मेरा और शिवनारायण का इकतीस मार्च को रिटायरमेंट था, हम फरवरी के शुरू में मोतिगरपुर के सिटी रेस्टोरेंट में बैठे थे और सेवामुक्ति के बाद मस्ती काटने के लिए मित्रों के यहाँ जाने की चर्चा कर रहे थे तो वहीं बैठे रामनाथ ने कहा था-"भाई, हो सके तो मुझे भी खबर देना..."

मैंने रामनाथ को फोन लगाया। रिंग जाती रही, फोन नहीं उठा। दोबारा डायल किया तो करीब-करीब आखिरी रिंग पर फोन उठ गया। कुछ कमजोर सी आवाज आई-"नमस्कार भाई साहब, कैसे हैं?"

"नमस्ते भाई, मैं एकदम ठीक हूँ। आप घर पर हों तो आ जाऊं, इंद्रजीत के यहाँ चला जाए।"-मैंने पेशकश की। इंद्रजीत हम दोनों का अजीज था।

रामनाथ ने बताया-"मैं हूँ तो घर पर ही, मगर मेरे घुटने का आपरेशन हुआ है। इसलिए अभी कुछ दिन कहीं आने-जाने पर रोक है। बाकी उनके यहाँ जाना तो जरूरी है..."

"ऐसा क्या हो गया घुटने में?"

"आर्थराइटिस का मामला है।"-तिवारी ने बताया।

दुकानदार ने चाय का गिलास मेरे सामने रख दिया था। मैंने धीरे-धीरे चाय सिप की। दुकानदार को पैसे दिए और एक्टिवा स्टार्ट कर सीधे तिवारी के यहाँ चल पड़ा। बीमारी-आजारी की बात सुनकर भी किसी के यहाँ न पहुंचना ठीक नहीं! पाण्डेबाबा से उनके गाँव की दूरी कुल पाँच किलोमीटर होगी। करीब पन्द्रह मिनट बाद मैं उनके यहाँ था। वह मुझे देखकर खुश हुआ। मेरे आने से परिवार के लोगों यानि उसके बेटा, भतीजा और पत्नी सब के चेहरे पर प्रसन्नता थी। हम देर तक पढ़ाई-लिखाई, ट्रेनिंग और अध्यापकीय जीवन की बात करते रहे। बीच में चाय-पानी भी हुआ। फिर बात उसके घुटने के आपरेशन पर आ टिकी....पैरों की गठिया की समस्या का तो पता था, लेकिन आपरेशन...रामनाथ ने खुद बताया-"अचानक घुटने जाम होने लगे, डॉक्टर ने कहा आपरेशन मस्ट है... और कोई चारा नहीं! यह सब बढ़ती उम्र की परेशानियाँ हैं...अब देखो न, इंद्रजीत की पत्नी कितनी ऐक्टिव रहती थीं? तगड़ी-तंदरुस्त... अचानक एक झटके में..."

"उनको क्या हो गया?"-मैंने कुछ चौंककर पूछा।

"आपको नहीं पता, परसों ब्रेन हेमरेज हुआ और सुलतानपुर पहुंचते-पहुंचते सांसें थम गईं। आप ने जब इंद्रजीत के यहाँ चलने को कहा तो मुझे लगा, इसी सिलसिले में जा रहे हैं।"-उसने स्पष्ट किया।

"मैं तो ऐसे ही आपसदारी के मेल-मिलाप में जा रहा था। उनकी पत्नी वाले मामले की कोई जानकारी नहीं थी। खैर...अब मैं सीधे उनके यहाँ जाऊंगा, आपकी स्थिति से भी अवगत करा दूंगा..."

"वह सब ठीक है।"-रामनाथ ने मेरी बात काटते हुए कहा-"पहले आप भोजन कर लें। फिर जाएं... ग्यारह से ऊपर का समय हो रहा है..।"

मैं भोजन करने के बाद ही वहाँ से निकल सका। दियरा चौराहे पर पहुँचकर मैंने सेब और अंगूर खरीदे और फिर इंद्रजीत भाई के यहाँ पहुँच गया। वह बेहद दुखी थे। रोते हुए आदमी को अपनी चुहलबाजियों से हँसाने वाले इंद्रजीत आज खुद रो रहे थे। ज्यादा रोना इस बात का था कि मास्टरइन दवा-दुआ का अवसर दिए बिना कुल एक घंटे में पचास साल का सम्बन्ध तोड़ गईं। बच्चे अलग परेशान...श्राद्ध सम्बन्धी जो कर्मठ होते हैं, उसके आयोजन का उनको कोई अनुभव नहीं था। क्या करें, कैसे सपारें? गाँव में अब पहले वाली सघन सामूहिकता नहीं बची है, अन्यथा ऐसे दुर्दिन में चार-छह मददगार हर समय मुस्तैद रहते थे। खैर...मैंने बच्चों को समझाया, इंद्रजीत को भी... "भाई, अब शोक मनाने को तो सारी जिन्दगी पड़ी है। अभी जो मौके की जिम्मेदारी है, इसे पूरा कराएं...बच्चे अकेले नहीं देख पाएंगे..."

इंद्रजीत के यहाँ से करीब पाँच बजे निकल पाया। सवेरे किस इरादे से निकला था...और क्या देखने को मिला? इससे मेरा मन बड़ा खिन्न था ...इसी मनःस्थिति में मैं अपनी एक्टिवा पर बैठा, गोमती पुल पार करने के बाद दियरा बाजार की तरफ निकल रहा था, तभी सतनाम मास्टर साहब दिखे। वही लंबा, मजबूत, काला शरीर और चमकती हुई बत्तीसी...हाथ जोड़कर स्कूटर के आगे आ गए। मैंने स्कूटर रोक दिया। उन्होंने कहा-"बहुत दिन बाद मिले। आइए भाई, दस मिनट हमारे यहाँ भी बैठ लें। एक गिलास जल ग्रहण करें..।"

मुझे प्यास भी लगी थी। वैसे तो मातम वाले घरों में भी पानी पिलाया जाता है, मगर इंद्रजीत के यहाँ सदमा ऐसा जबरदस्त था कि सब के सब बौखलाये हुए थे। किसी को कुछ नहीं सूझ रहा था। सतनाम जी का घर सड़क के किनारे ही है। स्कूटर उनके दरवाजे के सामने खड़ी करके मैं फाइबर की एक कुर्सी पर बैठ गया। सतनाम ने एक स्टूल मेरे सामने रख दिया और खुद पलंग पर बैठ गए। कुछ देर बाद अन्दर से उनकी बहू पानी का जग, गिलास और एक कटोरी में गुड़ लाकर स्टूल पर रख गई। मैंने एक टुकड़ा गुड़ खाया और पूरी हौंक के साथ दो गिलास पानी पी गया। मास्टर साहब ने आवाज दिया-"शुभावती..."

दस-ग्यारह साल की एक लड़की बाहर आई और उनके इशारे पर जग वगैरह अन्दर ले गई। दो-चार बातें करके मैं चलने के लिए उठने को हुआ तो उन्होंने रोक दिया-"चाय तैयार हो रही है, बस, दो मिनट लगेंगे।"

कुर्सी के पुस्त पर टेक लेकर मैं आराम की मुद्रा में बैठ गया। कुछ देर में शुभावती चाय ले आई। मैंने ध्यान दिया, गिलास में थोड़ी-थोड़ी ही चाय थी। बाकी क्या है कि गाँव में गिलास आधे से ज्यादा भर के चाय देने का प्रचलन है, जिसे पीना भारी पड़ जाता है। सतनाम मास्टर ने एक गिलास मेरी तरफ बढ़ाया और दूसरा स्वयं ले लिये। चाय की एक चुस्की लेकर मैंने सतनाम की तरफ देखा-"बहुत अच्छी चाय है।"



वह संतुष्टि के भाव में मुस्कराए, फिर बोले-"आज इधर कैसे...?"

मैंने मन की सारी खिन्नता बेहिचक उनके सामने रख दी। पहले उन्होंने मुझे गहरी नजर से देखा, फिर गंभीर होकर बोले-"मास्टर साहब, आप का उद्देश्य ही गलत था। सेवा निवृत्ति के बाद जिन्दगी का पतझड़ शुरू होता है, इसमें शुरुआती जवानी के बसंत की खोज का क्या मतलब...? अब जो मिल सकता था, वही आप को मिला...वैसे इस उम्र में हम एक-दूसरे की खोज-खबर लेते रहें, आमने-सामने की मुलाकात हो या फिर मोबाइल की बातचीत...हम आपका आप मेरा अकेलापन बांटें तो यह जीवन में बसंत लाने जैसा ही होगा...बस नजरिया बदलें..."

मैंने कुछ नहीं कहा। धीरे-धीरे चाय की चुस्कियां लेता रहा। उनकी बात में असर था। चाय समाप्त हुई तो मास्टर जी से चलने की इजाजत मांगी। उन्होंने एक छोटी तश्तरी मेरे सामने कर दिया, तश्तरी में पान मसाला के चार-पाँच पाउच, सिगरेट का पैकिट, माचिस और थोड़ी सी इलायची-लौंग...! मैंने एक इलायची उठा ली और उसे छीलता हुआ स्कूटर की तरफ चलने लगा। वह साथ थे, कहने लगे- "मुझे रिटायर हुए पंद्रह साल हो चुके। अब मैं अकेले कहीं आने-जाने में असमर्थ हो गया हूँ। जब भी इधर से गुजरें, दस-पाँच मिनट का समय मेरे लिए भी निकालें। मुझे अच्छा लगेगा..."

मैंने उनके कंधे पर हाथ रखा और आँखों में झाँकते हुए आश्वस्त किया-"अवश्य...।"

दियरा बाजार से आगे बढ़ने पर बागों में पक्षियों के चहकने का बेतहाशा कलरव था, यानी सुबह के निकले पक्षी घोंसले में लौट आए थे। दिन में हवा में तेजी थी, तो शाम सर्द होने लगी थी। मैंने स्कूटर रोक दिया और डिक्की से निकाल कर स्वेटर पहन लिया।

आज का दिन अनचाही स्थितियों के बीच गुजरा। इसका मलाल भी हुआ था, मगर सतनाम की बात से मन सहज हो रहा था।

तीन कविताएँ

नीलम साँखला

रिश्ता

गैरों से बनाने में जीवन लगाते हैं
रिश्तेदार कल काम आएंगे
वक्त की धूप ने
जीवन की चमक को
धुँधली, क्या किया?
रिश्तेदारों ने धूप में निकलना छोड़ दिया
अपनों की उपेक्षा का पाप
सर पर और जड़ा
गैर क्या,अपनों से रिश्ते ना बना सका
गर रिश्ता बनाना है तुझे
पहले ख़ुद से ख़ुद का रिश्ता बना
अपनी हमसफ़र से रिश्ता बना
जीवन की ख़ुशियाँ देने वाली
गुड़िया से रिश्ता बना
गर चाहता है और रिश्ता बनाना
'भारत माँ' से रिश्ता बना
धूप आने पर, धूप में आएगी
और छाँव भी खुद साथ लायेगी।

2

नज़रिया

तूने मुझे हाथ पकड़कर
चलना सिखाया
प्रथम गुरु बनकर/गुरु से मिलाया
अब बड़ा हो गया हूँ
मुझे तेरी ज़रूरत नहीं
दुनियादारी देखकर
दौड़ने लगा हूँ
दुनियादारी देखकर
थक गया हूँ
बस! अब कुछ पल
ठहरना चाहता हूँ
माँ! अपनी गोद में लेकर
मेरी सूरत/मेरी निगाहें बदल दे!
नहीं चाहिए मुझे
दुनिया का नूर
माँ! बस मुझे अपनी निगाहों का
नज़रिया दे दे!

3

हुनर

टूटकर जुड़ने का हुनर सीखे,
तो क्या सीखे?
बिखरकर मिलने का हुनर सीखे
तो क्या सीखे?
इससे तो,अच्छा था
हम टूटकर/ बिखरते ही नहीं।
नियति की नियत, किसे मालूम
गर हम, ऐसे टूटकर बिखरते की
जुड़ने के काबिल ना होते
इससे तो अच्छा है,
हम टूटकर, बिखरकर
खुद से/जुड़ने का हुनर तो सीखें।

ग़ज़ल

अशोक शर्मा

याद तेरे सिवा नहीं कोई,
बेख़ुदी सी ये बेख़ुदी है क्या?

हर तरफ तू दिखाई' देता है,
प्यार जादू है या ठगी है क्या।

आस की शाख कुछ हरी है क्या,
राख में आग कुछ दबी है क्या?

अश्क़ पीना है रोज हँसना है,
मसख़रापन भी मसख़री है क्या?

सब यहां है मगर कमी है क्या,
ये कमी सिर्फ़ आपकी है क्या?

पी गया अश्क़ के समंदर मैं,
क्या बताऊँ कि तिश्नगी है क्या।

बस अँधेरा ही ज़िन्दगी में है,
क्या बतायें कि रौशनी है क्या?

रोज हारे ख़ुशी ग़मों से क्यों,
पूछ कुश्ती मिली-जुली है क्या।

कृष्ण से पूछ या सुदामा से,
वो बतायेंगे दोस्ती है क्या।

कनखियों से वो रोज तकता है,
दिल लगा है या दिल्लगी है क्या?

नींद आती न चैन आता है,
नाम इसका ही आशिकी है क्या?

ज़िन्दगी आज फ़ैसला कर ले,
यूँ ही जीना भी लाज़िमी है क्या?

लघुकथा : गोविंदा..

डॉ. मेघा अग्रवाल

बालगोपाल कृष्ण जंगल में गइया चराने जाते थे। एक दिन वह अपनी गायों को जंगल लेकर गए तो कामधेनु नाम की गाय उनके पास आई और बोली,)मेरा नाम कामधेनु है। मैं स्वर्गलोक से आई हूँ। जिस तरह आप पृथ्वी पर गायों की रक्षा-सेवा करते हैं, उसे मैं बहुत प्रभावित हूँ। आपका सम्मान करने के लिए आपका अभिषेक करना चाहती हूँ।'' कृष्ण ने मुस्कुराते हुए कामधेनु को अभिषेक की अनुमति दे दी। इसके बाद अपने हाथी एरावत पर बैठकर इंद्र आए और उन्होंने श्रीकृष्ण से कहा, ''आपकी गौ-भक्ति और सेवा की वजह से अब सारी दुनिया में लोग आपको गोविंदा के नाम से नाम से भी पूजेंगे।''

लघुकथा : कसूर



रिंकल शर्मा

सोसाइटी के सेक्रेटरी द्वारा बुलाये जाने पर पार्क में सभी लोग एकत्रित थे। लोगों के बीच में सुरेखा डरी-सहमी सी नज़रें झुकाये खड़ी थी। सेक्रेटरी ने कहा, "जैसा कि आप सभी को मालूम है कि सुरेखा के पति किशन को पेड़ों के हिसाब पूरे 140 रुपये की हेराफेरी और दो पेड़ों की चोरी करने के जुर्म में पुलिस हिरासत में भेजा गया है। अब सवाल यह है कि क्या सुरेखा को सोसाइटी के घरों में काम करने की इजाजत देनी चाहिए या नहीं"?

गुप्ताजी बोले –₹इसे तुरंत काम से निकाल देना चाहिए.₹

मिश्राइन –₹ क्यों निकाल देना चाहिए? उसके पति ने जो किया उसमें इस बेचारी का क्या क़सूर?"

ख़ान साहब – ₹क़सूर ये है कि यह एक चोर,बेईमान और घोटालेबाज की बीवी है। पति चोरी करके घर में माल लाये और बीवी को ख़बर न हो, ऐसा कहीं हो सकता है भला?आगे जाकर ये भी चोरी कर सकती है। अजी! मैं तो कहता हूँ कि इसे भी पुलिस के हवाले किया जाए।₹

खान साहब की बात सुनकर सुरेखा गिड़गिड़ाते हुये बोली– ₹नहीं साहब, ऐसा जुल्म मत कीजिये। उनको तो आप लोग पहले ही जेल भेज चुके हैं। मुझे भी भेज दिया तो मेरे बच्चों का क्या होगा? हम चोर नहीं है साहब!₹

सुरेखा के रोने का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। एक लंबी बहस के बाद सर्वसम्मति से फैसला हुआ और सुरेखा को सोसाइटी से बाहर निकाल दिया गया। सुरेखा के जाते ही खान साहब फिर बोले– ₹क्या ज़माना आ गया है। लोगों में ईमान-धरम बचा ही नहीं है।"

'ऐसा भी क्या गजब हो गया खान साहब?– गुप्ताजी ने पूछा।

'अरे, आपने अखबार नहीं पढ़ा? शहर के पार्कों में बेंच लगाने के मामले में हमारे नेताजी ने पूरे एक करोड़ चालीस लाख का घोटाला किया है। नेताजी को तीन साल की कैद की सज़ा सुनाई गयी है।₹

'अच्छा! लेकिन छह महीने बाद तो चुनाव हैं। अब क्या होगा?₹

'होगा क्या, उनकी जगह उनकी बीवी चुनाव में खड़ी होगी।'

'तो आप उन्हें वोट देंगे?

'बिल्कुल देंगे। अमा मियां! शौहर ने घोटाला किया है तो इसमें बेचारी बीवी का क्या क़सूर? और वैसे भी सुना है, बला की खूबसूरत ख़ातून है'।

खान साहब की बात सुनकर सभी ज़ोर का ठहाका मारकर हँसने लगे।

पुस्तक समीक्षा

यथार्थ को बेपरदा करती कहानियां

-सुनील सक्सेना

किंशुक गुप्ता की कहानी ''मछली के कांटें'' हंस पत्रिका में मैंने पढ़ी थी। दो समलैंगिक दोस्तों की कहानी। बोले तो ''गे'' मित्रों के भावनात्मक और यौन संबंधों की दास्तान। कहानी का विषय थोड़ा हट कर और अलग मिजाज का था, तो आप इसे ''बोल्ड'' कह सकते हैं। वैसे आजकल ''बोल्ड सबजेक्ट'' जैसा कुछ बचा नहीं है। इन दिनों आसपास जो भी रचा-बसा है, घटित हो रहा है, सब कुछ बोल्ड ही है। वेबसीरिज में गालियां, अंतरंग हॉट सीन, हीरो की टॉपलेस सिक्स पैक बॉडी, नायिकाओं की बदन उघाड़ू पोशाकें। लिवइन रिलेशनशिप। जरूरत से ज्यादा आचार-विचार में खुलेपन ने ''बोल्ड'' शब्द की गर्माहट को खत्म कर दिया है। एक समय था जब परिवारों में क्या लड़के क्या लड़की, हरेक को थोड़ा ''बोल्ड'' बनो नहीं तो ''दब्बू'' ही रह जाओगे, के जुमले सुनने को मिलते थे। बोल्ड एंड ब्यूटिफुल, बोल्ड एंड डेशिंग कॉम्बीनेशन वाली पर्सनाल्टीज महफिलों का आकर्षण होती थीं। ''बोल्डनेस'' के अतिरेक ने हमको भटका दिया है।

लेखन में लीक से हटकर विषयों का चुनाव करना, उन पर लिखना और फिर ऐसा लिखना कि पाठक उसे पढ़ते वक्त पूरे समय बंधा रहे, लेखक के लिए तो चुनौती है ही, पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादकों के लिए भी ऐसी रचनाओं को छापना बड़े कलेजे का काम है। किंशुक के इस कहानी संग्रह ''ये दिल है कि चोर दरवाज़ा'' में आठ कहानियां हैं। समलैंगिक संबंध, यौन उत्पीड़न, बाल यौन शोषण, आध्यात्म के नाम पर नारी का शोषण जैसे अलहदा पृष्ठभूमि पर लिखीं उनकी ये कहानियां देश की प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिकाओं में शाया हुई हैं। इनकी चर्चा भी खूब हुई। देखते ही देखते भीड़ से अलग किंशुक की इन कहानियों जबरदस्त धूम मचा दी। साहित्य के क्षेत्र में वे उभरते सितारे बन गए। सेमीनार, लिटरेचर फेस्टीवल, पॉडकास्ट, सोशल मीडिया हर जगह किंशुक छा गए। उनकी कहानियों का संकलन किताबों के बाजार में ''हॉट केक'' की तरह हाथों हाथ लिया गया।

हमारा भारतीय समाज पुरूष और स्त्री यानी विपरीत लिंगों के प्रेम को ही मान्यता देता है। आदमी और औरत के बीच प्रेम संबंधों के इतर अन्य सारे संबंध वर्जित हैं। समाज की दृष्टि में ऐसी दोस्ती, प्यार, रिश्ते अपराध हैं। अवैध है। किंशुक अपनी कहानियों में समलैंगिकता को पूरी विश्वसनियता के साथ जैविक यौन प्रवृत्ति के रूप में स्थापित करते हुए दिखते हैं।

''बीमार जुगनुओं की शाम'' कहानी में मध्यम वर्गीय परिवार का युवा बेरोजगार सोमिल है। वो फिल्म राइटर बनना चाहता है। पिता की दोनों किडनियां खराब हैं। किडनी ट्रांसप्लांट खर्चीला है। आर्थिक हालत बदतर है। एक फिल्म प्रोड्यूसर उसकी कहानी पर फिल्म बनाने को तैयार हो जाता है। लेकिन ''वाइकेरियस प्लेजर'' का शौकीन गैर मर्दों में रूचि रखने वाला फिल्म प्रोड्यूसर सोमिल को अपनी न्यूड फोटो भेजने के लिए कहता है। किंशुक समाज में विचर रहे ऐसे विद्रुप चरित्रों को ढूंढकर खोजकर अपनी कहानियों में लाते हैं।

''तितलियों की तलाश में'' शीर्षक की ये कहानी बाल यौन शोषण पर है। बच्चे को चॉकलेट का लालच देकर उसके साथ दैहिक संबंध बनाना, बच्चे की मानसिक स्थिति को इस स्तर पर ले जाता है कि कोई भी उसे चॉकलेट देता है तो वो अपना पेंट उतार देता है। इस ट्रॉमा से बच्चा गुजरता है। मां परेशान होती है। संदेह की सुइयां घर में काम करने वाली बाई, झूलाघर का स्टाफ, स्कूल के बस ड्राइवर पर घूमती हुई अंत में बच्चे के पिता पर आकर टिकती है। ये कहानी का चौंकानेवाला क्लाइमेक्स है।

लेस्बियन रिश्तों की कहानी है ''रहस्यों के खुरदरे पठार''। गौरी का अपनी सहेली शालिनी के प्रति आकर्षण गौरी के परिवार से अलगाव की वजह बन जाता है। गौरी परिवार से कट जाती है। गौरी अच्छे पद पर बढ़िया कमाने वाली स्त्री है। वो परिवार की आर्थिक मदद के साथ मॉरल सपोर्ट भी करती है।



पुस्तक – ये दिल है कि चोर दरवाज़ा
(कहानी संग्रह)
लेखिका – किंशुक गुप्ता
प्रकाशक – वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
मूल्य – रू 399/-

कोरोना त्रासदी के दौरान छीजते मानवीय रिश्तों की कहानी है ''मिसेज रायजादा की करोना डायरी''। ये कहानी डायरी की शक्ल में लिखी गई है। धनाड्य घराने की कोरोना से पीड़ित मिसेज रायजादा अस्पताल में भर्ती हैं। बेटा सार्थक है जो अपने दोस्त जैकब के साथ दस साल से रिलेशनशिप में है। कोरोना संक्रमण के खौफ से आक्रांत मिसेज रायजादा का पति उनकी कोई खोज खबर नहीं लेता है। मिसेज रायजादा का एक मात्र संबल है, अस्पताल का डॉक्टर शिवेश जो उनकी तीमारदारी में नियुक्त है।

ये कहानियां समलैंगिता को अपराध, बीमारी या विकार मानकर खारिज कर देने वाले लोगों को अपनी सोच पर पुनर्विचार करने को प्रेरित करती हैं। समलैंगिकता बीमारी नहीं, जीवन की सच्चाई है, जिसे हमें स्वीकार करना होगा। ''गे'' या ''लेस्बियन'' रिश्तों को पाप मान कर उन्हें अकेला छोड़ देना इस समस्या का समाधान नहीं है।

कहानियों में आज की जनरेशन की बोलचाल की भाषा है, शब्दावली है, प्रसंगों का समावेश है। किंशुक की कल्पनाशीलता, प्रयोगशीलता, समृद्ध और पानीदार प्रवाहमय भाषा, संग्रह की हर कहानी को पठनीय बना देती है। पाठक चमत्कृत हो जाता है। किंशुक पेशे से डॉक्टर हैं। उनकी प्रायः हर कहानी में कहीं न कहीं अस्पताल मौजूद है। बीमारियां हैं। मेडिकल टर्मीनालॉजी का वे बखूबी इस्तेमाल करते हैं।

इन कहानियों की सबसे अहम और प्रशंसनीय बात ये है कि समलैंगिकता, यौनिकता के इर्दगिर्द ये रची गई हैं, पर कहीं भी अश्लील, सनसनी पैदा करने वाली या उत्तेजना जगाने वाली, सेड्यूसिव नहीं लगती हैं। किंशुक अपनी बात गंभीरता, शालीनता और मार्यादा के भीतर रहकर कहने का हुनर जानते हैं। बस डर है तो एक चीज का कि किंशुक की ये कहानियां एक ही ''जॉनर'' की हैं। उन्हें ''टाइप कास्ट'' होने से बचना होगा, कुछ अलग सबजेक्ट पर कहानियां लिखकर। ''समथिंग डिफरेंट'' की चाह रखने वाले पाठकों को किंशुक गुप्ता का

व्यंग्य

टैलेंट हंट इवेंटों का अखाड़ा

अशोक गौतम

जबसे हमारे साहब की साहिबा ऑफिस में स्थानांतरित होकर आई हैं, तबसे हमारे ऑफिस में हर दिन कोई न कोई लेडीज टैलेंट हंट इवेंट चला ही रहता है। मत पूछो, अब ऑफिस का माहौल कितना लाइवली हो गया है। पहले तो दस से पांच बजे तक ऑफिस को जैसे काठ मारा करता था। इनके आने पर अब कभी किट्टी पार्टी तो कभी लिट्टी पार्टी। साहब की साहब वर्क प्रिय नहीं, पार्टी प्रिय हैं। साहब की साहब के आने पर कभी ये ऑफिस ब्यूटी पार्लर लगता है तो कभी लेडीज गीत संगीत का अखाड़ा। क्या मजाल कि साहब कभी कुछ कह पाएं। कई बार तो ऑफिस में कौन सा काम किसे दिया जाए, ये आदेश तक उनके बदले उनकी साहब निकालती हैं।

जब तक हमारे ऑफिस में साहब जी की साहब नहीं आई थीं तब तक साहब के चमचे शर्मा के बिना हमारे ऑफिस में पन्ना भी नहीं हिलता था। पर जबसे वे आई हैं, अब उनके आदेश के बिना शर्मा भी नहीं हिलता। जो पहले साहब की चिरौरी किया करते थे, अब वे साहब की साहब के आगे पीछे दुम हिलाए फिरते हैं। उन्हें पता है कि साहब का साहब कौन है। धन्य हैं वे बीवियां! जो अपने पति को दो दो जगह अपनी उंगलियों पर नचाए फिरती हैं। धन्य है वे पति जो अपने को अपनी बीवी की उंगलियों पर दो दो जगह नाचने का जोखिम उठाए रहते हैं।

अब तो ऑफिस के सारे जरूरी काम तक छोड़ ऑफिस में कभी फेंसी ड्रेस इवेंट तो कभी गाजर हलवा मेकिंग इवेंट। कभी फेशियल इवेंट तो कभी नेल केयर इवेंट। कभी आई केयर इवेंट तो कभी होल बॉडी मेकअप इवेंट। कभी ब्राइडल इवेंट तो कभी नेल्स फाइल एंड पेंट इवेंट। कभी फ्रूट फेशियल इवेंट तो कभी सिल्वर फेशियल इवेंट। कभी गोल्ड फेशियल इवेंट तो कभी पर्ल फेशियल इवेंट। कभी हेयर सजाई इवेंट तो कभी हेयर डाई, टचअप इवेंट। कभी बिंदी इवेंट तो कभी लिपस्टिक इवेंट।

साहब की साहब द्वारा प्रायोजित इन तमाम टेलेंट हंट इवेंटों में जो पुरुष कर्मचारी जज की भूमिका में होते हैं, वे साहब के ही खास होते हैं या कि साहब की साहब के आदेश पर ही उन्हें जज की नियुक्ति नसीब होती है। तब वे हर इवेंट के प्रतिभागियों की योग्यताओं का मूल्यांकन बड़ी बारीकी एवं पारदर्शिता से अपने चश्मे को ऊपर नीचे करते करते हैं और अंत में दूसरे कमरे में जा बड़े विचार विमर्श के बाद साहब की साहब को ही हर बार हर इवेंट में प्रथम आने लायक पाते हैं। इन निष्पक्ष निर्णयों से साहब की नजरों में उनका कद उनके पद से हद से अधिक ऊंचा हो जाता जाता है।

पिछले कल हमारे ऑफिस में साहब की साहब के आदेश पर ऑफिस की लेडीजों का मेहंदी टैलेंट इवेंट आयोजित किया गया। इवेंट का कुल समय दस बजे से चार बजे तक तय था। सभी कर्मचारी महिलाएं ऑफिस के इवेंट हॉल में मेहंदी के डिजाइन की पुस्तिकाएं अपने आगे रख एक हाथ से दूसरे हाथ में मेहंदी लगा रही थीं।

साहब की साहिबा अपने दोनों हाथों में मेहंदी लगाने को अपने साथ बाजार से मेहंदी लगाने वाला मेहंदी एक्सपर्ट लाई थीं। उन्हें दूसरी मेहंदी प्रतिभागियों से अलग बैठाया गया था साहब के कमरे में ठीक वैसे ही जैसे परीक्षा के दिनों में स्कूल के प्रिंसीपल के बेटे को दूसरे परीक्षा देने वालों से अलग प्रिंसीपल के कमरे में प्रिंसीपल की कुर्सी के साथ वाली कुर्सी रिलैक्स मूड में बैठाया जाता है, और उसके साथ उस उस विषय का अध्यापक सगर्व उसको प्रश्नपत्र में आए प्रश्नों के हल लिखवाने हाथ जोड़ै खड़ा रहता है जिस जिस विषय का पर्चा हो। बाकि परीक्षार्थी ताकते झांकते रहे एक दूसरे की आंसरशीटें।

मेहंदी टैलेंट इवेंट अंतिम चरण में था। जजिज साहेबान बड़े गौर से हर मेहंदी लगे हाथ को हर कोण से घूर रहे थे कि अचानक अपनी फाइल निकलवाने एक बदतमीज जीव आ धमका। वह अपनी फाइल निकालने वाली सीट पर गया। वहां फाइल डील करने वाली न दिखीं तो वह मेरे पास आ गया। तब उसने मेरे आगे दोनों हाथ जोड़े कहा,' जनाब!उस सीट वाली मैडम क्या आज नहीं आई है?'

'आई हैं। वे तो रोज ही आती हैं।'

'तो फिर वे कहां हैं?'

'वहां! मेहंदी इवेंट में।'

'जनाब! क्या आज करवा चौथ है?'उसने सामने दीवार पर लगे फटे सरकारी कैलेंडर में बुझी आंखें घुसाते पूछा तो बहुत गुस्सा आया। मेहंदी करवा चौथ को ही लगाने का प्रावधान किस ऑफिस कोड में है? वैसे जनता के जिन सवालों के जवाब देने जरूरी होते हैं उनके जवाब देने के लिए कोई भी मूक से मूक ऑफिस बाध्य नहीं होता।

नई दिल्ली, रविवार 31 मार्च 2024

नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2

सत्तारूढ़ पार्टी की ''पूरी तरह से स्वचालित वाशिंग मशीन इस सिद्धांत पर काम करती है कि भाजपा में शामिल होने पर मामला बंद कर दिया जाता है।

मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष कांग्रेस

दयाशंकर सिंह लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ, साथ में भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता बंधु।

ब्रजवासियों की विश्व की सबसे बड़ी संस्था 'बृज कला केंद्र' का भव्य होली महोत्सव व सम्मान समारोह संपन्न

परम विशिष्ट संरक्षक अरुण अग्रवाल व दीपचंद गर्ग के सम्मान के साथ कुणाल गर्ग, शिखर भार्गव, राधा रमन अग्रवाल 'की स्मृति में ब्रज विभूति सम्मान'' समारोह आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली। विकास दिवस देश की ही नहीं विश्व की सबसे पुरानी व ब्रज वासियों की एकता समरसता का प्रतिनिधित्व करने वाली सांस्कृतिक आध्यत्मिक संस्था बृज कला केंद्र (स्थापना १९६२) के वार्षिक समारोह में की लोक संस्कृति के रंग तो दिखाई पड़े ही साथ में चाचर नृत्य (लठमार होली), होली रास लीला, चरकुला एवं मयूर नृत्य तथा फूलों की होली ने भगवान श्री राधा कृष्ण को समर्पित इस आयोजन मे संस्था के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने फूलों की होली के साथ भावपूर्ण नृत्य भी किया कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती मीरा गोयल तथा उर्वशी मित्तल ने किया जैसा कि सारा देश जानता है कि प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर बृज कला केंद्र दिल्ली की ओर से आकर्षक और अभिव्यक्ति की दृष्टिकोण से बहुत अभूतपूर्व होली महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया।

लोधीरोड के इंस्टीट्यूशनल एरिया के सांई सभागार में आयोजित किए गए इस भव्य होली मिलन समारोह में परम विशिष्ट संरक्षक सदस्यों का सम्मान (21 लाख का अनुदान प्रत्येक) भी किया गया ,जिसमें श्री दीप गर्ग, कानपुरश्री अरुण अग्रवाल, कुनाल गर्ग , श्री शिखर भार्गव , श्री राधाशरण अग्रवाल , श्री उमेश चन्द्र शर्मा (साहित्य एवं संस्कृति विशेषज्ञ), श्री लक्ष्मी नारायण तिवारी (सांस्कृतिक धरोहर, संग्रह एवं संरक्षण), श्री देवेन चौधरी (उद्योग) को बृज विभूति सम्मान से अलंकृत किया गयामुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किए गए इस भव्य होली महोत्सव कार्यक्रम में निदेशक डॉ. सीमा मोरवाल की इस शानदार प्रस्तुतियों में बृज की लोक संस्कृति के रंग तो दिखाई पड़े ही साथ में चाचर नृत्य (लठमार होली) होली रास लीला चरकुला एवं मयूर नृत्य तथा फूलों की होली ने भगवान श्री राधा कृष्ण को समर्पित इस आयोजन में चार चांद लगाने में कसर नहीं रखी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों के क्रम में नगाड़ा वादन श्री वेद प्रकाश रंजीत पार्टी वनचारी और बीन पार्टी की कमान श्री राजेन्द्र सपेरा बनचारी ने संभाल रखी थी। बृज वन्दना डॉ. सीमा मोरवाल ने प्रस्तुत की जबकि बृज के रसिया के लिए गजेन्द्र सिंह एण्ड पार्टी, डीग (राजस्थान) को आमंत्रित किया गया था।

श्रीमती मीरा गोयल एवं श्रीमती उर्वषी मित्तल द्वारा संचालित इस यादगार होली महोत्सव में अशोक चक्रबर राष्ट्रीय अध्यक्ष , मनोहरलाल गोयल ,विशिष्ट संरक्षक सदस्य कार्यकारी अध्यक्ष, अ.भा ककना त्यागी , बासुदेव गर्ग अध्यक्ष, ब्रजधाम समिति , गौरमुन्दर अग्रवाल विशिष्ट संरक्षक सदस्य उपाध्यक्ष, दिल्ली शाखा ,श्रीमती उर्वशी मित्तल संस्कृति मंत्री, दिल्ली शाखा , परम विशिष्ट संरक्षक सदस्य मिडिया प्रभारी, दिल्ली शाखा डॉ. सुरेश गोयल ,महेश चन्द्र अग्रवाल, संजीव गोयल , नगेन्द्र प्रकाश भार्गव अध्यक्ष, दिल्ली शाखा विश्वनाथ अग्रवाल , आजीवन सदस्य मंत्री दिल्ली शाखा ,मुरारीलाल गर्ग विशिष्ट संरक्षक सदस्य , उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय विष्णु प्रकाश गोयल समन्वयक , मौरा गोयल उपाध्यक्ष, दिल्ली शाखा हरी अग्रवाल , बी.डी. अग्रवाल सी.ए.संरक्षक सदस्य कोषाध्यक्ष, दिल्ली शाखा , राजेन्द्र बंसल , डॉ. अरुण अग्रवाल , संस्थापक एवं संरक्षक सदस्य मुख्य डॉ. एम्.के. गोयल , नन्द किशोर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, डी. के. अग्रवाल संयुक्त मंत्री, दिल्ली शाखा , अभिता गर्ग, सचिन गुप्ता पाम के साथ ही विशिष्ट अतिथि जेनिक दरबारी (भारत में मोंटेनेग्रो के मानद महावाणिज्य दूत) की मौजूदगी में हुए इस भव्यतम होली महोत्सव मेंबृज कला केंद्र के राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार व मार्गदर्शक विपिन गुप्ता और श्रीमती रजनी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

शीस्पीक्स बाय आम्ब्रा: समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण महिलाओं को सशक्त बनाना

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सुश्री विनीता बख्शी (संस्थापक) की अध्यक्षता में आम्ब्रा फाउंडेशन ने शीस्पीक्स के 15वें संस्करण का आयोजन किया, जो उद्यमशीलता के क्षेत्र में महिलाओं का जश्न मनाने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक गतिशील संगोष्ठी है, जिसमें चर्चाओं, अंतर्दृष्टि और रचनात्मक अभिव्यक्तियों की एक आकर्षक श्रृंखला सामने आई। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न दृष्टिकोणों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें व्यावहारिक पैनल चर्चाओं से लेकर आकर्षक पुस्तक चर्चाओं, आकर्षक कविता पाठ और महिलाओं की उद्यमशीलता की सफलता की प्रेरक कहानियों तक शामिल हैं ।शीस्पीक्स के 15वें संस्करण में नेताओं, सरकारी अधिकारियों, उद्यमियों, कवियों, लेखकों और प्रमुख निगमों और व्यवसायों के अधिकारियों सहित प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया। सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और इसमें कई प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें जम्मू-कश्मीर की रेजिडेंट कमिश्नर सुश्री रश्मि सिंह आईएएस, व्यापार एवं कर विभाग के विशेष आयुक्त अजय कुमार बिष्ट आईएएस, सिडबी के उप महाप्रबंधक सौरभ बाजपेयी, शीरोज की सीईओ सायरी चहल, एक्सेंचर टेक्नोलॉजी के वीपी और मार्केट यूनिट हेड अजय मिश्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के लेखक और प्रोफेसर डॉ. आनंद रंगनाथन, आरवी सॉल्यूशंस की संस्थापक और सीईओ सुश्री वंदना सेठ और अम्बरा फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष सुश्री विनीता बख्शी शामिल थीं ।कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों की एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा से हुई। सुश्री विनीता द्वारा संचालित इस चर्चा में ''उद्यमी उद्यमों में महिलाएं'' के सूक्ष्म विषय पर गहन चर्चा की गई। प्रसिद्ध उद्यमी सायरी चालाल ने महिलाओं में इंपोस्टर सिंड्रोम की व्यापकता और

उनकी सफलता की यात्रा पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। सुश्री रश्मि सिंह ने पेशेवर क्षेत्र में अपने समृद्ध अनुभव से प्राप्त अमूल्य अंतर्दृष्टि को साझा किया, जिससे चर्चा और समृद्ध हुई ।समृद्ध पैनल चर्चा के बाद, उपस्थित लोगों को डॉ. आनंद रंगनाथन के नेतृत्व में एक प्रेरक पुस्तक चर्चा का आनंद मिला। डॉ. रंगनाथन ने अपनी पुस्तक ''हिंदू राष्ट्र में हिंदू'' से अंतर्दृष्टि के साथ दर्शकों को आकर्षित किया और युवाओं द्वारा उठाए गए प्रासंगिक प्रश्नों को जोश से संबोधित किया, उन्हें अपने काम में खोजे गए विषयों के साथ जोड़ा ।गद्य से कविता में संक्रमण करते हुए, इस कार्यक्रम ने कलात्मक क्षेत्र को अपनाया, जिसमें कवियों ने महिलाओं की समावेशिता के विषय पर भावपूर्ण छंद सुनाए। उनके शब्द गहराई से गूंजते थे, जिससे सशक्तिकरण और समानता पर चर्चा में अर्थ की एक और परत जुड़ गई ।कार्यक्रम के समापन पर एक मार्मिक खंड देखा गया, जहां महिला उद्यमियों ने अपनी व्यक्तिगत कहानियों को साझा किया, अपनी उद्यमशीलता की यात्रा की चुनौतियों और जीत पर प्रकाश डाला। अनम्ब्रा फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष सुश्री विनीता बख्शी ने कहा, ''हम विचारों और अनुभवों के इस तरह के जीवंत आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए रोमांचित हैं।'' ''आज प्रदर्शित की गई आवाज़ों और दृष्टिकोणों की विविधता एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती है जहाँ महिलाएँ उद्यमशीलता के प्रयासों में सफल हो सकती हैं।''शीस्पीक्स का 15वां संस्करण महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सहयोग, संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति की शक्ति का प्रमाण है। जैसे-जैसे इस ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का समापन हो रहा है, सशक्तिकरण और समावेशिता की गूँज गूंजती रहती है, जो एक अधिक न्यायसंगत भविष्य की ओर यात्रा को बढ़ावा देती है।शी स्पीक्स के बारे मेंआम्ब्रा द्वारा शीस्पीक्स एक सेमिनार श्रृंखला है जो महिला सशक्तिकरण के विभिन्न हितधारकों के बीच सार्थक संवाद शुरू करती है। सेमिनारों के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए दायरे और पहुंच को बढ़ाते हैं कि समाज के व्यापक स्पेक्ट्रम के माध्यम से एक महिला की आवाज सुनी जाए।आम्ब्रा फाउंडेशन के बारे मेंआम्ब्रा फाउंडेशन, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत और 80 जी अनुमोदित गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास, परामर्श, सूचना प्रसार, सेमिनार, कार्यशालाओं, अनौपचारिक शिक्षा, डिजिटल समावेशन और आजीविका के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना है। एएफ को एससीएफ-1 में सिडबी से एससीएफ ट्रॉफी मिली है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू भाजपा में शामिल

मुंबई, (भाषा) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।

वह उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत बावनकुले की मौजूदगी में सत्तारूढ़ दल में शामिल हुईं। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के लातूर के रहने वाले शिवराज पाटिल संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री थे, लेकिन 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

प्रधानमंत्री आज मेरठ में रैली को संबोधित कर चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे

मेरठ /लखनऊ (उप्र) (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को एक रैली संबोधित कर राज्य में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस रैली में मेरठ के अलावा बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। भाजपा मुख्यालय से प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को प्रधानमंत्री की रैली के समन्वय की जिम्मेदारी दी गयी है। चुनाव प्रबंधन में पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला ने

'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''प्रधानमंत्री की मेरठ रैली पश्चिमी उप्र में मील का पत्थर साबित होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) इस बार राज्य की सभी 80 सीट पर जीत हासिल करेगा।'' उत्तर प्रदेश में 80 सीट पर सभी सात चरणों में चुनाव होने हैं जिसकी शुरुआत पश्चिमी उप्र से हो रही है। पहले चरण के तहत बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। हालांकि मेरठ और बागपत में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

मेरठ से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित चौधरी ने कहा, '' यह 2024 के चुनाव की पहली रैली है। कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री क्रांति धरा मेरठ से चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं।'' मेरठ के एक अधिकारी ने बताया कि मेरठ में 31 मार्च को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली के मद्देनजर सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत रैली स्थल के आठ किमी के दायरे में हवाई प्रदर्शन, ड्रोन, पतंग या गुब्बारे उड़ाना प्रतिबंधित कर दिया है।

जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को आदेश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्रों में आदेशों का सख्ती से पालन कराएं।

मेरठ में भाजपा ने इस बार रामानंद सागर कृत धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाने के बाद विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। एक राजनीतिक जानकार ने बताया, '' अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति इसी वर्ष 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद मोदी राज्य में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत भी अरुण गोविल के क्षेत्र से कर रहे हैं, जो राम की भूमिका निभाने के बाद पूरे देश में आदर के साथ पहचाने जाते हैं।'' अरुण गोविल भी प्रधानमंत्री के मंच पर मौजूद रह सकते हैं। जाट बहुल पश्चिम उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का प्रभाव है और अभी हाल ही में रालोद भाजपा नीत राजग में शामिल हो गया।

महाशिवरात्रि पर दिल्ली के समाजसेवी बिल्डर रामनिवास गुप्ता ने भजन संध्या के साथ मनाया 75 वां जन्मदिन

नई दिल्ली। (नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो) बिगल दिनों आईटीसी मौर्या होटल_ में अपनी भारत भूमि में पूर्व जन्म के कर्मों और संस्कारों के अनुरुप परोपकारी समाजसेवी हस्तियों का जन्म होता रहता है । जिसके बाद वे किसी न किसी क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा में भी अग्रणी

देश-भर और दिल्ली प्रदेश की जानी-मानी हस्तियों ने भी समारोह में पहुंचकर दीं बी ए आई के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी रामनिवास गुप्ता को बधाईया

होकर दिखाते हैं। देश की एक ऐसी ही जानी मानी समाजसेवी, आध्यत्मिक हस्ती, सरल व्यक्तित्व के धनी, श्री राम निवास गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, बीएआई का 75 वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान शंकर और पार्वती की वैवाहिक पर्व महाशिवरात्रि के अवस[14:48, 30/03/2024] N. E Vipin Bade Sir: कार्यक्रम में नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह तथा गुरु गोविंद दर्शन पत्रिका के संस्थापक तथा भारतीय मतदाता संगठन के अध्यक्ष विपिन गुप्ता तथा वेंकटेश गुप्ता (नेशनल एक्सप्रेस समूह के सीईओ) ने श्री राम निवास गुप्ता जी को उनके द्वारा आयोजित भव्य भजन संध्या के अवसर पर अपनी हार्दिक बधाइयां दी तथा श्री बांके बिहारी जी का सुंदर चित्र भेंट कर उनके स्वास्थ्य पूर्ण जीवन की एवं मंगलमय सुखद जीवन की कामना की इस अवसर पर को _को फोम के अध्यक्ष श्री नरेश गोयल सहित दिल्ली की जानी-मानी समाजसेवी हस्तियां राजनेता तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने बधाइयां दी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।